सुप्रभात

रांची, रविवार

15.06.2025

* * नगर संस्करण। पेज :12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आषाढ़, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 330




12 भारतीय सेना को मिले 419 जांबाज अफसर

## न्यूज डायरी

### एक्सिओम-4 मिशन की लॉन्चिंग अब 19 जून को

**नयी दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य को लेकर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए बहुप्रतीक्षित एक्सिओम-4 वाणिज्यिक मिशन अब 19 जून को लॉन्च होगा। यह मिशन भारत के लिए गर्व का क्षण होगा, क्योंकि शुभांशु शुक्ला, राकेश शर्मा के बाद दूसरे भारतीय होंगे, जो अंतरिक्ष पर जायेंगे। हालांकि इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाने वाले शुभांशु शुक्ला पहले भारतीय होंगे। इससे पहले शुभांशु का एक्सिओम-4 मिशन कई बार टल चुका है।

### ईडी ने 42.85 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की

**रांची।** ईडी ने पेयजल घोटाले में संतोष कुमार की 42.85 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की है। पेयजल विभाग ने दो करोड़ की फर्जी निकासी के मामले में लिपिक संतोष कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी। ईडी की ओर से जब्त संपत्ति संतोष कुमार और उसकी पत्नी ललिता देवी के नाम पर है। जब्त की गयी 42.85 लाख रुपये की संपत्तियों में बैंक में जमा राशि, म्युचुअल फंड, बीमा और शेयर के रूप में किया गया निवेश शामिल है।

### खूंटी से 1.48 करोड़ का अफीम-डोडा बरामद

**खूंटी।** बेड़ाहातु गांव के पास निर्माणाधीन पुल के पास शुकवार की देर रात पुलिस ने छापेमारी कर एक करोड़ 48 लाख 65 हजार रुपये मूल्य का अफीम-डोडा बरामद किया है। ट्रैक्टर पर लदे डोडा का वजन 991.01 किलोग्राम है। पुलिस ने बताया कि ट्रैक्टर में डोडा लदे होने की सूचना 13 जून की देर रात मिली थी।

### ईरान में भारतीयों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने ईरान में भारतीय नागरिक और भारतीय मूल के लोगों को मदद के लिए भारतीय दूतावास के आपातकालीन नंबरों +98 9128109115 और +98 9128109109 पर संपर्क करने को कहा है। दूतावास ने सभी भारतीय लोगों को सतर्क रहने, अनावश्यक गतिविधियों से बचने, दूतावास के सोशल मीडिया अकाउंट को फॉलो करने और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने का आग्रह किया है।

### विमान हादसे में लड्डू गोपाल सुरक्षित मिले



**अहमदाबाद।** विमान हादसे से पूरा देश जहां शोक में डूबा है, वहीं मलबे से आस्था का एक ऐसा चमत्कार सामने आया जिसने लोगों को भावुक कर दिया। बचाव दल को विमान के जले हुए टुकड़ों के बीच भगवान श्रीकृष्ण के बालरूप लड्डू गोपाल की एक मूर्ति पूरी तरह सुरक्षित हालत में मिली। वीडियो देखने के बाद लोग इसे आस्था की जीत मान रहे हैं। इससे पहले भी जलते विमान के अंदर भगवद् गीता की एक प्रति भी मलबे से सही-सलामत मिली थी।

### एनटीए ने नीट-यूजी 2025 परीक्षा के नतीजे जारी किये

# राजस्थान के महेश केसवानी को शीर्ष रैंक, हिमांशु झारखंड टॉपर

**प्रवेश परीक्षा परिणाम**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को नीट यूजी 2025 के नतीजे घोषित कर दिए। राजस्थान के हनुमानगढ़ के रहने वाले महेश केसवानी ने 720 में से 686 अंक हासिल कर देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। इस परीक्षा में मध्य प्रदेश के इंदौर के उत्कर्ष अवधिया ने सेकेंड रैंक और महाराष्ट्र के कृषांग जोशी ने तीसरा रैंक हासिल किया है, जबकि झारखंड के हिमांशु को 134वां रैंक मिला है। वे इस रैंक के साथ झारखंड टॉपर बने हैं। इस बार परीक्षा में पूरे देश के 20 लाख से ज्यादा छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 12.36 लाख स्टूडेंट्स क्वालिफाई हुए हैं।

नीट यूजी 2025 का रिजल्ट फाइनल आंसर की के साथ वेबसाइट पर उपलब्ध है। उम्मीदवार लॉगिन आइडी की मदद से विषयवार अंक, कुल स्कोर, प्रतिशत रैंक और अपनी योग्यता स्थिति वेबसाइट पर देख सकते हैं। एनटीए जल्द ही एमबीबीएस और बीडीएस में दाखिले के लिए जरूरी कट-ऑफ अंक भी जारी कर सकता है। पिछले साल, सामान्य श्रेणी के लिए कट-ऑफ 50 प्रतिशत था, जबकि ओबीसी, एससी और एसटी वर्ग के लिए यह 40 प्रतिशत था। इस साल की कट-ऑफ भी ऑल इंडिया मेरिट लिस्ट में मिले उच्चतम अंकों के आधार पर तय की जायेगी। नीट यूजी 2025 में पास होने वाले छात्र एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य स्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रमों के लिए होने वाली केंद्रीकृत काउंसलिंग में शामिल होने के योग्य होंगे।

**पिछले साल से घट गया कट-ऑफ :** 2024 में अनारक्षित कैटेगरी के लिए कट-ऑफ स्कोर 162 था, जो इस साल घटकर 144 हो गया। बीते साल ऑल इंडिया रैंक-1 पर 17 स्टूडेंट्स थे। इन सभी ने 720 में से 720 स्कोर किए थे। इस साल मुश्किल पेपर की वजह से टॉपर का स्कोर और कट-ऑफ नीचे आ गया है।

### आर्ट्स लेकर यूपीएससी करना चाहते थे महेश



**ऑल इंडिया रैंक-1** हासिल करने वाले हनुमानगढ़ के महेश केसवानी ने बताया कि 10वीं के बाद वो आर्ट्स लेकर यूपीएससी की तैयारी करना चाहते थे। मगर एक टीचर के समझाने से उन्होंने साइंस ली और नीट की तैयारी करने लगे। उनकी इस सफलता ने न सिर्फ उनके परिवार और गांव को गर्व महसूस कराया है, बल्कि यह सीकर के लिए भी एक और बड़ी उपलब्धि है।

### एमपी के उत्कर्ष सेकेंड महाराष्ट्र के कृषांग थर्ड



इंदौर के उत्कर्ष अवधिया ने सेकेंड और महाराष्ट्र के कृषांग जोशी ने तीसरा रैंक हासिल किया है। टॉप 10 में केवल एक लड़की है। दिल्ली की अविका अग्रवाल को फीमेल कैटेगरी में पहला स्थान मिला है।

### ब्रदर्स एकेडमी के हिमांशु 134वें रैंक के साथ बने झारखंड के टॉपर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** ब्रदर्स एकेडमी के हिमांशु नीट-यूनी 2025 की प्रवेश परीक्षा में झारखंड टॉपर बने हैं। उन्हें ऑल इंडिया रैंक 134 हासिल हुआ है। हिमांशु का मानना है कि एक औसत छात्र भी अपने दृढ़ संकल्प, आत्मबल, धैर्य और सघन परिश्रम के बल पर अपना एमबीबीएस करने का सपना पूरा कर सकता है। संस्थान के निदेशक पारस अग्रवाल, प्रेम प्रसून और शुभेन्दु शेखर ने कहा कि एक बार फिर हमारे छात्रों की सफलता ने ऐकेडमी का गौरव बढ़ाया है।



निदेशकों ने छात्रों की सफलता पर बधाई देते हुए आगे की जीवनयात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। संस्थान के सफल छात्रों के अभिभावकों ने सफलता के लिए छात्रों के अथक परिश्रम और एकेडमी के शिक्षकों को दिया है।

# विस्फोट में सीआरपीएफ जवान शहीद राज्यपाल और सीएम ने दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**चाईबासा।** नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान नक्सलियों ने शनिवार को सुरक्षा बलों को निशाना बनाते हुए आईईडी ब्लास्ट किया, जिसमें सीआरपीएफ 134 बटालियन के सत्यवान कुमार सिंह शहीद हो गये। जवान को इलाज के लिए ओड़िशा के राउरकेला अस्पताल भेजा गया। वहीं इलाज के दौरान जवान ने दम तोड़ दिया। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने जवान के शहादत की पुष्टि की।

प. सिंहभूम पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ सारंडा के बीहड़ जंगलों में नक्सल विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में झारखंड एवं ओड़िशा के सीमावर्ती क्षेत्र के राउरकेला जिला के बोलांग थानान्तर्गत में अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में ये हादसा सुबह 6.30 बजे हुआ। नक्सलियों के खिलाफ अभियान अब भी जारी है।



इधर शहीद जवान का पार्थिव शरीर रांची लाया गया। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को सेक्टर-2, धुर्वा के 133 बटालियन स्थित शहीद स्मारक उद्यान पहुंचकर शहीद जवान सत्यवान कुमार सिंह के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

### विनय चौबे की याचिका पर 20 जून को सुनवाई

**रांची।** झारखंड शराब घोटाला के आरोपी व राज्य के वरीय आइएएस अधिकारी विनय चौबे की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में 20 जून को सुनवाई होगी। शुक्रवार को उनके केस की सुनवाई होनी थी और उनका मामला हाईकोर्ट में सूचीबद्ध भी था, लेकिन समय के अभाव के कारण उनके केस की सुनवाई नहीं हो पाई। जिसके बाद हाईकोर्ट में उनकी याचिका पर अगली सुनवाई की तिथि 20 जून मुकर्रर की गई है। विनय चौबे की याचिका पर जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट में सुनवाई होगी। विनय चौबे ने हाईकोर्ट में उनके खिलाफ एसीबी द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी व कार्रवाई को निरस्त करने और एसीबी द्वारा उनकी गिरफ्तारी करने को चुनौती देते हुए याचिका दाखिल की है।

### विजिलेंस क्लीयरेंस इंफोरमेशन सिस्टम को मंजूरी

# झारखंड में कर्मियों को प्रमोशन मिलने में अब नहीं होगा विलंब

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने सरकारी कर्मियों की पदोन्नति प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी और तेजी से पूरा करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। अब ऑनलाइन निगरानी स्वच्छता प्रमाण पत्र की व्यवस्था शुरू की गई है, ताकि प्रमोशन प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब नहीं होगा। कार्मिक विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में सभी विभागों को इस सिस्टम को लागू करने के निर्देश दिया गया है।

**विजिलेंस क्लीयरेंस इंफोरमेशन सिस्टम :** कार्मिक विभाग ने विजिलेंस क्लीयरेंस इंफोरमेशन सिस्टम विकसित किया है।

**ऑनलाइन प्रमाण पत्र:** इस प्रणाली के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2025-26 से ऑनलाइन निगरानी स्वच्छता प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाएगा।

**क्या होगी पदाधिकारियों और विभाग की जिम्मेवारी**

**पदाधिकारियों की जिम्मेदारी :** पदाधिकारियों का यह कर्तव्य होगा कि वे अपनी पदस्थापन संबंधी विवरणी को एचआरएमएस में अद्यतन रखें।

**विभाग की जिम्मेदारी :** विभाग का भी यह दायित्व होगा कि वे अपने पदाधिकारियों की पदस्थापन संबंधी विवरणी को इस प्रणाली में अद्यतन कराएं।

### आइएएस बाघमारे प्रसाद लगे आरोपों की फाइल सरकार ने की क्लोज

**रांची।** राज्य सरकार ने आईएएस अधिकारी बाघमारे प्रसाद कृष्ण के खिलाफ लगे आरोपों की फाइल बंद कर दी है। बाघमारे पर अनाधिकृत रूप से ड्यूटी से गायब रहने का आरोप था। बाघमारे प्रसाद कृष्णा पर अनाधिकृत रूप से सेवा से अनुपस्थित रहने का आरोप था। इस मामले में विभागीय कार्यवाही संचालित की गई यी थी और जांच रिपोर्ट कार्मिक विभाग को सौंपी गई थी। इसके बाद राज्य सरकार ने भारत सरकार को बाघमारे कृष्णा प्रसाद के डीम्ड रेजिगनेशन का प्रस्ताव भेजा था, लेकिन भारत सरकार ने इसे स्वीकार नहीं किया।

### आज से पीएम मोदी तीन देशों की यात्रा पर

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के निमंत्रण पर 15 से 16 जून को साइप्रस की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। अपनी यात्रा के दूसरे चरण में, कनाडा के पीएम के निमंत्रण पर मोदी जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के कनाडा जायेंगे। 18 को पीएम मोदी क्रोएशिया की यात्रा करेंगे।

# 11 सदस्यीय हाइलेवल कमिटी करेगी विमान हादसे की जांच

### 11 शवों की पहचान, 275 पहुंची मृतकों की संख्या

**विमान हादसा**

एजेंसी

**अहमदाबाद/नयी दिल्ली।** एयर इंडिया के बोइंग-787-8 ड्रीमलाइनर विमान हादसे की जांच के लिए 11 सदस्यीय एक हाई लेवल कमेटी का गठन किया गया है। जांच कमेटी की अध्यक्षता गृह सचिव गोविंद मोहन करेंगे। समिति दुर्घटना के कारणों का पता लगाने और भविष्य में एविएशन सेक्टर को सुरक्षित करने के लिए सुझाव देगी। हादसे की जांच रिपोर्ट 3 महीने में आयेगी। वहीं मामले की तकनीकी जांच एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआइबी) ही करेगा। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने शनिवार को नयी दिल्ली में पत्रकार वार्ता में ये जानकारी दी। उन्होंने कहा, प्लेन का ब्लैक बॉक्स मिल चुका है। ब्लैक बॉक्स की डिकोडिंग के बाद प्लेन क्रैश होने से कुछ क्षण पहले क्या हुआ था और हादसे के कारणों का भी पता लगेगा।

**जांच कमेटी की सोमवार को बैठक :** कमिटी में कोई भी मेंबर जाइंट सेक्रेटरी रैंक से कम का नहीं होगा। कमिटी की सोमवार को मीटिंग होगी। उम्मीद है कि कमिटी अपनी रिपोर्ट तीन महीने में सौंप देगी। कमिटी हादसों के कारणों का पता लगाने समेत मौजूदा एसओपी और भविष्य में देश के एविएशन सेक्टर को और अधिक सुरक्षित करने के लिए इंटरनेशनल प्रैक्टिस को ध्यान में रखते हुए क्या किया जा सकता है, इसकी पहल करेगी।

**मरने वालों का आंकड़ा 275 पहुंचा :** एयर इंडिया के विमान हादसे में मरने वालों का आंकड़ा 275 पहुंचा गया है। शवों को रखने के लिए 170 ताबूत का ऑर्डर दिया गया। बड़ोदरा के शख्स ने बताया कि एअर इंडिया के मैनेजर ने फोन कर ताबूतों का ऑर्डर दिया। अहमदाबाद सिविल अस्पताल में अब तक 270 शव लाये गये हैं।

इधर एयर इंडिया अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मृतकों के परिजन और घायलों को वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए तत्काल 25-25 लाख रुपये का अंतरिम भुगतान करेगी। एयर इंडिया ने कहा कि यह राशि कंपनी द्वारा पहले से घोषित एक करोड़ रुपये की सहायता के अतिरिक्त है।

### सभी एंगल से हादसे की जांच की जायेगी

नायडू ने कहा कि देश में बहुत सख्त एयर सेफ्टी स्टैंडर्ड और मजबूत प्रोटोकॉल हैं लेकिन फिर भी सुरक्षा को और बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। जांच में प्लेन की पावर फेल, मेकेनिकल फेलियर, इंसानी गलती और मौसम समेत हादसा होने के कारणों में और जो भी आशंका हो सकती है, उन सभी की जांच की जाएगी।

**इजराइल का ईरान पर बड़ा हमला**

# अयातुल्ला शासन के हर ठिकाने को निशाना बनायेंगे : नेतन्याहू

एजेंसी

**जेरूसलम।** इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार को एक कड़ा संदेश देते हुए कहा कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को इजराइल ने वर्षों पीछे धकेल दिया है और आने वाले दिनों में इससे भी भारी हमले किए जाएंगे।

नेतन्याहू ने एक वीडियो संदेश में कहा, हम अयातुल्लाओं की शासन व्यवस्था के हर ठिकाने और हर लक्ष्य को निशाना बनाएंगे। उन्होंने अब तक जो कुछ महसूस किया है, वह उस प्रहार की तुलना में कुछ भी नहीं है जो आने वाले दिनों में होगा। उन्होंने यह भी कहा कि इजराइली सेना अब ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल निर्माण क्षमता को भी खत्म कर रही है।

नेतन्याहू का यह बयान ऐसे समय आया है जब इजराइल और ईरान के बीच तनाव अपने चरम पर है। हाल ही में इजराइल ने ईरान के कई सैन्य और परमाणु ठिकानों पर व्यापक हवाई हमले किए थे, जिनमें कई वरिष्ठ वैज्ञानिक और सैन्य अधिकारी मारे गए।

इजराइल का दावा है कि यह कार्रवाई ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से रोकने के उद्देश्य से की गई है।

### नेतन्याहू ने मोदी को ईरान पर हमले की दी जानकारी



**नयी दिल्ली।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को टेलीफोन पर ईरान पर हमले और वहां की स्थिति की जानकारी दी। श्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट में बताया, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन आया। उन्होंने मुझे उभरती हुई स्थिति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा, मैंने भारत की चिंताओं को साझा किया और क्षेत्र में शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली की आवश्यकता पर जोर दिया।

### चोकर्स का टैग खत्म कर दक्षिण अफ्रीका ने जीता आइसीसी खिताब

**लॉर्ड्स।** आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लूटीसी) फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने अपने नाम से चोकर्स का टैग हटा दिया। ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर जीत दर्ज करने के साथ ही दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने 27 साल पुराना आईसीसी ट्रॉफी जीतने का सपना अब पूरा कर लिया है। दक्षिण अफ्रीका पुरुष टीम ने 3 आइसीसी टूर्नामेंट के फाइनल मैच खेले हैं। पहला फाइनल 1998 में खेला और जीत हासिल की। उस समय चैंपियंस ट्रॉफी को आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी के नाम से जाना जाता था। इसके बाद अफ्रीका को टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में भारत से हार मिली थी। अब अफ्रीका ने 2025 में अपना तीसरा आईसीसी फाइनल खेला और इसे जीत लिया। दक्षिण अफ्रीका मेंस टीम के बार-बार सेमीफाइनल और नॉकआउट चरण में हारकर बाहर हो जाने के चलते उन्हें चोकर्स का टैग मिला था। इसके बाद अफ्रीका के ऊपर बड़े मंच पर दवाब में बिखरने का ठप्पा लग गया। अब जाकर दक्षिण अफ्रीका ने अपने ऊपर लगे इस चोकर्स के टैग को हटा दिया है।

## कार्टून कोना




### झारखंड में पहली बार क्रेता-विक्रेता मीट- 2025 का आयोजन

# अगले 10 साल में जैविक उत्पाद के बाजार में 20 प्रतिशत का ग्रोथ संभव : शिल्पी नेहा तिर्की

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में पहली बार जैविक उत्पाद को बढ़ावा देने और बाजार उपलब्ध कराने की सोच के साथ क्रेता-विक्रेता मीट-2025 का आयोजन किया गया। ओफाज के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में केन्या के साथ-साथ भारत के कई राज्यों की कंपनियों के प्रतिनिधियों ने इसमें हिस्सा लिया। क्रेता-विक्रेता मीट- 2025 का उद्घाटन कर राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि देश में जैविक उत्पाद का बहुत बड़ा बाजार है। अगले 10 वर्षों में जैविक बाजार में 20 प्रतिशत तक के ग्रोथ की संभावना है। ओफाज ने झारखंड के जैविक उत्पादों को खरीदारों से जोड़ने का प्लेटफॉर्म मुहैया कराया है। इसमें क्रेता-विक्रेता और सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका है। झारखंड जैसे राज्य जहां 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है, वहां जैविक खेती की अपार संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। क्रेता-बिक्रेता मीट- 2025 का आयोजन जैविक उत्पाद की वर्तमान स्थिति, चुनौती और बाजार को समझने के साथ भविष्य की योजना तैयार करना है।



### 12 उप परियोजना निदेशक को मिला चयन पत्र

क्रेता-विक्रेता मीट में कृषि मंत्री ने आत्मा के अंतर्गत संविदा आधारित 12 उप परियोजना निदेशक को चयन पत्र दिया। चयन पत्र पाने वालों में मोहम्मद जावेद इस्लाम, चंद्रमोली, बबलू सिंह, रमेश कुमार, शमीम अंसारी, अमिताभ माझी, मोतीलाल, दिनेश कुमार रजवार, संधीर कुमार खलखो, कंचन कुमार सुमन, नीरा साबित जोजो और जीतवाहन मुर्मू है। उप परियोजना निदेशक के आने से कृषि क्षेत्र में उन्नत तकनीक की जानकारी किसानों को उपलब्ध हो पाएगी।

### दुनिया के लोगों से शांति के लिए भूमिका निभाने का आह्वान

# शांतिपूर्ण दुनिया की स्थापना के लिए तत्काल कदम उठाना जरूरी: गुटेरेस

- 21 सितंबर को मनाया जायेगा अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस

एजेंसी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने दुनिया के लोगों से शांति के लिए अपनी भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए **'शांतिपूर्ण दुनिया के लिए अभी उठाएं कदम'** का नारा दिया है।

श्री गुटेरेस ने शांति दिवस की तैयारियों को लेकर शनिवार को एक संदेश में विश्व के लोगों से इस सौ दिन की अवधि में दुनिया को और अधिक शांतिपूर्ण बनाने के लिए अपना व्यक्तिगत योगदान करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा है कि शांति की शुरूआत स्वयं से की जाती है। महासचिव ने कहा कि हम सभी में वह शक्ति है जिससे हम तोपों को शांत करने में, संबंधों को जोड़ने में और स्थायी परिवर्तन लाने में अपनी भूमिका अदा कर सकते हैं। उन्होंने कहा, अब जब कि हम 100 दिन बाद शांति दिवस मनाने की तैयारी में हैं, हमें विश्व के विस्तार के लिए अपनी भूमिका निभानी है।



गौरतलब है कि शांति दिवस संयुक्त राष्ट्र शांति निर्माण आयोग की स्थापना के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। आयोग इस साल स्थापना की 20वीं वर्षगांठ मना रहा है। संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों ने 20 साल पहले विश्व शिखर सम्मेलन में संघर्ष के बाद देशों को उबरने और पुनर्निर्माण में मदद करने के लिए शांति निर्माण आयोग की स्थापना की थी।

### स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने बाबूलाल मरांडी पर कसा तंज, कहा

# आप और आपकी पार्टी तो भ्रष्टाचार की जननी है

### मैं आपकी आंखों का इलाज करूंगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के द्वारा रिम्स की दुर्दशा पर दिए गए बयान पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने तंज कसा है। बाबूलाल से कहा कि भ्रष्टाचार की जननी तो आप और आपकी पार्टी है। हम जैसे बेदाग और जमीन पर काम करने वाले लोगों पर आप उंगली उठाते हैं। यह हैरान करने वाला नहीं, बल्कि शर्मनाक है। आपकी सोच पर वाकई अफसोस होता है।

**....तो आपको मिर्ची क्यों लग रही :** स्वास्थ्य मंत्री ने सोशल मीडिया में आगे लिखा है कि जब मैं झारखंड के स्वास्थ्य तंत्र में जमीनी बदलाव कर रहा हूं, रिम्स-2 जैसी आधुनिक चिकित्सा संस्थान की नींव रख रहा हूं, तो आपको मिर्ची क्यों लग रही है? विकास में रोड़ा क्यों बन रहे हैं? क्या आप नहीं चाहते कि झारखंड की जनता को बेहतर इलाज मिले? या फिर डर है कि आपकी झूठ और ठगी की राजनीति का पदार्फाश हो जाएगा?

**जब सत्ता में थे तो क्या आपकी आंखें बंद थीं :** इरफान ने कहा कि 18 साल तक जब सत्ता आपके पास थी, तब क्या आपकी आंखें बंद थीं? तब रिम्स की गिरती दीवारें और टपकती छतें नहीं दिखती थीं? अब सुनिए, आज झारखंड का स्वास्थ्य मंत्री एक डॉक्टर है। बढ़ती उम्र के साथ आपकी आंखों की रोशनी भले कम हो गई हो, मगर मैं आपकी आंखों का इलाज करूंगा, ताकि रिम्स-2 आपको साफ-साफ दिखे।

**रघुवर दास को छत्तीसगढ़ से लाकर झारखंड में बिठा दिए :** आप लोग पहले रघुवर दास को छत्तीसगढ़ से लाकर झारखंड में बिठा दिये। कितनी मुश्किल से सरयू रॉय की मदद से उन्हें उड़ीसा वापस भेजा गया, बट नो! आप फिर उन्हें वापस ले आये। अब आप ही बताइये, हम जनता का इलाज करें या बार-बार आप नेताओं का ही इलाज करते रहें? आपको जान लेना चाहिये कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में रिम्स का री-डेवलपमेंट और रिम्स-2 का निर्माण तेजी से हो रहा है।

## पहले मौजूदा रिम्स की हालत सुधारें, फिर नये रिम्स की दिशा में कदम बढ़ायें : बाबूलाल मरांडी

### नेता प्रतिपक्ष ने रिम्स की हालत पर खड़े किये सवाल, सीएम से सोशल मीडिया पर आग्रह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने रिम्स की हालत पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने सीएम से कहा है कि पहले मौजूदा रिम्स की हालत सुधारें, फिर नए रिम्स के निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाएं। सोशल मीडिया पोस्ट में आगे लिखा है कि राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स के जर्जर भवन लगातार दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं। दीवारों से गिरता प्लास्टर, दरारें और जलजमाव न केवल मरीजों, बल्कि डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की जान को भी खतरे में डाल रही हैं। हाल ही में एमजीएम अस्पताल, जमशेदपुर में हुई दुर्घटना के बावजूद राज्य सरकार ने इससे कोई सबक नहीं लिया है।

**स्वास्थ्य मंत्री ने रिम्स को बना दिया है भ्रष्टाचार का अड्डा :** बाबूलाल मरांडी ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी और विभाग के अपर मुख्य सचिव को भी निशाने पर लिया है। कहा है कि स्वास्थ्य मंत्री और विभागीय सचिव ने रिम्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थान को राजनीति और भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया है। मुख्यमंत्री से आग्रह है कि रिम्स की बदतर स्थिति को सुधारने का प्रयास करें

झारखंड की जनता को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं देना हमारा संकल्प है और यह संकल्प हर हाल में पूरा होगा। विकास का मजा लीजिये और बयानबाजी बंद कीजिये।

### देशभर से लाखों बजरंगी पहुंचेंगे बाबा बूढ़ा अमरनाथ चप्तानी : रंगनाथ महतो

**रांची।** बजरंग दल झारखंड प्रांत की वर्चुअल बैठक शनिवार को संपन्न हुई। बैठक में सभी जिलों से जिला मंत्री, जिला संयोजक, जिला टोली एवं बजरंग दल प्रांत टोली के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में आगामी माह में हो रहे बजरंग दल की साहसिक यात्रा कार्यक्रम के तहत बाबा बूढ़ा अमरनाथ चप्तानी यात्रा तथा सेवा सप्ताह की चर्चा हुई। जहां देशभर के लाखों बजरंगी अपने सर पर कफन बांधकर पहुंचेंगे। बैठक को बजरंग दल के प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो ने संबोधित करते हुए बाबा बूढ़ा अमरनाथ यात्रा में जाने वालों की संख्या तथा सेवा सप्ताह के तहत दिनांक एक जुलाई से सात जुलाई तक वृक्षारोपण, सेवा बस्ती में मेडिकल कैंप तथा हिन्दू युवाओं को स्वावलंबी बनाने हेतु स्वरोजगार ट्रेनिंग कैंप लगाने की योजना बताई।

## झारखंड की चार विवि में वीसी नियुक्ति को सर्च कमेटी गठित

### एनटीए के चेयरमैन प्रदीप जोशी होंगे कमेटी के अध्यक्ष, आदेश जारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यपाल संतोष गंगवार ने राज्य के चार यूनिवर्सिटी में वाइस चांसलर(कुलपति) की नियुक्ति के लिए सर्च कमेटियों का गठन कर दिया है। राजभवन सचिवालय ने इसका आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी(एनटीए) के चेयरमैन प्रदीप जोशी सर्च कमेटी के अध्यक्ष होंगे। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव राहुल पुरवार सरकार के प्रतिनिधि होंगे। चारों यूनिवर्सिटी के लिए गठित अलग-अलग कमेटियों में यूजीसी और अन्य संस्थानों के प्रतिनिधि सदस्य बनाये गये हैं।

**इन यूनिवर्सिटी के लिए कुलपति का होगा चयन :** रांची विश्वविद्यालय, जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय, वीर बुधु भगत विश्वविद्यालय और झारखंड ओपेन यूनिवर्सिटी के लिए वीसी की तलाश की जा रही है।

**क्या होगी आगे की प्रक्रिया**

अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही सर्च कमेटी की बैठक की तिथि तय कर दी जाएगी। सर्च कमेटी ही कुलपतियों की नियुक्ति के लिए उम्मीदवारों का चयन करेगी

**क्या है चारों यूनिवर्सिटी की वर्तमान स्थिति :** रांची विश्वविद्यालय, वीर बुधु भगत विश्वविद्यालय और झारखंड ओपेन यूनिवर्सिटी के कुलपतियों का कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है। वहीं जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के कुलपति अतिरिक्त प्रभार में हैं।

# सीएम से मिलीं एसकेएमयू दुमका की पूर्व वीसी डॉ सोनाझारिया मिंज

### सीएम ने डॉ मिंज को दी यूनेस्को की को-चेयर पर्सन नियुक्त होने पर बधाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सिदो-कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका की पूर्व कुलपति डॉ सोनाझारिया मिंज ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डॉ सोनाझारिया मिंज को यूनेस्को की को-चेयर पर्सन नियुक्त होने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि डॉ सोनाझारिया मिंज यूनेस्को की सह-अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हुए आदिवासी भाषा, संस्कृति, विरासत जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को मजबूती प्रदान करेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं समस्त झारखंडवासी एवं विशेष तौर पर आदिवासी समुदाय की ओर से आपको शुभकामनाएं देता हूं। यह राज्य के आदिवासी समुदायों के लिए बहुत गर्व की बात है कि आपके द्वारा किए जाने वाले कार्य से आदिवासी समुदाय के मुद्दे, उनके आत्मनिर्णय के अधिकार एवं ज्ञान प्रणाली को वैश्विक मंच प्रदान होगा।

# वोटरों को अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर करें लिस्टिंग : के रवि कुमार

### मतदान केंद्रों पर अधिकतम वोटरों की संख्या 1200 के अंदर होगी सुव्यवस्थित

वोटरों को अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर करें लिस्टिंग : के रवि कुमार

सीईओ की सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी के साथ बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्पष्ट निर्देश प्राप्त है कि सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए अधिकतम मतदाताओं की संख्या 1200 के अंदर ही सुव्यवस्थित करनी है। इस कारण राज्य में मतदान केंद्रों की संख्या में वृद्धि होगी। इसके लिए नए मतदान केंद्र बनाए जाएंगे, साथ ही उक्त मतदान केंद्रों के लिए नए बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर भी नियुक्त किए जायेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शनिवार को निर्वाचन सदन से सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीसी एवं उप जिला निर्वाचन पदाधिकारी के साथ ऑनलाइन माध्यम से बैठक कर रहे थे।

**मतदान केंद्रों के लिए की-मैप भी कर लें तैयार**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी से कहा है कि मतदाताओं को अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर सूचीबद्ध करें। इस हेतु पदाधिकारी अपने जिले के सभी मतदान केंद्रों के लिए नजरी-नक्शा, गुगल अर्थ व्यू मैप एवं की-मैप भी तैयार करा लें। आगामी मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम के पूर्व संशोधन गतिविधि के लिए सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी अपने स्तर पर तैयारी कर लें। त्रुटि रहित मतदाता सूची बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शों का अनुपालन करते हुए ससमय कार्यों का निष्पादन करें।

## 22 जून को बलिदान दिवस होगा ऐतिहासिक : सुदेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### कांके व ओरमांझी में आजसू की तैयारी बैठक

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो 22 जून को आयोजित बलिदान दिवस की तैयारी में लगे कार्यकताओं का उत्साह बढ़ाने में स्वयं जुट गए हैं। उन्होंने आज अपने बुकरू स्थित आवास में कांके विधानसभा और कल देर रात ओरमांझी में कार्यकताओं के साथ बैठक की। श्री महतो ने कहा कि आगामी 22 जून को रांची में आयोजित बलिदान दिवस ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि शहीदों के बलिदान और आंदोलनकारियों के संघर्ष की बदौलत झारखंड बना है।

बैठक को मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर, युवा नेता संजय मेहता आदि ने भी संबोधित किया।

श्री महतो कहा कि कार्यकर्ता प्रत्येक पंचायत और ग्राम का दौरा कर लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान हालात में राज्य की राजनीतिक दिशा ठीक नहीं हैं। राज्य में भ्रष्टाचार और लुट का बाजार गर्म है। जनसमस्याओं का समाधान करने में पदाधिकारियों की रुचि नहीं दिखती। युवाओं को रोजगार का सपना दिखाकर हेमंत सरकार सो गई है। ऐसे माहौल में आजसू पार्टी सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाएगी।

कांके विधानसभा की बैठक में रांची जिला कार्यकारी अध्यक्ष हकीम अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष लाल अमन शाहदेव, जिला परिषद सदस्य रामजीत गंझू, पार्वती देवी, सत्यनारायण मुंडा, नागेश्वर महतो, रूपलाल महतो, संजीव महतो, अभिषेक राज हेरेंज, मीना देवी, सूरज मिश्र, मोजिबुल रहमान, किशोर महतो, विकास चौहान, रामविलास गोप, शत्रुघ्न महतो, राजेश उरांव, रूपाश्री गाड़ी, कमला देवी, अजीत कश्यप, मनोज महतो, सचिन महतो, दीपक दुबे आदि उपस्थित थे।

## उच्च शिक्षा क्षेत्र की गुणवत्ता के साथ झारखंड के जमीन मामलों के समाधान में भी राज्यपाल से आशा : बंधु तिर्की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर के साथ राज्य के पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की शनिवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मिले। इस दौरान उन्होंने कहा है कि झारखण्ड में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और सभी विश्वविद्यालयों तथा उसके तहत अंगीभूत महाविद्यालयों में पठन-पाठन की स्थिति में सुधार और प्रशासनिक व्यवस्था को बेहतर करने के मामले में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बहुत अधिक आशा है।

शनिवार को राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात करने के बाद श्री तिर्की ने कहा कि श्री गंगवार ने झारखण्ड के बेहद गंभीर जमीन संबंधी मामलों में समाधान की पहल करने और इस संदर्भ में सरकार को निर्देशित करने का आश्वासन दिया है। श्री तिर्की के साथ मुलाकात के दौरान प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजाद अनवर भी साथ थे।

# भाषा के नाम पर राज्य की जनता को लड़वा रही राज्य सरकार: अमित मंडल

### सरकार की मंशा बेरोजगारों को नौकरी देने की नहीं है

### यह अबुआ सरकार नहीं बबुआ सरकार है

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



रांची। प्रदेश भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक अमित मंडल ने कहा कि हेमंत सरकार भाषा के नाम पर राज्य की जनता को लड़वा रही है। हेमंत सरकार की मंशा नहीं है कि राज्य के बेरोजगार युवाओं को नौकरी मिले। यह सरकार अबुआ नहीं बबुआ सरकार है।

भाषा और पहचान से हेमंत सरकार ने खिलवाड़ किया है। वे शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड की मूल संस्कृति, भाषाओं और जनजातीय पहचान को खत्म करने की साजिश हेमंत सरकार कर रही है।

**स्थानीय भाषाओं को किया गया नजरअंदाज :** मंडल ने कहा कि झारखंड की स्थानीय भाषाओं को नजरअंदाज कर हटाया गया। खूंटी से मुंडारी,पलामू-गढ़वा से भोजपुरी, गोड्डा से अंगिका और कुड़ुख, जनगणना फॉर्म से इन भाषाओं को बिना जनसंख्या गणना क्यों हटाया गया। भाजपा किसी भाषा के विरोध में नहीं, लेकिन अंगिका, भोजपुरी और मुंडारी जैसी भाषाओं को हटाने के इस कृत्य का हम कड़ा विरोध करते हैं।

**अंगिका को क्षेत्रीय भाषा क्यों नहीं माना जा रहा :** उन्होंने कहा कि अंगिका में शपथ लेने वाले विधायक और मंत्री मौजूद हैं, तो फिर अंगिका को क्षेत्रीय भाषा में क्यों नहीं माना जा रहा? 2016 के जेटेट में अंगिका थी, फिर अब क्यों नहीं? गोड्डा की जनता को अपमानित करने के उद्देश्य से अंगिका को परीक्षा से हटाया गया।

हेमंत सरकार जेटेट को जानबूझकर उलझा रही है, ताकि बहाना बनाकर युवाओं को नौकरी से वंचित किया जा सके। अमित मंडल ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि भाषाओं के साथ यह अन्याय जारी रहा तो भाजपा और जनजातीय समाज मिलकर सड़क से लेकर विधानसभा तक जनआंदोलन चलाएंगे।

**मंत्री विधायक और सांसद से किया सवाल :** सत्ता पक्ष के मंत्री-विधायक एवं सांसद से पूछा कि मंत्री राधाकृष्ण किशोर बतायें कि पलामू-गढ़वा में मगही बोली जाती है या नहीं? अंगिका में शपथ लेने वाली दीपिका पांडे सिंह को पता नहीं की गोड्डा में अंगिका भी बोली जाती है। मंत्री संजय यादव को भी नहीं पता क्या की गोड्डा में अंगिका बोलने वालों की बहुलता है। सांसद कालीचरण मुंडा बताएं कि खूंटी में मुंडारी बोली जाती है या नहीं, यदि हां तो उसे हटाया क्यों गया?

## खबर एक नजर में

### 148 कोल्ड रूम के संचालन में एसएचजी, बोर्ड निगम, शैक्षणिक संस्थानों से मदद लेगी सरकार

**रांची।** राज्य के विभिन्न हिस्सों में लैम्पस, पैक्सों में 30 एमटी (मीट्रिक टन) क्षमता का 105 कोल्ड रूम बनाया गया है। साथ ही 5 एमटी क्षमता का समय ऊर्जा से चलने वाला 43 मिनी कोल्ड रूम भी तैयार है। इसके संचालन के लिए योग्य एजेंसी के अलावा शैक्षणिक संस्थानों, एसएचजी ग्रुप और अन्य पर भी सरकार की नजर है। इसके लिए निबंधक, सहयोग समितियां, झारखंड (कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग) ने सूचना भी जारी की है। बताया है कि कुल 148 कोल्ड रूम के जरिए फल, फूल, सब्जी एवं अन्य सामग्रियों का भंडारण किया जाता है। इन कोल्ड रूम के सफल संचालन, रख- रखाव एवं प्रबंधन के लिए राज्य के ही इच्छुक लैम्पस, पैक्स, एफपीओ, एसएचजी, सरकार, बोर्ड, निगम, अनुसंधान एवं शैक्षणिक संस्थान, सरकारी- अर्द्ध सरकारी संस्थान आवेदन कर सकते हैं। चयनित एजेंसी/संस्था को संबंधित लैम्पस,पैक्स से एमओयू कर इसका संचालन करना होगा। आवेदन स्वयं आकर या रजिस्टर्ड डाक से कार्यालय, समेकित सहकारी विकास परियोजना कोषांग, रांची के पते पर 2 जुलाई के अपरा? 12:30 बजे तक जमा करना होगा। इसी दिन निबंधक, सहयोग समितियां, झारखंड, रांची की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक में आवेदन खोले जाएंगे। विस्तृत जानकारी के लिए पशुपालन भवन, हेसाग, रांची स्थित पते पर संपर्क किया जा सकता है।

### गोविंदपुर के पूर्व अवर निबंधक मिहिर कुमार पर चलेगी कार्यवाही

**रांची।** गोविंदपुर, धनबाद के तत्कालीन अवर निबंधक मिहिर कुमार पर विभागीय कार्यवाही चलेगी। राज्य सरकार ने उनके ऊपर लगे आरोपों की गंभीरता को देखते हुए यह फैसला लिया है। मिहिर कुमार अभी निबंधन कार्यालयों के निरीक्षक उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग के पद पर हैं। उनके विरुद्ध निबंधन के क्रम में कागजात का विधिवत सत्यापन नहीं करने, प्रश्नगत भूमि के निबंधन के दस्तावेज का सत्यापन को गंभीरता से नहीं लेने, दस्तावेज जांच एवं भू-विवरणी का सत्यापान विधिवत नहीं करने एवं संवेदनशील मामलों में लागू नियमों व प्रावधानों के अनुपालन के लिए यथोचित प्रक्रिया का पालन नहीं करने का आरोप है। पूरे मामले पर धनबाद डीसी ने जुलाई 2023 का ही कार्रवाई की अनुशंसा की थी। स्पष्टीकरण व विभागीय जांच पर प्रथम दष्टया आरोप प्रमाणित पाया गया। इसके बाद सरकार ने सेवानिवृत आइएएस अधिकारी इकबाल आलम अंसारी को विभागीय जांच संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया है। अपर समाहर्ता धनबाद को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी बनाया गया है। इस संबंध में भू-राजस्व विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। जांच के बाद अग्रतर कार्रवाई की जायेगी।

### जेएसएलपीएस ने सामुदायिक समन्वयक को किया बर्खास्त

**रांची।** झारखंड स्टेट लाईवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) ने हजारीबाग जिले के दारू प्रखंड के सामुदायिक समन्वयक मुकेश कुमार रॉय की अनुबंध पर सेवा को समाप्त कर दिया है। इस संबंध में मुख्य परिचालन पदाधिकारी विष्णु जी परिदा के हस्ताक्षर से आदेश जारी कर दिया गया है। उनके खिलाफ कार्य योजना के अनुसार लक्ष्यों की प्राप्ति में निरंतर विफलता, सौंपे गये कार्य में लगातार खराब प्रदर्शन, बिना पूर्व सूचना, अनुमोदन के कार्यस्थल में अनुपस्थिति, टीम के साथ सहयोग की कमी संबंधी कई आरोप थे। उनसे कई बार स्पष्टीकरण पूछा गया, जवाब संतोषजनक नहीं मिलने के बाद सेवा से बर्खास्त करने का फैसला लिया गया है।

### पंचायत सेवक के आत्महत्या प्रयास के पीछे कहीं बीडीओ तो नहीं जिम्मेदार : चंद्रप्रकाश

**रांची।** आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष सह गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने डूमरी प्रखंड के बलथरिया में पदस्थापित पंचायत सेवक सुखलाल महतो के प्रखंड परिसर में जहर खाकर आत्महत्या करने प्रयास के मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इसकी मांग करते हुए कहा है कि सुखलाल महतो ने डूमरी प्रखंड विकास पदाधिकारी अन्वेषा ओना व अन्य तीन लोगों पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है और आत्महत्या के प्रयास के लिए उन्हें दोषी ठहराया है। सांसद ने सवाल किया कि एक पंचायत सेवक पर आखिर किस तरह का दवाब बनाया जा रहा था और क्यों इतना मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया कि सुखलाल महतो के सामने कोई और रास्ता नहीं बचा, सिवाय आत्महत्या के। यह जांच का विषय है। उन्होंने मुख्यमंत्री को लिखे अपने पत्र में सवाल उठाया है कि क्या सुखलाल महतो कोई अनैतिक व भ्रष्टाचार लिप्त कार्यों को करने का दवाब बनाया जा रहा था, जिसके लिए उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा था? प्रखंड कार्यालय डूमरी में हुई यह घटना प्रखंड अधिकारियों की मनमानी व भ्रष्ट लोगों के साथ मिलीभगत से भ्रष्टाचार की ओर इंगित करती है। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस दुःखद घटना को गंभीरता से लेते हुए उच्च स्तरीय जांच कराने और सरकारी कार्यालय में अधिकारियों व कर्मियों द्वारा उचित व्यवहार हेतु दिशा निर्देश देने की आवश्यकता जतायी है ताकि जनता व कर्मचारियों के साथ भी भद्रता से व्यवहार हो और जनता को उनका हक व अधिकार के साथ त्वरित न्याय मिल सके।

### प्रदेश राजद अध्यक्ष पद के लिए संजय, अभय व सदाकत ने भरा पर्चा, 19 को मतदान

**रांची।** झारखंड प्रदेश राजद अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया शनिवार को पूरी कर ली गई। प्रदेश अध्यक्ष के लिए हुसैनाबाद विधायक सह निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राष्ट्रीय महासचिव अभय कुमार सिंह और निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष सदाकत हुसैन अंसारी ने परचा दाखिल किया। अब नामांकन पत्रों की जांच 15 जून रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। नामांकन वापसी भी उसी दिन दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक होगी। इसी दिन शाम चार बजे उम्मीदवारों के नाम जारी किए जाएंगे। 19 जून को सुबह 11 बजे से अपरा? तीन बजे तक मतदान होगा। मतदान के बाद इसी दिन परिणाम की भी घोषणा की जाएगी। झारखंड के 24 जिलों के जिलाध्यक्ष और प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से एक-एक राज्य परिषद सदस्य मतदान करेंगे।

## एनएचएआई की परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण व मुआवजा भुगतान की समीक्षा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में शनिवार को भू-अर्जन से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित बैठक में डीआईजी-सह-वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची चंदन सिन्हा, अपर समाहर्त्ता, रांची रामनारायण सिंह, अपर जिला दण्डाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, उप समाहर्त्ता भूमि सुधार मुकेश कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी के. के. राजहंस, अंचल अधिकारी नामकुम कमल किशोर, अंचल अधिकारी ओरमांझी उज्ज्वल सोरेन सहित जुडको एवं एनएचएआई के संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा एनएचएआई के विभिन्न परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण एवं मुआवजा भुगतान की समीक्षा की गयी। एनएचएआई के पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि गोला-ओरमांझी परियोजना में सभी रैयतों का भुगतान पूर्ण कर लिया गया है। उपायुक्त द्वारा अन्य परियोजनाओं में शेष रैयतों को यथाशीघ्र मुआवजा भुगतान का निर्देश दिया गया। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि सभी पदाधिकारी आपसी समन्वय एवं ग्रामीणों से सहयोग अधिग्रहण का कार्य पूर्ण करें। उन्होंने संबंधित अंचल अधिकारियों को अधिग्रहित भूमि का म्यूटेशन भी यथाशीघ्र निष्पादित करने के निर्देश दिये।

## रांची में टॉपर्स का सम्मान, अफसरों से मिले, प्रशासन को करीब से जाना

# बच्चे देश के भविष्य, सिर्फ शिक्षित ही नहीं, इन्हें लीडर भी बनाना है : डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के आठवीं बोर्ड परीक्षा के 20 टॉपर्स के लिए शनिवार का दिन बेहद खास रहा। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित प्रशासन से परिचय कार्यक्रम में इन होनहार बच्चों को ना सिर्फ सम्मानित किया गया, बल्कि सरकारी दफ्तरों की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझने का भी मौका मिला। कार्यक्रम में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साह बढ़ाया और कहा कि ये बच्चे ही देश का भविष्य हैं। इन्हें सिर्फ पढ़ाई तक सीमित नहीं रखना, बल्कि लीडर बनाना है।




**बेटियों ने भी दिखाया दम :** डीसी ने खासतौर पर इस बात की सराहना की कि इस बार कई प्रखंडों में बेटियों ने टॉप किया है। उन्होंने शिक्षकों की मेहनत की भी तारीफ की, जिसकी बदौलत ये शानदार परिणाम आए हैं।

**दफ्तरों की सैर और सीख :** बच्चों को जिला शिक्षा कार्यालय, सड़क सुरक्षा विभाग, अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय, भूमि सुधार कार्यालय और नगर निगम का दौरा कराया गया। हर दफ्तर में संबंधित अधिकारियों ने बच्चों को वहां के कार्यों की जानकारी दी और उनके सवालों के जवाब दिए। शिक्षा विभाग में बच्चों ने अफसर बनने और परीक्षा की तैयारी से जुड़े सवाल पूछे। सड़क सुरक्षा कार्यालय में ट्रैफिक नियमों को वीडियो के जरिए समझाया गया। वहीं एसडीओ ऑफिस में कोर्ट और प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर चर्चा हुई। जबकि भूमि सुधार विभाग में जमीन संबंधी दस्तावेजों की प्रक्रिया समझी। नगर निगम में शहर की साफ-सफाई, पानी, बिजली आदि सेवाओं के प्रबंधन की जानकारी मिली।

### बच्चों का उत्साह

बुढ़मू की छात्रा रौशनी ने कहा कि पहली बार अफसरों से इतने करीब से मिले, अब जान गए हैं कि ये लोग क्या करते हैं। तमाड़ के संदीप ने कहा कि अब प्रशासन को किताबों से नहीं, असली दुनिया से समझा है।

### कार्यक्रम का उद्देश्य

कार्यक्रम का मकसद बच्चों को प्रशासनिक कामकाज से परिचित कराना, करियर की सही दिशा दिखाना और समाज सेवा का भाव जगाना था। डीसी ने कहा कि सम्मान से ज्यादा हमने बच्चों को एक रास्ता दिखाया है। यह सीख उन्हें कल बेहतर इंसान और लीडर बनाएगा।

## अबुआ साथी पोर्टल : प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन का दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर शनिवार को अबुआ साथी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। नोडल पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, समेकित जनजातीय विकास अभिकरण, रांची संजय भगत ने अबुआ पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निष्पादन के संबंध में ऑनलाइन बैठक कर संबंधित पदाधिकारियों को उचित व आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

पोर्टल पर विभागवार प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन पदाधिकारियों के लॉगिन में मामले लंबित हैं वो इसे गंभीरता से लेते हुए यथाशीघ्र त्वरित निष्पादन करें। ऑनलाइन बैठक में जिलास्तरीय वरीय पदाधिकारियों के साथ सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## मोरहाबादी मैदान में जोन 2 में कितने फुटपाथ दुकानदारों को जगह मिली, हाईकोर्ट ने रांची नगर निगम से मांगा जवाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** मोरहाबादी मैदान से हटाए गए फुटपाथ दुकानदारों की ओर से दायर और अवमानना याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने रांची नगर निगम से सूची मांगते हुए पूछा है कि जोन 2 के तहत मोरहाबादी में फुटपाथ दुकानदारों के लिए जगह आवंटित किए गए। इस सूची में निगम को यह भी इंगित करना है कि इनमें से हाईकोर्ट में जो प्रार्थी (फुटपाथ दुकानदार) आए हैं उनमें से किन-किन लोगों को दुकान के लिए जगह आवंटित किया गया है। कोर्ट ने शपथ पत्र से इसे लेकर रांची नगर निगम को दाखिल करने का निर्देश देते हुए अगली सुनवाई 26 जून निर्धारित की है।

इससे पहले रांची नगर निगम की ओर से शपथ पर दाखिल कर बताया गया कि जोन 2 में निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, 202 फुटपाथ दुकानदारों में से करीब 170 लोगों को दुकान आवंटित कर दिया गया है। इसलिए अवमानना याचिका समाप्त कर दी जाए। वहीं प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अनुराग कश्यप ने कोर्ट को बताया कि कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं हुआ है। कोर्ट ने वैसे प्रार्थियों को दुकान आवंटित करने को बोला था जिन्हें एक जगह से विस्थापित किया गया है। रांची नगर निगम ने सार्वजनिक विज्ञापन निकालकर सभी फुटपाथ दुकानदारों से आवेदन मांगा और करीब 170 फुटपाथ दुकानदारों को उसमें दुकान आवंटित किया, जबकि जो प्रार्थी इस मामले को लेकर कोर्ट आए थे उनमें से 202 में से करीब 40 फुटपाथ दुकानदारों को ही जोन-2 में दुकान आवंटित किया गया है।

बता दें कि दो माह पहले कोर्ट ने रांची नगर निगम को वेंडिंग जोन 2 में सभी प्रार्थियों जो मोराबादी मैदान में फुटपाथ दुकानदार थे जिन्हें हटाया गया था उन्हें दुकान आवंटित करने को कहा था। साथ ही रांची नगर निगम को इस संबंध में शपथ पत्र दाखिल करने को कहा था।

दरअसल, 1 मई 2023 को हाई कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं होने पर हाई कोर्ट की एकल पीठ ने पूर्व की सुनवाई के दौरान नाराजगी जताई थी। कोर्ट ने मौखिक रूप से रांची नगर निगम को फुटपाथ दुकानदारों के मोरहाबादी मैदान के आसपास की जगह की व्यवस्था करने का निर्देश दिया था।

## खबर एक नजर में

### गवर्नर से मिले प्रद्मश्री अशोक भगत



रांची। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शनिवार को राज भवन में स्वयंसेवी संस्था विकास भारती के सचिव पद्मश्री अशोक भगत ने भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को संस्था द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य तथा आजीविका कार्यक्रमों संबंधी विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया।

### रांची विवि की परीक्षा नियंत्रक ने दिया इस्तीफा

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय की परीक्षा नियंत्रक डॉ आशा कुमारी प्रसाद ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपने इस्तीफे में स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया है। मात्र डेढ़ महीने पहले ही उनकी नियुक्ति इस पद पर हुई थी, जो कि राजभवन की स्वीकृति के बाद प्रभावी हुई थी। फिलहाल रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा नीतिगत फैसला नहीं ले सकते हैं, इसलिए सोमवार को राजभवन से मंतव्य मांगा जाएगा।

## सरला बिरला के छात्रों ने नीट में सफलता प्राप्त की









**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, के छात्रों ने नीट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्कूल के जयवर्धन जयसवाल ने कैटेगरी रैंक 2626 प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। सिमरन, भूमि केशरी, शानवी स्नेहल, कृतिका, वैष्णवी सिंह, पलक केशरी, इशिका मोदी, वेणु वैभव चैधरी, निम्मी नम्रता और शिल्पी श्रेया ने नीट (यूजी) में सफलता प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि भविष्य की सफलता के लिए आज का परिश्रम महत्वपूर्ण है। कठोर परिश्रम से ही छात्रों ने मनचाही सफलता अर्जित की है।

## बायोम के विद्यार्थियों का बेहतरीन प्रदर्शन सिद्धार्थ एआईआर 373 के साथ बने टॉपर




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बायोम इंस्टीट्यूट के छात्र छात्राओं ने नीट यूजी परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। इसमें बायोम इंस्टीट्यूट के सिद्धार्थ अग्रवाल ने ऑल इंडिया रैंक 373 और 623 अंक प्राप्त कर राज्य के टॉपरों की लिस्ट में जगह बनाई है। इसके साथ ही अभिषेक कुमार कसेरा ने 603 अंक, करण सिंह ने 602 अंक, मोहम्मद ओवैस रजा ने 596 अंक, करण भास्कर सिंह ने 595 अंक, ऋतिक दुबे ने 577 अंक, राहुल कुमार मिश्रा ने 577 अंक, मोहम्मद तौफीक ने 575 अंक, सुजाता रानी ने 571 अंक, दिव्या कुमारी ने 570 अंक प्राप्त किए हैं। संस्थान के 1800 स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी थी। जिसमें 1621 स्टूडेंट्स ने क्वालीफाई हुए।

**रैंकर, रेसर और रनर बैच का शानदार प्रदर्शन :** बायोम इंस्टीट्यूट में संचालित विभिन्न बैच के विद्यार्थियों के प्रदर्शन का आंकलन किया गया। सभी विद्यार्थियों ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन दिया है। रैंकर, रेसर और रनर बैच के 115 छात्र छात्राओं ने नीट यूजी की परीक्षा में शामिल हुए, इसमें 103 छात्र छात्राओं ने क्वालीफाई किया है. संस्थान के 216 से ज्यादा छात्राओं को मेडिकल कॉलेज मिलने की संभावना है। बता दें संस्थान का टारगेट बैच 26 जून से, फाउंडेशन बैच 3 जुलाई से, लक्ष्य बैच 3 जुलाई से शुरू होगा।

**कठिन पेपर के बावजूद संस्थान के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया : पंकज सिंह**

बायोम इंस्टीट्यूट के एमडी सह निदेशक पंकज सिंह ने कहा कि नीट यूजी की परीक्षा में कठिन पेपर थे, बावजूद भी संस्थान के छात्र छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। कई स्टूडेंट्स ने झारखंड के टॉपर लिस्ट में अपनी जगह बनाई है। संस्थान के 216 से ज्यादा छात्र छात्राओं को देश के जाने-माने मेडिकल कॉलेजों में नामांकन का अवसर मिलेगा।

## पहले प्रयास में ही श्रेष्ठ कुमार जायसवाल ने नीट में पायी सफलता



**रांची।** नीट (यूजी) का रिजल्ट शनिवार को जारी हो गया। सेंट्रल अकादमी के छात्र श्रेष्ठ कुमार जायसवाल ने अपने पहले ही प्रयास में सफलता हासिल की है। इनका एआईआर रैंक 14660 है। इनके पिता डॉ संजय जयसवाल राजधानी के जाने-माने ऑर्थोपेडिक सर्जन हैं। साथ ही इनकी माता डॉ सीमा प्रसाद शहर की जानी-मानी स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं। अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों के सारगर्भित मार्गदर्शन, अपने माता पिता के अनुशासन और समस्त परिवार जनों के आशीर्वाद व सहयोग को दिया है।

## नीट में डीपीएस रांची का शानदार प्रदर्शन, छात्रों ने लहराया परचम




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नीट का रिजल्ट शनिवार को जारी हो गया। अपनी मेधा शक्ति और अनवरत परिश्रम के बल पर डीपीएस रांची के विद्यार्थियों ने नेशनल एलिजिबिलिटी एंट्रेंस टेस्ट 2025 में एक बार फिर से शानदार प्रदर्शन करके अपनी योग्यता साबित की है। अरमान अहमद ने ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 3369 एवं कैटिगरी रैंक 1766 हासिल किया एवं विद्यालय के टॉपर बने। कुल 20 से अधिक छात्रों ने इस प्रतिष्ठित मेडिकल परीक्षा में सफलता प्राप्त की है एवं सूची अभी भी जारी है। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रधानाचार्य डॉ जया चौहान अत्यंत हर्षित एवं अभिभूत दिखी। उन्होंने छात्रों के साथ इस बेशकीमती पल को साझा किया और विद्यार्थियो के सराहनीय प्रदर्शन के लिए उनके माता-पिता और शिक्षकों को बधाई दी।

# एसओपी बना कर किसानों को घोषित जैविक राज्यों का दौरा कराना आवश्यक : कृषि मंत्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** क्रेता-बिक्रेता मीट-2025 के कार्यक्रम में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि झारखंड के किसानों के लिए एक एसओपी तैयार कर ऐसे राज्यों का दौरा कराना चाहिए जो जैविक खेती की सूची में शामिल किये जा चुके हैं। ओफाज को इस दिशा में काम करने की जरूरत है। जैविक खेती को लेकर किसानों को मानसिकता बदलने की जरूरत है और ये तभी संभव होगा जब किसान जैविक कृषि की बारीकियों को नजदीक से देखेंगे और समझेंगे। उन्होंने कहा कि जैविक उत्पाद के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने की जरूरत है और ये काम एसओपी के जरिए ही संभव है। जैविक उत्पाद किसान के घर तक सीमित न रहे, बल्कि उसे बाजार तक पहुंचाने और उससे अधिक से अधिक आर्थिक लाभ पहुंचाने पर काम करना होगा।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि एफपीओ को प्रोसेसिंग यूनिट मोहैया कराने के लिए ओफाज को कार्य योजना बनाना होगा। इसमें सब्सिडी के तहत एफपीओ को प्रोसेसिंग यूनिट तैयार करने में मदद पहुंचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि झारखंड जैसे प्रदेश में जहां जमीन को लेकर कई तरह की बाध्यताएं है, वहां ऐसे छोटे उद्योग किसानों के आर्थिक मजबूती के लिए मददगार साबित होंगे। इस दिशा में काम करना होगा।

वहीं, विभागीय सचिव अबू बक्कर सिद्दीकी ने कहा कि पर्यावरण और मिट्टी की उर्वरक क्षमता को बचाए रखने के लिए जैविक खेती जरूरी है। मॉडर्न युग में भी आज लोग खुद को स्वास्थ्य रखने के जैविक उत्पाद का सेवन करना चाहते है। किसानों के लिए जैविक उत्पाद आर्थिक लाभ का बेहतर विकल्प है। बाजार में जैविक उत्पाद की कीमत दूसरे उत्पाद से अधिक है। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत है तो इसके बेहतर पैकेजिंग की और सही बाजार में उत्पाद को उपलब्ध कराने की ओफाज ने आज इसकी शुरूआत कर दी है।

इस मौके पर ओफाज के सीईओ विकास कुमार, भूमि संरक्षण विभाग के निदेशक अशोक सम्राट, एपेक्स सोसाइटी से राकेश कुमार, अभिनव मिश्रा सहित विभागीय पदाधिकारी मौजूद थे।

**क्रेता-बिक्रेता मीट- 2025 में खास :** रांची में क्रेता-बिक्रेता मीट-2025 के मौके पर आम और जैविक उत्पाद की प्रदर्शनी लगाई गई थी। इस प्रदर्शनी में मालदा से लेकर आम्रपाली तक स्टॉल में मौजूद थे। स्टॉल पर रसीले आम की खरीददारी के लिए लोगों का तांता लगा रहा। वहीं, दूसरी तरफ जैविक उत्पाद के स्टॉल ने भी लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया।

## संदीप थापा के घर से कार व करीब 15 लाख की विदेशी स्पोर्ट्स बाइक जब्त

### सफेद पोश लोगों का अपराधी बिट्टू सिंह के साथ है करोड़ों की लेन-देन

- पुलिस की जांच में आया कई सफेदपोश चेहरा, जल्द होगी पूछताछ, रांची पुलिस को मोबाइल में मिला वीडियो और फोटो

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में सुखदेवनगर थाना कि पुलिस ने अपराधी संदीप प्रधान उर्फ संदीप थापा और आदित्य सिंह उर्फ बिट्टू सिंह के ठिकानों पर छापेमारी की है। पुलिस ने एक बार फिर सिमालिया स्थित थापा के घर से एक कार और करीब 15 लाख के विदेशी स्पोर्ट्स बाइक बरामद किया है। डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि रांची पुलिस ने ये कार्रवाई पूछताछ में मिली जानकारी के पर किया जा रहा है। दोनों अपराधी के गुर्गे की भी तलाश की जा रही है। पुलिस की जांच में कई सफेदपोश चेहरा भी आया है,जल्द ही इन सभी से पुलिस पूछताछ करने जा रही है।

गौरतलब है कि पुलिस ने दो दिन पहले दोनों अपराधी संदीप थापा और बिट्टू सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। रांची पुलिस गुप्त सूचना पर ये कार्रवाई कर रही है। मालूम हो कि पुलिस को बिप्टू सिंह का एक वीडियो व फोटो उसके मोबाइल में मिला है। जिसमें करोड़ो रुपए का लेन देन की बात हो रही है। पुलिस रुपये देने वालों की भी तलाश कर रही है। बिप्टू का करोड़ो नगद रूपये के साथ फोटो भी मिला है, पुलिस की जांच जारी है।



स्पीड न्यूज

## योग दिवस पर स्कूलों में योग संगम का आयोजन

रांची। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमा शंकर सिंह ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को पत्र लिखकर अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्य के सभी सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों (प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय) एवं सभी निजी विद्यालयों में प्रात: 6:30 से 7:45 बजे तक योग संगम का आयोजन करने का निर्देश दिया है।

## रक्तदान महादान रक्तदान शिवर आज

रांची। श्री श्याम मन्दिर अग्रसेन मार्ग में रक्त दान शिविर आज लगाया जाएगा। प्रात: 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक श्री श्याम सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में रक्तदान महादान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सुमित पोद्दार ने दी।

## सीपी चौधरी ने रिम्स जाकर सुखलाल का हाल-चाल जाना

रांची। गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने रिम्स जाकर जिंदगी व मौत से जूझ रहे सुखलाल महतो का हाल चाल जाना। उन्होंने इलाज कर रहे डाक्टरों से भी बात चीत की। उन्होंने रिम्स प्रबंधन से मिलकर सुखलाल महतो के बेहतर से बेहतर इलाज को लेकर भी चर्चा की। साथ ही परिजनों से भी मुलाकात की।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर 497 लोगों ने किया रक्तदान

रांची। विश्व रक्तदाता दिवस के मौके पर शनिवार को 497 लोगों ने रक्त दान किया। यह कार्यक्रम सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में किया गया था। इस अवसर पर डॉ रंजू सिन्हा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, ब्लड सेंटर ने बताया कि ब्लड बैंक, सदर अस्पताल के माध्यम से बीएनआई की ओर से फिरायालाल बैंक्विट हॉल में अबतक 450 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया है। वहीं सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में 47 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इसमें चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी एनसीसी कैडेर और अन्य लोग शामिल हैं। डीआरसीएचओ डॉ असीम मांझी ने बताया कि रक्तदान कई लोगों के लिए जीवन रक्षक का काम करता है। मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण सिंह ने रक्त और प्लाज्मा दान की महत्वपूर्ण आवश्यकता और रोगियों के जीवन पर पड़ने वाले उनके प्रभाव के बारे विस्तार से जानकारी दी।

## झामुमो नेता का निधन लोगों ने जताया शोक

रांची। कोडरमा झामुमो नेता और सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल यादव का शनिवार को निधन हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार थे और हैदराबाद में इलाजरत थे। उनके निधन पर पार्टी नेताओं समेत केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, स्थानीय विधायक डॉ नीरा यादव,ने शोक जताया है। इंदरवा निवासी 72 वर्षीय गोपाल यादव ने कई दशक पूर्व राजनीति शुरू की थी और अलग झारखंड के आंदोलन में भूमिका निभाई थी। कुछ वर्ष पहले झामुमो में शामिल हुए थे।

## हुल दिवस की तैयारी को लेकर कांग्रेस की बैठक

रांची। हुल दिवस की तैयारी को ले कर कार्यक्रम आयोजन की बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में हुई। बैठक में तिर्की, शहजादा अनवर, जलेश्वर महतो, जोसाई मार्डी, तनवीर आलम, शांतनु मिश्रा, देवीलाल मुर्मू अभिलाष साहू, शंतानू मिश्रा शामिल थे। पार्टी प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम में संथाल के लोग भी अपने जीवन बलिदान करने में आगे रहे थे। सिद्धू कान्हू, चांद भैरव, फूलों झानो एवं अन्य शहीदों की याद में 30 जून को हूल दिवस मनाया जाता है। इस क्रम में बैठक में निर्णय लिया गया कि हुल दिवस के अवसर पर 29 जून को लिप्सीपाड़ा चौक से पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा जो 30 जून को भोगनाडीह में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर समाप्त होगा।

# नवीन सरना कॉलेज हॉस्टल परिसर को खाली कराने पहुंची पुलिस लौटी



कोर्ट ने पुलिस-प्रशासन को दखलदिहानी दिलाने का दिया है आदेश

रांची पुलिस को छात्रों के भारी विरोध का करना पड़ा सामना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। सुखदेव नगर थाना अंतर्गत विद्या नगर स्थित नवीन सरना कॉलेज हॉस्टल परिसर को खाली कराने पहुंची रांची पुलिस को छात्रों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। शनिवार को कोर्ट के आदेश पर दिन के करीब 11 बजे कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय व मजिस्ट्रेट की देखरेख में काफी संख्या में पुलिस फोर्स हॉस्टल खाली कराने पहुंची थी। छात्रों को जब इसकी जानकारी मिली कि पुलिस हॉस्टल खाली कराने पहुंची है तो उनका गुस्सा उबाल पर आ गया। सभी आक्रोशित होकर बवाल करने लगे। मौके पर मौजूद कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय व मजिस्ट्रेट ने आक्रोशित स्टूडेंट्स को काफी समझाने -बुझाने की कोशिश की, पर वे कुछ भी मानने को तैयार नही थे। काफी देर तक पुलिस व छात्रों के बीच बकझक होने के बाद छात्रों को चार-दिनों की मोहलत दी गयी है। छात्रों को साफ कह दिया गया है कि अभी तो पुलिस वापस लौट रही है, पर हॉस्टल को खाली कराने का आदेश कोर्ट का है। चार से पांच दिनों में हॉस्टल खाली कर देना होगा। वहीं मिली जानकारी के अनुसार हॉस्टल की जमीन पर बिशु उरांव नाम के एक शख्स ने दावा किया था। दावेदारी को लेकर कोर्ट में केस चल रहा था। कोर्ट ने बिशु उरांव के पक्ष में फैसला सुनाया और पुलिस-प्रशासन को दखलदिहानी दिलाने का आदेश दिया। कोर्ट से मिले आदेश के बाद पुलिस फोर्स हॉस्टल खाली कराने पहुंची थी।

# पत्नी से प्रताड़ित युवक ने कर ली आत्महत्या

### सास ने बहु पर लगाया पुत्र को प्रताड़ित करने का आरोप, हरमू में दर्ज कराया था मामला

**09 जून को हरमू में युवक सुनील उरांव ने की थी आत्महत्या**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। युवक सुनिल उरांव के पेट्रोल डालकर आत्महत्या करने की घटना में मृतक की मां डहरी उरांव ने अपनी बहु पर प्रताड़ित करने का आरोप लगायी है। आरोपी बहु विनिता उरांव के खिलाफ अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है।

**क्या है घटना :** मांडर की रहनेवाली डहरी उरांव ने बताया कि उसका बेटा सुनील उरांव का बेड़ो की रहनेवाली विनिता उरांव के साथ प्रेम प्रसंग था।

वर्ष 2021 में दोनों ने शादी की थी। शादी के बाद कार्य करने के लिये बेटा कभी ईंट भट्टा व अन्य स्थान पर जाता था। अप्रैल 2025 में वह घर आया था। उसकी पत्नी हरमू, अरगोड़ा में रहती थी। बेटा व बहु में अकसर लड़ाई होती रहती थी। बेटा बताता था कि उसकी पत्नी अकसर किसी अन्य लड़के से बातचीत करती है। इसी कारण दोनों में विवाद होता था। 09 जून को दिन के करीब एक बजे बेटा अपनी पत्नी से प्रताड़ित होकर अपने शरीर पर पेट्रोल डालकर आग लगा लिया था। जिसमें रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की जानकारी बहु विनिता उरांव की बहन द्वारा दी गई थी,जिसके बाद वह रिम्स पहुंची तो देखी कि बेटा सुनिल उरांव मृत पड़ा है।

## विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन, बच्चों ने दिखाया हुनर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



रांची। डोरंडा गौस नगर में शनिवार को सासा इंटरनेशनल स्कूल मे विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी मे कक्षा 2 और 3 के बच्चों ने भाग लिया। प्रदर्शनी मे स्कूली बच्चों ने एक से बढ़ कर एक मॉडल प्रस्तुत किए। बच्चों ने एग्जिबिशन में अंतरिक्ष यान, सोलर सिस्टम, सहित कई प्रकार के मॉडल बना कर लोगो का मन मोहा। मौके पर स्कूल के डायरेक्टर सज्जाद खान एवं प्रिंसिपल सबा परवीन ने बच्चों को खूब सराहा और उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

खबर एक नजर में

## हम असत्य को छोड़ते नहीं इसलिए सत्य साथ आता नही : श्रीकांत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। अग्रसेन भवन के सभागार में श्री मदभागवत कथा के दुसरे दिन शनिवार को मुख्य यजमान मति लता देवी केडिया, ओम प्रकाश केडिया, निरंजन, अजय, संजय केडिया संग परिवार द्वारा मदभागवत व ब्यास पूजन किया गया।

बेदिक मंत्रोचारण के साथ ब्यास पीठ पर विराजमान परम श्रधेय कथा वाचक श्रीकांत शर्मा को मुख्य यजमान ओम प्रकाश केडिया सपत्नी द्वारा चंदन,वंदन माल्यर्पण कर उनका अभिनंदन स्वागत किया गया। कथा के मुख्यसार को बताते हुए कथा वाचक श्रीकांत शर्मा ने कहा कि ईश्वर से जगत है जगत से ईश्वर नही क्योकि हम सभी लोगो के जन्म का कारण भगवान है। गुरु कहते है शिवात्मा परमात्मा दो नही है। भागवत के परमतत्व को जाने, जहाँ से विज्ञान खत्म होता है वही से भागवत प्रारम्भ होती है। भागवत किताब नही, भगवान की मंगलाचरण पर चर्चा करते हुए बताया , महाभारत खंड, परीक्षित कथा के प्रसंग पर भी अपने मुखारविंद से अमृत वर्षा की। भगवान सबको जान जाए यह जरूरी नही लेकिन हम जिसे नही देख रहे है वो हर पल हमे देख रहा है। हम रामनवमी जन्माष्टमी इसलिए मनाते है कि भगवान का प्राकट्य होता है। इसके पूर्व मेन रोड हनुमान मंदिर के त्यागी जी ,श्री हनुमान मंडल, मारवाड़ी सहायक समिति, रांची गोशाला के ट्रस्टी ओम प्रकाश छापड़िया द्वारा गुरुजी को माला पहनाकर, अंग वस्त्र देकर उनका अभिनंदन और स्वागत किया गया।

## निर्मला को सीनियर में और जूनियर में आकृत को डांसिंग सेंसेशन का खिताब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। एक्वा वर्ल्ड में समर कार्निवल श्रृंखला के अंतर्गत डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। शनिवार को डांस प्रतियोगिता का ग्रांड फिनाले था।

इस अवसर पर सफल आयोजन के लिए एक्वा वर्ल्ड समूह के चेयरपर्सन प्रतुल शाह देव ने दीपांजलि ग्रुप के डायरेक्टर विपुल नायक और कार्यक्रम संयोजक देव ज्योति नाहा को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर निर्णायक के रूप में खुशहाल आर्यन, नमिता सिंह और नमिता सिंह उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि में पांपा सेन विश्वास, डेविड, गौतम, नीतू और उपासना उपस्थित थे। सभी अतिथियों और निर्णायकों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

### सीएमपीडीआई में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर

# योग बूट शिविर का शुभारंभ



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। सीएमपीडीआई ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 की बतौर तैयारी अपने मुख्यालय, रांची और विभिन्न राज्यों में स्थित अपने क्षेत्रीय संस्थान में शनिवार से एक सप्ताह तक चलने वाले योग बूट शिविर की शुरूआत की है। कर्मियों और उनके परिवारों के बीच बेहतर स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित योग बूट शिविर 14 से 20 जून, 2025 तक चलेगा। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' है। इन शिविरों का उद्देश्य कर्मियों और उनके परिवारजनों को योग का अभ्यास करने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

संस्थान द्वारा योग बूट शिविरों का आयोजन संस्थान के कर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों को योग और उसके समग्र लाभ से लाभान्वित करने के लिए किया जा रहा है। उद्घाटन के दिन, सीएमपीडीआई के क्षेत्रीय संस्थान-1, आसनसोल में बच्चों ने योग सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लिया। वहीं सिंगरौली गवेषण शिविर के कर्मियों और उनके बच्चों की उत्साहपूर्ण भागेदारी रही। सीएमपीडीआई (मुख्यालय)-रांची और क्षेत्रीय संस्थान-7, भुवनेश्वर और आरआई-2, धनबाद में कर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों ने योग और इसके समग्र लाभों को अपनाने के लिए एक साथ भाग लिया।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर नवा बिहान द्वारा लेक व्यू हॉस्पिटल एंड ब्लड सेंटर के सहयोग से हरिओम टावर, रांची में शनिवार को एक दिवसीय रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर को सफल बनाने में समर इंटर्नशिप (एस आर एम चेन्नई, राय यूनिवर्सिटी रांची और रूरल डेवलपमेंट डिपार्टमेंट, रांची यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी) कर रहे छात्र-छात्राओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने वॉलंटियरिंग कर कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराया। शिविर में उपस्थित डॉ मुकेश कुमार ने बताया कि रक्तदान से शरीर में आयरन की मात्रा संतुलित रहती है, जिससे दिल के रोगों की संभावना कम होती है। यह शरीर में नई रक्त कोशिकाओं के निर्माण को भी प्रोत्साहित करता है, जिससे शरीर अधिक सक्रिय और स्वस्थ बना रहता है। रक्तदान करने से वजन नियंत्रण में मदद मिलती है और लिवर कार्यप्रणाली बेहतर होती है। साथ ही, यह एक मानसिक संतोष भी प्रदान करता है कि हमारे कुछ बूंदों से किसी का जीवन बच सकता है। कार्यक्रम की शुरूआत नवा बिहान के पदाधिकारियों और लेक व्यू हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सकों की उपस्थिति में हुई। आयोजन में करीब 20 से अधिक लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कई रक्तदाताओं ने पहली बार रक्तदान किया और इस अनुभव को बेहद प्रेरणादायक और भावनात्मक बताया। नवा बिहान अध्यक्ष आर. अजय ने कहा कि रक्तदान केवल एक सेवा नहीं, बल्कि जीवन का संचार है। जब हम रक्तदान करते हैं, तो हम अनजाने में ही किसी परिवार में फिर से मुस्कान ला सकते हैं।

## मोबाइल दुकान में अवैध ई-टिकट कारोबार का भंडाफोड़ , गिरफ्तार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। रांची मंडल में आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निदेर्शानुसार आरपीएफ लगातार सतर्क एवं सक्रिय है। इसी क्रम में शुक्रवार को ऑपरेशन उपलब्ध के तहत अवैध ऑनलाइन टिकट दलाली की सूचना पर एक संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया गया। यह छापेमारी आरपीएफ पोस्ट लोहरदगा एवं अपराध शाखा, रांची की संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षक, अपराध शाखा रांची लाल बहादुर के नेतृत्व में एवं स्थानीय थाना घाघरा की सहायता से थाना चौक, मुख्य सड़क, घाघरा, जिला-गुमला स्थित दीपक मोबाइल दुकान पर की गई। छापेमारी के दौरान दुकान में एक महिला व एक पुरुष मौजूद थे। पूछताछ में महिला ने अपना नाम पिंकी देवी पत्नी दीपक कुमार गुप्ता बताया जबकि पुरुष ने अपनी पहचान दीपक कुमार गुप्ता के रूप में दी। महिला से पूछताछ में ज्ञात हुआ कि उसका पति दीपक कुमार गुप्ता आईआरसीटीसी की व्यक्तिगत यूजर आईडी से रेलवे ई-टिकट खरीदने व बेचने का अवैध कारोबार करता है। दीपक कुमार गुप्ता की जांच में दो रेलवे टिकट मूल्य अनुमानित 5100 रुपये बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह फर्जी और डिस्पोजेबल यूजर आईडी का उपयोग कर अतिरिक्त 200-250 लेकर ग्राहकों के लिए टिकट बुक करता है। इस प्रकार अवैध रूप से रेलवे ई-टिकट खरीदने व बेचने के जुर्म में आरोपी दीपक कुमार गुप्ता को रेलवे अधिनियम की धारा 179(2) के अंतर्गत गिरफ्तार कर धारा 143 रेलवे अधिनियम के तहत अभियुक्त बनाया गया। टीम में आरपीएफ निरीक्षक अरविंद कुमार (आरपीएफ पोस्ट लोहरदगा), निरीक्षक लाल बहादुर (अपराध शाखा, रांची), उपनिरीक्षक एल.के. मिश्रा, सहायक उपनिरीक्षक एस. असीमुद्दीन, एस.के. गुप्ता, स्टाफ एस. कुशवाहा, ए.के. यादव व एस.एन. दिवाकर सहित अन्य शामिल थे।

# सीसीएल अस्पताल में मेगा रक्तदान शिविर

### गांधीनगर अस्पताल रांची में विश्व रक्तदाता दिवस

### शिविर में कुल 40 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



रांची। सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) द्वारा संचालित गांधीनगर अस्पताल, रांची स्थित ब्लड सेंटर में विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को एक मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक नीलेन्दु कुमार सिंह द्वारा किया गया।

मौके पर हर्ष नाथ मिश्रा, निदेशक (मानव संसाधन) एवं चंद्र शेखर तिवारी, निदेशक (तकनीकी/संचालन) की भी उपस्थिति रही। यह रक्तदान शिविर सीसीएल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रत्नेश जैन के मार्गदर्शन में गांधीनगर अस्पताल ब्लड सेंटर द्वारा आयोजित किया गया। शिविर में कुल 40 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया जिसमें 7 महिलाएं एवं 33 पुरुष रक्तदाताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। शिविर के सफल संचालन में डॉ. अनीता कुमारी (एचओडी, पैथोलॉजी), डॉ. खुशबू सरन, डॉ. श्रीमोयी मुखर्जी, डॉ. मोहना मंडल सहित ब्लड सेंटर के तकनीशियन एवं गांधी नगर अस्पताल के अन्य स्टाफ की भी भूमिका सराहनीय रही।

गौरतलब है कि 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है और इस वर्ष 2025 की थीम है 'रक्त दें, आशा दें: मिलकर हम जीवन बचाते हैं.' यह थीम रक्तदाताओं के जीवन-परिवर्तनकारी योगदान को रेखांकित करती है, समुदाय की एकता का सम्मान करती है तथा नए और नियमित रक्तदाताओं को प्रेरित करती है कि वे जीवन बचाने में भागीदार बनें।

# झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2025 को लेकर निषेधाज्ञा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। झारखड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, रांची द्वारा आयोजित झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (कृषि एवं अन्य समवर्गी पाठ्यक्रमों)-2025 दिनांक 15.06.2025 को आयोजित की गयी है। यह परीक्षा रांची जिला के विभिन्न 08 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की गयी है। पीसीबी ग्रुप की परीक्षा पूर्वाह्न 10:30 बजे अपराह्न 01:45 बजे तक, पीसीएम ग्रुप की परीक्षा पूर्वा? 11:45 बजे अपराह्न 03:00 बजे तक एवं पीसीएमबी ग्रुप की परीक्षा पूर्वाह्न 10:30 बजे से 03:00 बजे अपराह्न तक निर्धारित है।

## रांची में आज इन केंद्रों पर हांगी परीक्षा

1. विवेकानन्द विद्या मंदिर, सेक्टर-2, धुर्वा, रांची।
2. सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जे.पी. मार्केट, धुर्वा, रांची।
3. डी.ए.वी. नन्दराज पब्लिक स्कूल, बुटी मोड, बरियातु, रांची।
4. संत अन्ना इंटरमिडिएट कॉलेज, पुरूलिया रोड, रांची।
5. संत जॉन्स हाई स्कूल, कर्बला टेंक रोड, रांची।
6. संत अलोईस इंटरमिडिएट कॉलेज, डा. कामिल बुल्के पथ, रांची।
7. उसुर्लाईन इंटर कॉलेज, डा. कामिल बुल्के पथ, रांची।
8. संत अलोईस हाई स्कूल, डा. कामिल बुल्के पथ, रांची।

परीक्षा केन्द्रों पर कदाचारमुक्त संचालानार्थ एवं विधि व्यवस्था संधारण को लेकर डीसी एवं एसएसपी ने पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा में संलग्न छात्र, उनके अभिभावक अथवा असामाजिक तत्व परीक्षा केन्द्रों पर भीड़ लगाकर विधि व्यवस्था भंग करने की चेष्टा कर सकते हैं। इस आशंका को देखते हुए अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, रांची द्वारा बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की गई है, जो निम्न है।

1- पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों तथा सरकारी कार्यक्रम एवं शवयात्रा को छोड़कर)।

2- किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करना।

3- किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, जैसे बंदूक, राईफल, रिवाल्वर, बम, बारूद आदि लेकर चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/ कर्मचारियों को छोड़कर)।

4- किसी प्रकार का हरवे हथियार जैसे-लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा भाला आदि लेकर चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों / कर्मचारियों को छोडकर)।

5- किसी प्रकार की बैठक या आमसभा का आयोजन करना।

यह निषेधाज्ञा दिनांक 15.06.2025 के प्रातः 07:00 बजे से अपराह्न 07:30 बजे तक प्रभावी रहेगा।

## भाष विवाद के नाम पर भाजपा खोलना चाहती है राजनीतिक दुकान : कांग्रेस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा है कि झारखंड में भाषा को विवाद का विषय बनाकर भाजपा अपनी राजनीतिक दुकान खोलना चाहती है,लेकिन उनकी राजनीतिक दुकान खुलने से पहले ही महागठबंधन सरकार बंद करा देगी। झारखंड के युवा आशवस्त रहे, भाषा किसी विवाद का विषय नहीं बन सकता है। अभी जेटेट नियमावली के तहत भाषा की सूची जारी नहीं हुई है,भाषा के क्षेत्रवार चयन का कार्य प्रारंभिक चरण में है। जेटेट नियमावली के लिए सरकार द्वारा सभी डीइओ, डीएससी, टीआरआई, जैक, जेएसएससी, जेसीईआरटी सहित अन्य संबंधित विभागों से सुझाव मांगा गया है जो प्रक्रियाधीन है। सोनाल शांति ने कहा कि प्रक्रियाधीन विषयों पर सवाल उठाना भाजपा नेताओं की बचकानी हरकत है,उन्हे सुझाव है कि किसी विषय पर बोलने से पहले उसकी पूरी जानकारी रखनी चाहिए,अधूरा ज्ञान खतरनाक होता है। जेटेट नियमावली जब तक कैबिनेट से पारित नहीं हो जाता तब तक किसी भी तरह के भ्रम में झारखंड की युवा ना रहे।

# आंगनबाड़ी केंद्र में दो साल से पानी की सुविधा नहीं

## सेविका दूसरे के कुआं से पानी ला बच्चों को खिला रही पॉस्टिक आहार



ओरमांझी के जावाबेड़ा की आंगनबाड़ी केंद्र।



आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका केंद्र के बच्चों के साथ।

- केंद्र में लटकी फटा सिंटेक्स कर रही हालात बयां

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र जावाबेड़ा में पिछले दो वर्ष से पानी की सुविधा नहीं है। आंगनबाड़ी केंद्र के उपर फटा सिंटेक्स आंगनबाड़ी की हालात बयान कर रही है। सुदूरवर्ती ग्रामीण व पहाड़ी क्षेत्र होने के करण गांव में रोजगार की सुविधा नहीं है, और ज्यादातार लोग मजदूरी करते हैं। वहीं उनके छोटे बच्चें आंगनबाड़ी केंद्र जाते हैं। केंद्र में 25 से ज्यादा बच्चें नमांकित हैं। उक्त आंगनबाड़ी केन्द्र की सेविका गीता देवी बच्चों के लिए पीने का पानी दूसरे के कुंआ से लाती है। उसी कुंए की पानी से बच्चों के लिए पॉस्टिक (आहार) भोजन बनाने व वर्तन धोने आदि कार्य करती है। ऐसा नही है कि केंद्र में पानी की सुविधा नही थी। केंद्र में चापानल है, लेकिन वर्षो से खराब है। वहीं जलमीनार व उसी से लगा नल भी है। लेकिन दो वर्ष पूर्व तेज हवा से जलमीनार का सिंटेक्स फट गया। तबसे पानी सुविधा बहाल नही हुई। जलमीनार में फटा सिंटेक्स आंगनबाड़ी में पानी की हालात बयान करते नजर आ जाएगी।

सेविका बताती है इस संबंध में मुखिया व कार्यालय को जानकारी दे दी है। लेकिन पानी सुविधा बहाल नही हुई। मुखिया दशमी मिंज कहती है मरमत के लिए योजना में डाला गया है। वहीं सीडीपीओ लक्ष्मी भारती का कहना है कि आंगनबाड़ी केंद्र मे पानी सुविधा देना पेयजल विभाग का कार्य है, क्षेत्र की जलसहिया को भी इस पर ध्यान देना चाहिए। वहीं पीएचईडी विभाग की जेई दिव्या हंसदा से पुछने पर कहा जलमीनार का मरमत कार्य मुखिया फंड से कराना है। समस्या की जानाकरी नही थी। खराब चापानल का जल्द मरमत करा दिया जाएगा। वहीं बीडीओ कामेश्वर बेदिया ने कहा आंगनबाड़ी केंद्र में दो वर्ष से पानी की सुविधा नही होना घोर लापरवाही है। पंचायत सचिव से बोलकर जल्द ही मरमत व केंद्र में पानी की सुविाध उपलब्ध करा दिया जाएगा।

# तेज रफ्तार कार ने महिला को रौंदा, मौत

- सिमलिया में महिला को रौंदा, आधे घंटे सड़क जाम
- मदन गोप की पत्नी थी पानो देवी
- दिन के साढ़े दस बजे की है घटना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** दलादिली से तिलता ओवरब्रीज की ओर तेज रफ्तार से आ रही ग्रे कलर की स्विफ्ट कार जेएच 01 बीटी 2048 ने दिन के 10:30 बजे पानो देवी(42) को रौंद डाला। इससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। वह सिमलिया निवासी मदन गोप की पत्नी थी। घटना के विरोध में आक्रोशित ग्रामीणों ने रिंग रोड को मुंडा मसना के समीप आधे घंटे तक जाम कर दिया। वह मृतका के आश्रितों को 10 लाख की मुआवजा, स्पीड ब्रेकर बनवाने, हाजी शौक स्थित सोमिया फ्यूल्स प्रबंधन की ओर से रोड पर किये गये अतिक्रमण हटवाने और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिये जाने की मांग कर रहे थे। सूचना मिलने पर सदल-बल पहुंचे थानेदार आरएन सिंह ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और मृतका के शव का पंचनामा कर रिम्स में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। कार को जब्त कर लिया गया है।

### कैसे घटी घटना



इनसेट में मृतका और सड़क जाम करते ग्रामीण।

पानो देवी रिंग रोड के किनारे रहने वाले भतीजा के यहां आ रही थी। जैसे ही रोड से उसके घर जाने के लिये आगे बढ़ी, दलादिली से आ रही उक्त कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। इससे वह गिर गयी और दम तोड़ दिया। दुर्घटना में उसके शरीर के परखच्चे उड़ गये। कार का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद उसमें सवार कई लोग फरार हो गये। चालक के जख्मी होने की बात सामने आयी है।

### गांव में पसरा मातम

मृतका के परिवार में पति समेत दो पुत्र महादेव व पवन गोप तथा दो पुत्री सुषमा और कलावती कुमारी हैं। चारों की शादी हो चुकी है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उनके क्रुदन से माहौल गमगीन था। सभी की आंखें नम थी। गांव में मातमी सन्नाटा है। दोपहर बाद अंत्येष्ठि की गयी।

# लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की मनी दूसरी वर्षगांठ

- बारह घंटे तक चला हरि कीर्तन
- लोगों में बांटा गया महाप्रसाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** ऐतिहासिक राजकिला स्थित बगीचा में 12 से 16 जून 23 को हुये पांच दिनी श्री रामकथा सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की दूसरी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शनिवार को आयोजन समिति की ओर से कई कार्यक्रम किये गये। श्रीराम कथा समिति ने धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किया। भगवान सत्यनारायण की पूजा की गयी। इसके बाद 12 घंटे का अखंड हरिकीर्तन किया गया। श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद बंटा। निःशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगा। इससे लोग काफी उत्साहित नजर आये। संचालन संजय मिश्र ने किया।

### इन्होंने निभायी भूमिका

किला प्रबंधक दामोदर नाथ मिश्र, अरुण कुमार गुप्ता, कैलाश बैठा, संजय गुप्ता, विजय कुमार सिंह, अंबिका प्रसाद, मिथलेश दुबे, राणा सिंह, जयंत पांडेय, आरडी तिवारी, हजारी प्रसाद मोदी, संतोष साहू, सुखदेव साहू, राजीव कुमार गुप्ता, शिवपूजन साहू, छोटन प्रजापति, मनोज गुप्ता, सैकड़ों युवा, कीर्त्तन मंडली व महिलायें।

# पीएचसी खलारी में एएनसी शिविर का आयोजन, गर्भवती महिलाओं की जांच



**खलारी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) खलारी में गर्भवती महिलाओं को एएनसी (प्रसवपूर्व देखभाल) प्रोफाइल टेस्ट शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. इरशाद के नेतृत्व में आयोजित शिविर में कुल 102 गर्भवती महिलाओं की जांच किया गया। जाँच शिविर में सीएचसी बुड़मू से आईं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पल्लवी सिंह ने महिलाओं की चिकित्सकीय जांच की और आवश्यक परामर्श प्रदान किया। शिविर में हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, एचआईवी, हेपेटाइटिस-बी, वजन आदि आवश्यक परीक्षण किए गए। शिविर को सफल बनाने में डॉ. डी.बी. सिंह, सीएचओ अंजना नाग, दृष्टि रानी, एएनएम अनिता टोप्पो, पूनम कुमारी, प्रफुल्लित बेग, किरण कुमारी, लैब टेक्नीशियन परवेज, तब्बू परवीन, सत्यम सहित एसआई मिथिलेशकुमार मंडल एवं बालमुकुंद पांडेय का सराहनीय योगदान रहा।

# डीएवी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल सिल्ली में विशेष योग सत्र का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिल्ली।** छात्रों के बीच स्वास्थ्य और समग्र विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डीएवी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल, सिल्ली द्वारा 14 जून 2025 को एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस योग सत्र का उद्देश्य शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को उजागर करना था। यह कार्यक्रम छात्रों के दैनिक जीवन में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक आदतों को शामिल करने के लिए स्कूल द्वारा किए जा रहे व्यापक प्रयासों का हिस्सा था। इस अवसर को और भी गरिमामय बनाने के लिए भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के राज्य मंत्री माननीय संजय सेठ, विनय महतो (ग्रामीण जिला अध्यक्ष), अंबुजरजक (सिल्ली ब्लॉक प्रेसिडेंट), आचार्य असीम कृष्ण दास ( कूटाम), राम गोपाल केडिया (सामाजिक कार्यकर्ता), डीएवी एल एमसी सदस्य गण प्रवीण अग्रवाल और गौतम साहू, सामाजिक गणमान्य कार्यकर्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय के टॉपर्स बच्चों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में श्री सेठ ने छात्रों को योग को केवल एक शारीरिक गतिविधि के रूप में नहीं, बल्कि एक अनुशासित जीवन शैली के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया, जो शरीर और मन दोनों को पोषित करती है। उन्होंने पारंपरिक भारतीय मूल्यों को बढ़ावा देने और छात्रों में एक स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के लिए स्कूल के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में झालदा योगा सेंटर से पार्थो मोदक अपने योगा टीम के साथ सुंदर प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य तथा संगीत प्रस्तुत किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुश्री बी. शरण ने श्री सेठ सहित अन्य गणमान्य सभी को शाल तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया तथा उनकी उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन एक सकारात्मक और प्रेरणादायक वातावरण में हुआ, जहां छात्रों ने योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की उत्सुकता दिखाई।


झारखण्ड सरकार

भू-अर्जन वाद सं०- 64/2024-25

## राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग

(जिला भू-अर्जन कार्यालय, राँची)

### प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम-30/2013 की धारा-11 (1) के अधीन)

"गोला-मूरी चार लेन पथ निर्माण परियोजना"

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्ता को यह प्रतीत होता है मौजा–बीसाहली, थाना संख्या–26, अंचल–सिल्ली, जिला–रांची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना गोला–मूरी चार लेन पथ निर्माण परियोजना हेतु अपेक्षित है. प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्ता अपना नियम 2(1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए हैं। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम/मौजा–बीसाहली, थाना संख्या–26, अंचल–सिल्ली, जिला–रांची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोबेश कुल रकबा–**14.910798** एकड़ भूमि मानक माप का भू–खण्ड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

मौजा–बीसाहली

| क्र० सं० | खाता सं० | सर्वे प्लॉट सं० | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं०) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | उ० | द० | पू० | प० |
| 01 | 100 | 43 | अज्ञात | 0.013898 | मेघु महतो, धामु महतो, सनुआ महतो, कन्हाई महतो | 46 | 47 | 44 | 43 |
| 02 | 100 | 94 | अज्ञात | 0.001520 | अज्ञात | 95 | 96 | 93 | 92 |
| 03 | 100 | 128 | अज्ञात | 0.073741 | अज्ञात | 129 | 130 | 127 | 126 |
| 04 | 100 | 432 | अज्ञात | 0.211344 | अज्ञात | 433 | 434 | 431 | 430 |
| 05 | 48 | 47 | रैयती | 0.042438 | ऊधव महतो पेशरान जागु महतो वो डोमन महतो, पेशरान–जोधा महतो वो दुर्गा महतो, पेशरान–परान महतो, वो भीमा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो मेघुवा महतो, पेशरान–जागु महतो, रामलाल महतो वल्द माधो महतो वो रामा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो सोमा महतो, पेशरान–परान महतो | 48 | 49 | 46 | 45 |
| 06 | 48 | 51 | रैयती | 0.019015 | ऊधव महतो पेशरान जागु महतो वो डोमन महतो, पेशरान–जोधा महतो वो दुर्गा महतो, पेशरान–परान महतो, वो भीमा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो मेघुवा महतो, पेशरान–जागु महतो, रामलाल महतो वल्द माधो महतो वो रामा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो सोमा महतो, पेशरान–परान महतो | 52 | 53 | 50 | 49 |
| 07 | 48 | 52 | रैयती | 0.036772 | ऊधव महतो पेशरान जागु महतो वो डोमन महतो, पेशरान–जोधा महतो वो दुर्गा महतो, पेशरान–परान महतो, वो भीमा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो मेघुवा महतो, पेशरान–जागु महतो, रामलाल महतो वल्द माधो महतो वो रामा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो सोमा महतो, पेशरान–परान महतो | 53 | 54 | 51 | 50 |
| 08 | 48 | 53 | रैयती | 0.060785 | ऊधव महतो पेशरान जागु महतो वो डोमन महतो, पेशरान–जोधा महतो वो दुर्गा महतो, पेशरान–परान महतो, वो भीमा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो मेघुवा महतो, पेशरान–जागु महतो, रामलाल महतो वल्द माधो महतो वो रामा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो सोमा महतो, पेशरान–परान महतो | 54 | 55 | 52 | 51 |
| 09 | 48 | 54 | रैयती | 0.118182 | ऊधव महतो पेशरान जागु महतो वो डोमन महतो, पेशरान–जोधा महतो वो दुर्गा महतो, पेशरान–परान महतो, वो भीमा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो मेघुवा महतो, पेशरान–जागु महतो, रामलाल महतो वल्द माधो महतो वो रामा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो सोमा महतो, पेशरान–परान महतो | 55 | 56 | 53 | 52 |
| 10 | 48 | 55 | रैयती | 0.190794 | ऊधव महतो पेशरान जागु महतो वो डोमन महतो, पेशरान–जोधा महतो वो दुर्गा महतो, पेशरान–परान महतो, वो भीमा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो मेघुवा महतो, पेशरान–जागु महतो, रामलाल महतो वल्द माधो महतो वो रामा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो सोमा महतो, पेशरान–परान महतो | 56 | 57 | 54 | 53 |
| 11 | 48 | 57 | रैयती | 0.165088 | ऊधव महतो पेशरान जागु महतो वो डोमन महतो, पेशरान–जोधा महतो वो दुर्गा महतो, पेशरान–परान महतो, वो भीमा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो मेघुवा महतो, पेशरान–जागु महतो, रामलाल महतो वल्द माधो महतो वो रामा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो सोमा महतो, पेशरान–परान महतो | 58 | 59 | 56 | 55 |
| 12 | 48 | 58 | रैयती | 0.157322 | ऊधव महतो पेशरान जागु महतो वो डोमन महतो, पेशरान–जोधा महतो वो दुर्गा महतो, पेशरान–परान महतो, वो भीमा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो मेघुवा महतो, पेशरान–जागु महतो, रामलाल महतो वल्द माधो महतो वो रामा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो सोमा महतो, पेशरान–परान महतो | 59 | 60 | 57 | 56 |
| 13 | 48 | 89 | रैयती | 0.022414 | ऊधव महतो पेशरान जागु महतो वो डोमन महतो, पेशरान–जोधा महतो वो दुर्गा महतो, पेशरान–परान महतो, वो भीमा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो मेघुवा महतो, पेशरान–जागु महतो, रामलाल महतो वल्द माधो महतो वो रामा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो सोमा महतो, पेशरान–परान महतो | 90 | 91 | 88 | 87 |
| 14 | 48 | 97 | रैयती | 0.052526 | ऊधव महतो पेशरान जागु महतो वो डोमन महतो, पेशरान–जोधा महतो वो दुर्गा महतो, पेशरान–परान महतो, वो भीमा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो मेघुवा महतो, पेशरान–जागु महतो, रामलाल महतो वल्द माधो महतो वो रामा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो सोमा महतो, पेशरान–परान महतो | 98 | 99 | 96 | 95 |
| 15 | 48 | 98 | रैयती | 0.084044 | ऊधव महतो पेशरान जागु महतो वो डोमन महतो, पेशरान–जोधा महतो वो दुर्गा महतो, पेशरान–परान महतो, वो भीमा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो मेघुवा महतो, पेशरान–जागु महतो, रामलाल महतो वल्द माधो महतो वो रामा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो सोमा महतो, पेशरान–परान महतो | 99 | 100 | 97 | 96 |
| 16 | 48 | 99 | रैयती | 0.013425 | ऊधव महतो पेशरान जागु महतो वो डोमन महतो, पेशरान–जोधा महतो वो दुर्गा महतो, पेशरान–परान महतो, वो भीमा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो मेघुवा महतो, पेशरान–जागु महतो, रामलाल महतो वल्द माधो महतो वो रामा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो सोमा महतो, पेशरान–परान महतो | 100 | 101 | 98 | 97 |
| 17 | 48 | 719 | रैयती | 0.003062 | ऊधव महतो पेशरान जागु महतो वो डोमन महतो, पेशरान–जोधा महतो वो दुर्गा महतो, पेशरान–परान महतो, वो भीमा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो मेघुवा महतो, पेशरान–जागु महतो, रामलाल महतो वल्द माधो महतो वो रामा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो सोमा महतो, पेशरान–परान महतो | 720 | 721 | 718 | 717 |
| 18 | 48 | 725 | रैयती | 0.066829 | ऊधव महतो पेशरान जागु महतो वो डोमन महतो, पेशरान–जोधा महतो वो दुर्गा महतो, पेशरान–परान महतो, वो भीमा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो मेघुवा महतो, पेशरान–जागु महतो, रामलाल महतो वल्द माधो महतो वो रामा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो सोमा महतो, पेशरान–परान महतो | 726 | 727 | 724 | 723 |
| 19 | 48 | 960 | रैयती | 0.028070 | ऊधव महतो पेशरान जागु महतो वो डोमन महतो, पेशरान–जोधा महतो वो दुर्गा महतो, पेशरान–परान महतो, वो भीमा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो मेघुवा महतो, पेशरान–जागु महतो, रामलाल महतो वल्द माधो महतो वो रामा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो सोमा महतो, पेशरान–परान महतो | 961 | 962 | 959 | 958 |
| 20 | 48 | 961 | रैयती | 0.020789 | ऊधव महतो पेशरान जागु महतो वो डोमन महतो, पेशरान–जोधा महतो वो दुर्गा महतो, पेशरान–परान महतो, वो भीमा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो मेघुवा महतो, पेशरान–जागु महतो, रामलाल महतो वल्द माधो महतो वो रामा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो सोमा महतो, पेशरान–परान महतो | 962 | 963 | 960 | 959 |
| 21 | 48 | 994 | रैयती | 0.179989 | ऊधव महतो पेशरान जागु महतो वो डोमन महतो, पेशरान–जोधा महतो वो दुर्गा महतो, पेशरान–परान महतो, वो भीमा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो मेघुवा महतो, पेशरान–जागु महतो, रामलाल महतो वल्द माधो महतो वो रामा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो सोमा महतो, पेशरान–परान महतो | 995 | 996 | 993 | 992 |
| 22 | 59 | 59 | रैयती | 0.094748 | परना महतो, पेशरान–जैराम महतो वो पुरना महतो, पेशरान–जैराम महतो | 60 | 61 | 58 | 57 |
| 23 | 59 | 71 | रैयती | 0.012401 | परना महतो, पेशरान–जैराम महतो वो पुरना महतो, पेशरान–जैराम महतो | 72 | 73 | 70 | 69 |
| 24 | 59 | 73 | रैयती | 0.056972 | परना महतो, पेशरान–जैराम महतो वो पुरना महतो, पेशरान–जैराम महतो | 74 | 75 | 72 | 71 |
| 25 | 59 | 95 | रैयती | 0.078198 | परना महतो, पेशरान–जैराम महतो वो पुरना महतो, पेशरान–जैराम महतो | 96 | 97 | 94 | 93 |
| 26 | 59 | 96 | रैयती | 0.144556 | परना महतो, पेशरान–जैराम महतो वो पुरना महतो, पेशरान–जैराम महतो | 97 | 98 | 95 | 94 |
| 27 | 59 | 101 | रैयती | 0.182018 | परना महतो, पेशरान–जैराम महतो वो पुरना महतो, पेशरान–जैराम महतो | 102 | 103 | 100 | 99 |
| 28 | 59 | 975 | रैयती | 0.027529 | परना महतो, पेशरान–जैराम महतो वो पुरना महतो, पेशरान–जैराम महतो | 976 | 977 | 974 | 973 |
| 29 | 59 | 978 | रैयती | 0.062408 | परना महतो, पेशरान–जैराम महतो वो पुरना महतो, पेशरान–जैराम महतो | 979 | 980 | 977 | 976 |
| 30 | 59 | 979 | रैयती | 0.138261 | परना महतो, पेशरान–जैराम महतो वो पुरना महतो, पेशरान–जैराम महतो | 980 | 981 | 978 | 977 |
| 31 | 59 | 980 | रैयती | 0.157367 | परना महतो, पेशरान–जैराम महतो वो पुरना महतो, पेशरान–जैराम महतो | 981 | 982 | 979 | 978 |
| 32 | 137 | 72 | रैयती | 0.094610 | मेघु महतो वल्द धामु महतो वो सुनुआ महतो वल्द कन्हाई महतो | 73 | 74 | 71 | 70 |
| 33 | 137 | 74 | रैयती | 0.048517 | मेघु महतो वल्द धामु महतो वो सुनुआ महतो वल्द कन्हाई महतो | 75 | 76 | 73 | 72 |
| 34 | 137 | 75 | रैयती | 0.174795 | मेघु महतो वल्द धामु महतो वो सुनुआ महतो वल्द कन्हाई महतो | 76 | 77 | 74 | 73 |
| 35 | 137 | 567 | रैयती | 0.039510 | मेघु महतो वल्द धामु महतो वो सुनुआ महतो वल्द कन्हाई महतो | 568 | 569 | 566 | 565 |
| 36 | 137 | 569 | रैयती | 0.043414 | मेघु महतो वल्द धामु महतो वो सुनुआ महतो वल्द कन्हाई महतो | 570 | 571 | 568 | 567 |
| 37 | 137 | 570 | रैयती | 0.026905 | मेघु महतो वल्द धामु महतो वो सुनुआ महतो वल्द कन्हाई महतो | 571 | 572 | 569 | 568 |
| 38 | 79 | 105 | रैयती | 0.523887 | गोवर्धन सिंह मुण्डा, पिता–श्री मनोहर सिंह मुण्डा | 106 | 107 | 104 | 103 |
| 39 | 79 | 106 | रैयती | 0.395083 | बुधुआ माझी वल्द खेदु माझी | 107 | 108 | 105 | 104 |
| 40 | 79 | 974 | रैयती | 0.107517 | बुधुआ माझी वल्द खेदु माझी | 975 | 976 | 973 | 972 |
| 41 | 79 | 1005 | रैयती | 0.071076 | बुधुआ माझी वल्द खेदु माझी | 1006 | 1007 | 1004 | 1003 |
| 42 | 79 | 1077 | रैयती | 0.019686 | बुधुआ माझी वल्द खेदु माझी | 1078 | 1079 | 1076 | 1075 |
| 43 | 56 | 107 | रैयती | 0.046557 | गोपाल महतो, पेशरान–मैरो महतो वो दुखराज महतो, पेशरान–जोगी महतो वो नुनु महतो, पेशरान–जोगी महतो वो मन्दु महतो, पेशरान–हलु महतो वो लुलुवा महतो, पेशरान–हलु महतो वो सुकल महतो, पेशरान–मैरो महतो | 108 | 109 | 106 | 105 |
| 44 | 56 | 1076 | रैयती | 0.026289 | गोपाल महतो, पेशरान–मैरो महतो वो दुखराज महतो, पेशरान–जोगी महतो वो नुनु महतो, पेशरान–जोगी महतो वो मन्दु महतो, पेशरान–हलु महतो वो लुलुवा महतो, पेशरान–हलु महतो वो सुकल महतो, पेशरान–मैरो महतो | 1077 | 1078 | 1075 | 1074 |
| 45 | 60 | 126 | रैयती | 0.116274 | ऊधवा महतो वल्द जागु महतो वो परना महतो, पेशरान–जैराम महतो वो डोमन महतो, पेशरान–जोधा महतो वो दुर्गा महतो, पेशरान–परान महतो वो पुरना महतो, पेशरान –जैराम महतो वो भीमा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो मेघुवा महतो वल्द जागु महतो वो राम महतो, पेशरान–जोधा महतो वो रामलाल महतो वल्द माधव महतो वो सुनुवा महतो वल्द कन्हाई महतो वो सोमा महतो, पेशरान–परान महतो | 127 | 128 | 125 | 124 |
| | | | कुल | 14.910798 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुर्नवास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रांची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रांची और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू–अर्जन की बावत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रांची के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

उपायुक्त,
रांची

PR 354988 Land Reforms (25-26)_D

समय संवाद

**डॉ० अम्बेडकर के मन में आधुनिकरण के सकारात्मक प्रभाव के प्रति अत्यंत सम्मान उत्पन्न कर दिया था। विशेषकर जानडिबी के लोकतंत्र सम्बंधी विचारों से वे अत्यंत प्रभावित थे। इसलिए उनका मानना था कि एक स्वस्थ्य राजनीतिक तंत्र में कानून के सकारात्मक हस्तक्षेप द्वारा ही सदियों से शोषित समाज को शोषण से मुक्त किया जा सकता है। इसके लिए एक ओर उन्होंने अनेक सरकारी समितियाँ जिनमें 1918 से 1919 के बीच 'साउथबोरो समिति', 1928 में 'साइमन कमीशन' शामिल है, के समक्ष दलित समाज का पक्ष रखा वहीं महार सत्याग्रह एवं 'मनुस्मृति-दहन' जैसे राजनीतिक कार्य भी जारी रखें।**

# लोकतंत्र को कमजोर करती असमानता

**मनोज शर्मा**



**इतिहास** में लम्बे समय से चली आ रही कुरितियों एवं उनके कारण पैदा हुए सामाजिक विभाजन जैसी समस्याओं को सुलझाने हेतु नेतृत्व का उदय समाज के भीतर से ही होना चाहिए। यह नेतृत्व ही अपनी हर दृष्टि, समझदारी और साहस से यह तय करें कि एक समतामूलक समाज एवं सशक्त समाज का निर्माण समस्याओं को निर्भतापूर्वक कुचलकर अथवा उन्हें दरकिनार कर के नहीं वरन उनका विश्लेषण एवं अध्ययन करके लोकहित लोक समिति के आधार पर हो। इसी विश्लेषण एवं अध्ययन के बाद बाबा साहेब ने दलित वर्ग में राजनीति चेतना पैदा करने एवं उन्हें संगठित करने के प्रथम प्रयास के रूप में ही 'वहिष्कृत हितकारिणी सभा की नींव 20 जुलाई 1924 को बम्बई में रखा। वहाँ से पहली बार यह नारा, जो कि संघर्षरत समुहों के सर्वाधिक लोकप्रिय नारों मेंसे एक बना।

'पढ़ो पढ़ाओ, 'संघर्ष करो', 'संगठित हो' का भी उदभव हुआ, इसके अलावा 'मूकनायक' 'बहिष्कृत भारत' जैसी पत्रिकाओं को आरम्भ करके अम्बेडकर ने ने अपने समाज सुधार कार्यक्रम को और विस्तृत आयाम दिया। अम्बेडकर न सिर्फ उस जातिवाद से घृणा करते थे, जो समाज के एक बड़े वर्ग के साथ होने वाले मानवीय व्यवहार के लिए जिम्मेवार था, बल्कि साम्राज्यवादी इतिहास द्वारा 'बाँटों और राज करो की नीति पर आधारित सिद्धांतों के प्रति भी सजग रहते थे। इस प्रकार हिन्दु समाज के एक बड़े तबके के सुधार विरोधी नजरियों से खिन्न होकर ही डॉ० अम्बेडकर ने शुद्रो हेतु ₹प्रथम निर्वाचन₹ की मांग रखी जिसे 1932 में अंग्रेजो द्वारा स्वीकार कर लिया गया था, किन्तु महात्मा गाँधी द्वारा पुरजोर विरोध और अनशन के बाद अम्बेडकर ने यह मांग वापस ले ली और

'पूना पेक्ट' समझौता पर हस्ताक्षर किया जिसके कारण आज भारत के दलितों यानि अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग को आरक्षण का लाभ मिला है।

डॉ० अम्बेडकर के प्रगतिशील विचारों का सबसे बड़ा उदाहरण भारत का संविधान है। उनके नेतृत्व में संविधान सभा ने अपने समय का सबसे प्रगतिशील संविधान बनाकर गैर बराबरी आधारित सामाजिक ढ़ांचे को नष्ट किया एवं समतामूलक समाज की स्थापना की। संविधान का मूल मंत्र स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व था। 26 जनवरी 1950 से देश में संविधान लागू तो हो गया, लेकिन जिस संविधान के मूलमंत्र को देश ने मानने का संकल्प लिया उन मूलमंत्रो को धीरे-धीरे मनूवादी मानसिकताओं के द्वारा कमजोर करने की कोशिश होती रही। देश में असमानता बढ़ने लगी, गरीब और गरीब, अमीर और अमीर बनता जा रहा है, 80 करोड़ लोगों को जीवित रहने के लिए मुफ्त में राशन प्रदान करना इस बात का गवाही है कि सरकार ने देश की जनता के लिए रोजगार के अवसर दिलाने में नाकाम रही। यहाँ तक कि भारत में स्वास्थ सेवा, शिक्षा और जीवन के अवसरों की गुणवत्ता में यह असमान प्रगति उसके गरीब पड़ोसियों जेसे नेपाल और नेपाल की तुलना में बहुत कम है। इन असमानताओं की केवल सबसे चरम धुरी वर्ग, जाति और लिंग पर ध्यान केन्द्रित करती है, ताकि समझा जा सके, आज भारत पड़ोसी देशों से क्यों पिछड़ा है? हाल के वर्षों में बंगलादेश स्वास्थ सेवा में काफी तरक्की की है, पहले स्वास्थ सुविधायें बहुत दुर थी, अब वे बहुत पास है। असमानता अब बिना किसी संदेह के दुनियाँ में सबसे खराब है। अमीर और गरीब पुरी तरह से अलग हैं और दोनों शायद ही कहीं मिलते हैं, सिवाय ट्रैफिक सिगनल के। भारत में अत्यधिक विरोधाभास पनप रहे हैं, समृद्ध-समृद्धी की ऊँची गननचुम्बी इमारते और घोर गरीबी वाली अंधेरी ग्रामीण झुग्गियाँ एक साथ मौजुद हैं। असमानता अब इतनी विषम हो गयी है कि भारत की आधी आबादी को देश की सम्पति की 1.1 प्रतिशत पर जीवित रहना पड़ता है। वर्ष 2016 में जब सम्पत्ति कर समाप्त किया गया तबसे भारत ने फ्रांस, स्विटरलैण्ड और स्वीडेन के संयुक्त अरबपतियों से भी अधिक अरबपति बनाये गये हैं। तत्कालीन दुनियाँ में सबसे सख्त लॉकडाउन में से एक के तहत 35200 मिलियन भारतीय गरीबी रेखा से चले गये। 84 प्रतिशत भारतीय परिवारों की आय में

# योग का बल

**स्वामी मुक्तरथ**

**योग** शरीर के लिए बहुत लाभदायक है। इससे शरीर को बल मिलता है और मानसिक एकाग्रता में भी मदद मिलती है। अगर आप योगा को अपनी जीवनशैली में शामिल करते हैं तो ये हाई बीपी, हृदय रोग, फेफड़े की बीमारी को ठीक करने के साथ पाचन क्रिया में होने वाले परिवर्तन से योगा निजात दिलाता है। नियमित योग के अभ्यास से अनिद्रा, चिंता, अवसाद और मूड स्विंग होने वाली परेशानियों से राहत मिलती है।

**वजन कम करने में मददगार**

योगा की मदद से वजन को भी कम किया जा सकता है। नियमित योगा अभ्यास से मांसपेशियां मजबूत होती हैं। ये आपके बॉडी



को मजबूत बनाता है। योगा से अनिद्रा की समस्या दूर करके अवसाद से भी निजात दिलाता है। महिलाओं में होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं, हार्मोनल समस्या, ब्रेस्ट कैंसर जैसी समस्याओं में राहत दिलाने के लिए योगा एक अहम भूमिका निभाता है। इसके लिए जरुरी है कि महिलाएं अपनी दिनचर्या में योगा को जरुर शामिल करें। आगे की स्लाइड्स में जानें योगा से महिलाओं को क्या फायदे हैं।

**हार्मोस की समस्या से बचाव**

महिलाओं में हार्मोस के बदलाव से होने वाली समस्याएं आम है लेकिन इसे हल्के में लेना भी उचित नहीं है। मासिक धर्म के समय होने वाली समस्याएं जैसे अनियमित चक्र, पेट में होने वाली ऐंठन या मरोड़ और शरीर में एनर्जी की समस्या को दूर करने में योगा से काफी मदद मिलती है। मासिक घर्म के समय महिलाओं के शरीर पोश्चर को सही रखता है जिससे आपका आत्मविश्वास स्तर भी अच्छा रहता है। क लोगों पर हुए शोध में ये बात सामने आई कि वो लोग जो सप्ताह में एक बार भी योगा करते हैं उनमें चार साल में वजन बढ़ने की समस्या उन लोगों से कम है जो कभी नहीं या फिर बहुत कम योगा करते हैं।

**अवसाद और तनाव में राहत**

एक शोध के मुताबिक महिलाओं में पुरुषों की तुलना में ज्यादा अवसाद और तनाव देखा गया है। यह बात सामने आई है कि योगा मस्तिष्क में गुड केमिकल का स्त्राव करता है जिससे दिमाग को तनाव और अवसाद से राहत मिलती है। योगा करने से सांस की समस्या भी नहीं होती है।शोध में ये भी साबित हुआ है कि लगातार योगासन का अभ्यास करने से ब्रेस्ट कैंसर से लड़ने में महिलाओं को मदद मिलती है। (सत्यानंद योग मिशन रांची)

# हमारा मेटॉबॉलिज्म ही हमारी जान



**जीवीएस शास्त्री**

**हम** जब सोते हैं तब हमारे शरीर के भीतर कई सारी रसायनिक गतिविधियां होती हैं। हम जो भोजन खाते हैं , वो पचने के बाद ऊर्जा में परिवर्तित होता है। जिस माध्यम से यह प्रक्रिया होती है, वह मेटाबॉलिज्म है। मेटाबॉलिज्म के सुस्त पड़ने से शरीर में थकावट महसूस होने लगती है, डायबिटीज होने की संभावनाएं भी बढ़ जाती है। कई बार अचानक वजन बढ़ने या घटने लगता है। शरीर में चुस्ती-फुर्ती नहीं रहती है, समय-बेसमय शरीर में दर्द होने लगता है, मांसपेशियों में कमजोरी, हृदय गति का कम होना, अवसाद आदि समस्याएं इसी कारण से होने लगती है। इसलिए बहुत जरूरी है कि हमारा मेटाबॉलिज्म कम न रहे। यदि आपका भी मेटाबॉलिज्म कम है तो अगली स्लाइड्स से जानिए मेटाबॉलिज्म बढ़ाने के उपाय।

**नाश्ते को न करें नजरअंदाज**

पूरे दिन शरीर में ऊर्जा नियंत्रित रहे इसके लिए बहुत जरूरी है कि आप सुबह उठकर व्यवस्थित नाश्ता करें। जो लोग सुबह नाश्ता नहीं लेते और लंबे समय तक भूखे रहते हैं, उनका मेटाबॉलिज्म सुस्त रहता है। वे दिनभर आलस्य का शिकार रहते हैं।

**दही**

मेटाबॉलिज्म बढ़ाने के लिए दही का सेवन बहुत लाभकारी है। दही मतलब दही, ऐसा नहीं कि दही के साथ आप कोई तली-गली चीज का सेवन करें। कोशिश करें कि कम फैट वाला दही खाएं। दही में ऐसे पोषक तत्व होते हैं, जो कि शरीर का मेटाबॉलिज्म बढ़ाते हैं इसलिए दिन के भोजन के साथ एक कटोरी दही जरूर खाएं।

**डार्क चॉकलेट**

यदि आपको डार्क चॉकलेट पसंद है तब तो आपका मेटाबॉलिज्म कभी कमजोर नहीं हो सकता है। डार्क चॉकलेट में मौजूद कैफिन और एंटीऑक्सीडेंट मेटाबॉलिज्म बढ़ाते हैं। यदि मेटाबॉलिज्म के नाम पर आप सामान्य चॉकलेट खाएंगे तो नुकसान पहुंचाएगी क्योंकि उसमें शुगर बहुत अधिक होती है।

**गहरी सांस**

मेटाबॉलिज्म बढ़ाने के लिए बहुत जरूरी है कि दिनभर में आप थोड़ी देर के लिए खुली हवा में बैठकर लंबी गहरी सांसें लें। ऐसा करने से शरीर में प्राणवायु अच्छे से जाएगी जो कि अधिक से अधिक ऊर्जा खर्च करने में आपकी सहायता करेगी। जब शरीर की ऊर्जा अधिक से अधिक खर्च होगी तो शरीर में सुस्ती महसूस नहीं होगी।

**सोयाबीन का तेल**

सोयाबीन का तेल खाना भी बहुत जरूरी है। यह मेटाबॉलिज्म का विकास करता हैअधिक सेवन से बचें। सोयाबीन के तेल में ओमेगा-3 फैटी एसिड्स होते हैं जो कि मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने के लिए बहुत लाभदायक है।

# पर्यावरण के हित में



**अन्नू अंबालिका**

**नई** पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति संस्कारित करने के लिए बाल-साहित्य की विभिन्न विधाओं में पर्यावरण प्रमुख विषय रहा है। आलोच्य कृति गर्म पहाड़ और अन्य कहानियां भी ऐसा ही रचनात्मक प्रयास है। शहरीकरण तथा पर्यावरण पर शोध कर चूंकि लेखिका अनीता भटनागर जैन ने तीन रोचक बाल कहानियों के माध्यम से अनूठा संदेश दिया है।

शीर्षक कहानी गर्म पहाड़ में जहां पर्यावरण असंतुलन के चलते पहाड़ों की बदलती आबोहवा का मार्मिक चित्रण है, वहीं इसकी आदर्श पहाड़ी-यात्रा प्रेरक बन पड़ी है। दूसरी कहानी पॉलिथीन का प्रलय में बच्चा पार्टी द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक तथा पॉलिथीन के प्रति व्यावहारिक जागरूकता के टीम-वर्क को रेखांकित किया गया। संग्रह की तीसरी कहानी सोन चिरैया जल संरक्षण हेतु जंगल के जानवरों द्वारा तालाब की खुदाई व जीर्णोद्धार का अनूठा कथानक प्रभाव छोड़ता है, जिसमें कजरी हथिनी, श्वेता सारस, लंबू जिराफ, मिट्ठू तोता, चुन्नू बंदर, कल्लू भालू, यामा कोयल व सुनहरी हिरण के सामूहिक कार्य के सुखद परिणाम से एकता में बल है। के मूल मंत्र को सिखाया गया है।

संग्रह की भाषा बेहद सरल व सहज है। चित्रकार धीरज सामबोसी के रंगीन मनोहरी चित्र, सुंदर छपाई तथा प्रासंगिक कलात्मक आवरण इस बालकृति की अन्य खूबियां हैं। यह संग्रह पर्यावरण चेतना के साथ बाल-साहित्य को समृद्ध करेगा, ऐसा विश्वास है।

# अकेलापन से भी अपनापन है मेरा

**प्रशांत झा**

**अकेलेपन** का एहसास कुछ लोगों के लिए सजा जैसा है तो कुछ के लिए जिंदगी की जरूरत। ज्यादातर लोग अकेलेपन और बेचैनी से छुटकारा पाने के लिए भीड़ की तरफ भागते हैं और उनका रहा सहा सुकून भी कुछ पल की मस्ती के बाद गायब हो जाता है। वहीं अकेलापन भले भी शुरूआत में थोड़ा बोझिल लगे और काटने को दौड़े लेकिन ये आपको वास्तविकता से रूबरू कराता है। यही वजह है कि कुछ लोग बिलकुल अकेला रहना पसंद करते हैं। कुछ लोगों को ये इस कदर पसंद होता है कि वो कभी कोई रूममेट तक नहीं रखना चाहते।

## अकेले रहने के फायदे

-अकेलापन हमें रिश्तों को समझने की समझ देता है। जब हम लोगों के दूर खुद के साथ समय बिताते हैं तो उस दौरान हम खुद की जिंदगी का विश्लेषण कर पाते हैं। कौन हमारे लिए सही है और किसी वजह से हमारे जीवन में नकारात्मकता बढ़ रही है इस बात पर गहन विचार कर पाने की शक्ति और समय हमें अकेलेपन में ही मिल पाता है।

-अकेलेपन में समय बिताकर ही वास्तविकता में आप खुद के लिए जीना सीखते हैं। उस स्थिति में आप ये समझ पाते हैं कि हर हालात में आपको ही खुद को संभालना होगा, रोने के बाद खुद ही मुस्कुराना होगा, गैस की पाइप बदलने से लेकर बैंक और बाजार के सारे काम खुद से ही करने होंगे। अकेलापन आपको आत्म निर्भर बनाता है।

-अकेलापन आपको आपकी अहमियत से रूबरू कराता है। ये आपको खुद से प्यार करना भी सिखाता है। आप जीवन की इस सच्चाई को समझ पाते हैं कि अगर आप खुद के साथ नहीं खड़े हैं तो कोई और आप का साथ देने वाला नहीं है। आप खुद के लिए फैसले लेना और उन्हें अमल में लाना सीखते हैं।

-अकेले रहने पर आप अपने जीवन के उद्देश्य को तलाश पाते हैं। इस वक्त में आप ये चिंतन कर सकते हैं कि ऐसा क्या है जो आगे बढ़ने में आकी मदद करेगा। आप समझ पाते हैं कि ब्रह्मांड में आपका जन्म किसी विशेष उद्देश्य की पूर्ति के लिए हुआ है और आप अपने लक्ष्य को साधने का प्रयास करते हैं।

-अकेलापन दरअसल खुद को जानने और समझने के लिए काफी जरूरी है।

- हिंदू धर्म में तत्व ज्ञान के लिए एकांतवास अनिवार्य और आवश्यक है।

**(मोटिवेटर कांउसलर)**

# पहली महिला वकील



**भारत** की पहली महिला वकील बनने का गौरव कॉर्नेलिया सोराबजी के पास है। जिन्होंने बॉम्बे यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन करने के बाद ऑक्सपोर्ड से वकालत की पढ़ाई की।

आजादी के पहले भारत में किसी भी महिला का उच्च शिक्षा में पढ़ना इतना आसान नहीं था। लेकिन कॉर्लेनिया ने वकालत की पढ़ाई कर सारे बंधनों को तोड़ा। परीक्षा में सबसे ज्यादा अंक पाने के बावजूद उन्हें महिला होने के नाते स्कॉलरशिप से दूर रखा गया। ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी करने के बाद उनके लिए ऑक्सफोर्ड जाकर पढ़ना मुश्किलों भरा था। तब कुछ अंग्रेज महिलाओं की मदद से उनके लिए फंड का इंतजाम किया गया और कॉर्नेलिया वकालत की पढाई के ऑक्सफोर्ड पहुंची। 1892 में कॉर्नेलिया ने बैचलर ऑफ सिविल लॉ की परीक्षा पास करने वाली पहली महिला बनीं। लेकिन कॉलेज ने उन्हें डिग्री देने से मना कर दिया। क्योंकि उस काल में महिलाओं को वकालत के लिए रजिस्टर करने और प्रेक्टिस की इजाजत नहीं थी।

लेकिन कॉर्नेलिया ने हार नही मानी।

भारत लौटकर वापस आने के बाद वो महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए मदद करने लगीं। काफी अथक परिश्रम के बाद कार्नेलिया को सफलता हाथ लगीं। वकालत के दौरान कार्नेलिया ने 600 से ज्यादा महिलाओं को कानूनी सलाह दी। 1922 में लंदन बार ने महिलाओं को कानून की प्रैक्टिस करने की आज्ञा दी।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# केवल कानून से नहीं रुकेगा बाल यौन शोषण

**सुप्रीम कोर्ट का सुझाव- 'चाइल्ड पोर्नोग्राफी' के स्थान पर 'बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री' का प्रयोग करें**

**हाल** में ही सुप्रीम कोर्ट ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी के खिलाफ कानूनों को मजबूत करते हुए ऐतिहासिक निर्णय दिया है। जिसके अनुसार ऐसी आपतिजनक सामग्री देखना, रखना यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम के तहत दंडनीय है, भले ही सामग्री शेयर न की गई हो। यह निर्णय बाल शोषण को संबोधित करने और बच्चों के अधिकारों के संरक्षण में व्यक्तियों की जवाबदेही को व्यापक बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम को दशार्ता है। सुप्रीम कोर्ट ने संसद को सुझाव दिया कि वह यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम में संशोधन करके 'चाइल्ड पोर्नोग्राफी' शब्द के स्थान पर 'बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री' का प्रयोग करे।

बाल शोषण और शोषण की भयावह वास्तविकताओं से जूझ रहे समाज में यह फैसला न केवल मद्रास उच्च न्यायालय के विवादास्पद फैसले को पलटता है, बल्कि संभावित अपराधियों के लिए एक मजबूत निवारक के रूप में भी काम करता है। बाल यौन शोषण एक व्यापक मुद्दा है जिसे शून्य सहनशीलता के साथ निपटाया जाना चाहिए। यह निर्णय ऐसी सामग्री के मात्र कब्जे को बाल शोषण की बड़ी समस्या के हिस्से के रूप में मान्यता देता है। बाल पोर्नोग्राफी सिर्फ.एक अलग, निजी अपराध नहीं है, बल्कि दुर्व्यवहार के एक वैश्विक नेटवर्क में योगदान देता है, जहाँ पीड़ितों- अक्सर कमजोर बच्चों- का शोषणकारी सामग्रियों के संचलन और उपभोग के माध्यम से बार-बार उल्लंघन किया जाता है।

उच्चतम न्यायालय के निर्णय ने धारा 15 का विस्तार किया है, जो अब चाइल्ड पोर्नोग्राफी को देखने या रखने पर भी सजा का प्रावधान करता है। पूर्व में यह केवल चाइल्ड पोर्नोग्राफी शेयर करने पर दंड का प्रावधान था। वर्ष 2019 के संशोधन में केवल चाइल्ड पोर्नोग्राफी को प्रसारित या प्रदर्शित करने के इरादे से संग्रहीत करने पर दंड की शुरूआत की गई। न्यायालय ने रचनात्मक आधिपत्य को शामिल करने के लिए आधिपत्य की परिभाषा को व्यापक बनाया, जिसमें व्यक्तियों को ऐसी सामग्री को डाउनलोड किए बिना केवल देखने के लिए भी उत्तरदायी ठहराया गया। कोई व्यक्ति बिना स्टोर किए ऑनलाइन चाइल्ड पोर्नोग्राफिक वीडियो देखता है, तो भी उसे अपराध के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि धारा 15 में छोटे अपराध भी शामिल हैं, जिसमें चाइल्ड पोर्नोग्राफी को संग्रहीत करने या देखने जैसी गतिविधियों को बड़े अपराध करने की प्रारंभिक अवस्था के रूप में माना जाता है। पोर्नोग्राफी देखने की सूचना न देना भी अब दंडनीय अपराध माना जाता है। सर्वोच्च न्यायालय ने भारत के कानूनों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाते हुए ह्यचाइल्ड पोर्नोग्राफीह्न का नाम बदलकर बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री करने का सुझाव दिया। इस निर्णय में यह अनिवार्य किया गया है कि व्यक्तियों को चाइल्ड पोर्नोग्राफी के किसी भी मामले की रिपोर्ट करनी होगी, जिससे जवाबदेही केवल उन लोगों तक ही सीमित नहीं रह जाएगी जो सामग्री को शेयर या संग्रहीत करते हैं। न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी को ऑनलाइन देखना भी अपराध है, जिससे बाल शोषण के खिलाफ डिजिटल सुरक्षा उपायों को मजबूती मिली है। इस निर्णय में कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा (इरादे) की गहन जाँच करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक मामले की गंभीरता की पूरी तरह से जाँच की गई है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले जैसे न्यायिक हस्तक्षेप जवाबदेही को बढ़ाते हैं तथा यह सुनिश्चित करते हैं कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी के निष्क्रिय उपभोग को भी दंडित किया जाए। बाल संरक्षण से संबंधित कानूनी परिभाषाओं को मानकीकृत करने में न्यायालय महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जैसे कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी में बदलाव की सिफारिश करना। यह परिवर्तन सुनिश्चित करता है कि कानून, बाल यौन शोषण की गंभीरता को प्रतिबिंबित करता है। चाइल्ड पोर्नोग्राफी की रिपोर्टिंग को अनिवार्य बनाकर, न्यायिक हस्तक्षेप बच्चों को दुर्व्यवहार से बचाने की समाज की जिम्मेदारी को मजबूत करता है। न्यायिक हस्तक्षेप ,भारत के कानूनी ढांचे को अंतरराष्ट्रीय मान वली में बदलाव की सिफारिशें वैश्विक बाल संरक्षण मानदंडों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

**-डॉ. सत्यवान सौरभ**

# हेल्थ के लिए पीएच लेवल संतुलन से ही बेहतर

**देवेश प्रकाश**

**पीएच आखिर है क्या**

इस सवाल का सही जवाब जानने के पहले हमें यह जानना जरूरी है कि पीएच आखिर है क्या और इसके सही लेवल का मतलब क्या है? पीएच का फुल फॉर्म है- पावर ऑफ हाइड्रोजन यानी हाइड्रोजन की शक्ति। दरअसल किसी द्रव में हाइड्रोजन के अणुओं की संख्या तय करती है कि वह एसिडिक यानी अम्लीय है या एल्केलाइन यानी क्षारीय। मतलब अगर किसी लिक्विड या प्रोडक्ट का पीएच 1 या 2 है तो इसका मतलब है कि वह एसिडिक यानी अम्लीय है और अगर पीएच 13 या 14 है तो इसका मतलब यह है कि वह एल्केलाइन यानी क्षारीय है।

**आदर्श पीएच स्केल**

पीएच स्केल 0 से 14 तक जाता है। इसमें 0 सबसे ज्यादा अम्लीय और 14 सबसे क्षारीय बिंदु हैं,जबकि 7 तटस्थ बिंदु है। शरीर का आदर्श पीएच लेवल 7.35 से 7.45 के बीच होता है। इस बिंदुओं के इधर-उधर किसी भी मामूली बदलाव के हमारे शरीर में गंभीर प्रभाव हो सकते हैं। मसलन यदि शरीर का पीएच लेवल 6.9 तक गिर जाये तो हम कोमा में जा सकते हैं।

**सेहत के लिए पीएच संतुलन के मायने**

पीएच संतुलन हमारे समग्र स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है; क्योंकि यह संतुलन हमारे शरीर को अच्छी तरह से काम करने में मदद करता है। इस संतुलन की बदौलत ही शरीर के ऊतकों तक ऑक्सीजन की डिलीवरी होती है, इसी के चलते शरीर में सही से जैव रासायनिक प्रक्रियाएं सम्पन्न होती हैं। यदि शरीर में पीएच संतुलन गड़बड़ा जाये तो ग्लाइकोलाइटिक एंजाइम फॉस्फोफ्रक्टोकिनेज-1 (पीएफके-1), की गतिविधि मंद पड़ जायेगी क्योंकि यह पीएच पर निर्भर है, इसके नतीजे में चक्कर आना,बहुत ज्यादा थकान महसूस करना, भूख न लगना, जबर्दस्त सिरदर्द होना,तेज-तेज सांसें चलना,उल्टी आना,उनींदेपन का शिकार हो बेहोश हो जाने से लेकर कोमा में भी जा सकते हैं और अंततः प्राणों पर भी संकट आ सकता है।

**रोजमर्रा की गतिविधियों के लिए जरूरी**


जब शरीर बहुत अधिक अम्लीय यानी एसिडोसिस या बहुत अधिक क्षारीय यानी एल्कलोसिस हो जाता है, तो इससे ऐसे लक्षण पैदा हो सकते हैं,जिनके चलते रोजमर्रा की गतिविधियों को संपन्न करना असंभव हो जाता है। हालांकि ऐसा बहुत आसानी से नहीं होता क्योंकि शरीर अपने आप में पीएच संतुलन बनाए रखने में माहिर होता है इसलिए साधारणतया ऐसी स्थिति मुश्किल से आती है। अंगों के पीएच लेवल

अब तक आप समझ गये होंगे कि पीएच वास्तव में एक लघुगणकीय पैमाना है, जिसका उपयोग जलीय घोलों की अम्लता या क्षारकता को निर्दिष्ट करने के लिए किया जाता है। हमारे शरीर के अलग-अलग अंगों का पीएच लेवल अलग-अलग होता है जैसे- पेट का पीएच 1.5 से 3.5 के बीच होता है। त्वचा का पीएच 5.4 से 5.9 के बीच होता है।

**पदार्थों के मुताबिक पीएच स्तर**

पीएच की सीमा 0-14 है। 7 से अधिक पीएच का मतलब है कि पदार्थ क्षारीय है। वहीं 7 से कम पीएच का मतलब है कि पदार्थ अम्लीय है। जब पीएच बिल्कुल 7 होता है तो यह इंगित करता है कि पदार्थ तटस्थ है। शुद्ध पानी का पीएच मान 7 होता

# ब्रेन कल्चर कितना खतरनाक



## एक नजर में

### बरही में नशा के खिलाफ जागरूकता रैली



बरही। बीडीओ जयपाल महतो के निर्देश पर बाल विकास परियोजना एवं जेएसएलपीएस से जुड़ी महिलाओं ने मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने के लिए शनिवार को जागरूकता रैली निकाली। महिलाओं ने से कहा कि बच्चे और युवा पीढ़ी विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थों का दुरुपयोग वा सेवन कर अपना भविष्य बर्बाद कर रहे है। कई प्रकार के उपयोग में लाने वाला सामग्री और दवाओं का भी सेवन नशे के लिए करके समाज को विषाक्त कर रहे है। जिन्हें नशा के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक कर मुक्ति दिलाना है। मौके पर पर्यवेक्षिका अनुराधा पासवान, रुकसाना प्रवीण, सुमन देवी, जेएसएलपीएस जेंडर सीआरपी प्रियंका देवी, लीलावती देवी, सुनैना देवी, अनीता देवी, गौरा देवी, सुनीता देवी, कॉर्डिनेटर सुदेश महतो, रवि कुमार, प्रमोद सिंह सहित कई लोग शामिल थे।

### चौपारण में जगन्नाथ रथयात्रा 27 जून को

चौपारण। भगवान जगन्नाथ की ऐतिहासिक रथयात्रा इस वर्ष 27 जून को श्रद्धा के साथ निकाली जाएगी। आयोजन को यादगार बनाने को लेकर शनिवार को होटल सेलिब्रेशन में रथयात्रा समिति और प्रेस क्लब चौपारण ने की बैठक। बैठक में जगन्नाथ मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संजय सिंह सहित भाजपा नेता राजदेव यादव, रामचंद्र सिंह, इंदीवर सिंह, अभिषेक सिंह और सुमन सिंह ने रथयात्रा की तैयारियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बनेगा। प्रेस क्लब चौपारण की ओर से अध्यक्ष शंकर यादव, सचिव उमेश पासवान, वरिष पत्रकार अजय ठाकुर, कोषाध्यक्ष किशोर कुमार राणा सहित बीरेंद्र शर्मा, प्रमोद सोनी, अरविंद कुमार सिंह, अभिमन्यु सिंह, दुर्गेश पांडेय, अजित सिंह, कृष्णा पासवान, फैजान अजमेरी, प्रदीप यादव, चंदन राणा, मिथुन दांगी, अमित सिंह, चंदन सिंह, संतोष विश्वकर्मा और नितेश केशरी बैठक में उपस्थित थे।

### गैरमजरूआ जमीन पर कब्जे का आरोप

चरही। इंद्रा में गैरमजरूआ जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर प्लॉटिंग और बिक्री का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित दिनेश्वर ठाकुर ने इस संबंध में उपायुक्त हजारीबाग को लिखित आवेदन देकर भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में दिनेश्वर ठाकुर ने बताया कि उनके पिता वंशी ठाकुर को इंद्रा मौजा के खाता नंबर 1, प्लॉट संख्या 38/2, रकबा 2 एकड़ 22 डिसमिल जमीन भुदान योजना के तहत प्राप्त हुई थी। उसी जमीन पर उनके छोटे भाई प्रकाश ठाकुर तथा अन्य लोग मिलकर कब्जा कर रहे हैं और जमीन की प्लॉटिंग कर बेच भी रहे हैं। दिनेश्वर ठाकुर ने कहा कि जमीन के सौदे और कब्जा करने से रोकने पर जान मारने की धमकियाँ दी जा रही है। इस अवैध कार्य में स्थानीय लोगों के साथ-साथ मांडू (रामगढ़) निवासी नईम खाँ भी शामिल हैं।

### बोलेरो का टायर फटने से चार लोग घायल

बरही। पदमाथाना के समीप बोलेरो का टायर फटने से बोलेरो में सवार दो महिलाओं समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में शबाना खातून उम्र 50 वर्ष, पिता अब्दुल अजीज, अजमत अली उम्र 30 वर्ष, पिता अब्दुल जलील, मुनेजा खातून उम्र करीब 40 वर्ष, पति मो मुस्तकीम अंसारी और अजमेरी खातून उम्र 25 वर्ष, पति अजमत अंसारी शामिल हैं। सभी घायलों की पहचान बरही थाना क्षेत्र के करियातपुर पंचायत के करियातपुर पंचायत के गड़लाही गांव निवासी के रूप में की गई है। प्रशासन और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### बरही : जमीन विवाद में मारपीट, छह घायल

बरही। करियातपुर पंचायत के दूधपनियां गांव में जमीन विवाद व एक चारदीवारी निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें दोनों पक्षों की ओर से दो महिला सहित छह लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज बरही अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। घायलों में दूधपनियां ग्राम निवासी रमेश कुमार प्रजापति व पत्नी कुमारी संगीता रानी, पुत्र रोशन कृष्णा एवं दूसरी ओर से दूधपनियां के ही महेश पंडित व पत्नी साबो देवी, रामचंद्र पंडित का 30 वर्षीय पुत्र विजय पंडित शामिल है।

### जीआरसी सलाहकार समिति का गठन

रामगढ़। पतरातु बीडीओ की अध्यक्षता में शनिवार को जीआरसी सलाहकार समिति का गठन किया गया। इस समिति का उद्देश्य जेंडर संबंधी मुद्दों पर चर्चा करना, नीतियों और कार्यक्रमों को विकसित करना और जेंडर समानता को बढ़ावा देना है। जीआरसी सलाहकार समिति के अध्यक्ष बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता होंगे। जबकि प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक पुरुषोत्तम सिन्हा संयोजक के रूप में कार्य करेंगे। इसके अलावा, प्रखंड प्रमुख बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, डालसा प्रतिनिधि, पुलिस थाना प्रभारी, प्रखण्ड चिकित्सा पदाधिकारी, एनजीओ /सीएसओ प्रतिनिधि, डीआरपी जेएसएलपीएस और प्रखंड के सभी संकुल संगठन से दो प्रतिनिधि सदस्य के रूप में शामिल होंगे। समिति जेंडर संबंधी मुद्दों पर चर्चा करने, नीतियों और कार्यक्रमों को विकसित करने, और जेंडर समानता को बढ़ावा देने के लिए काम करेगी।

### पीवीयूएनएल में लगा रक्तदान शिविर



भुरकुंडा (रामगढ़)। पीवीयूएन लिमिटेड ने सामाजिक उत्तरदायित्व एवं मानव सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए शनिवार को पतरातू स्थित पीवीयूएनएल अस्पताल परिसर में आह्वान अभियान के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें संस्थान के अधिकारियों, कर्मचारियों और अस्पताल स्टाफ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पीवीयूएनएल के सीईओ आरके सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहें, जिनमें अनुपम मुखर्जी (महाप्रबंधक परियोजनाएं), मनीष क्षेत्रपाल (महाप्रबंधक संचालन एवं अनुरक्षण), संगीता दास (महाप्रबंधक पीएंडएस), विष्णु दत्त दास (महाप्रबंधक इलेक्ट्रिकल इरेक्शन) और मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. तनमय मिश्रा शामिल थे।

# 500 से अधिक छात्रों का भविष्य अधर में

## केरेडारी के जोरदाग में खनन के लिए ऋत्विक कंपनी ने विद्यालय का किया अधिग्रहण

अभय कुमार सिंह

**▸▸ ग्रामीणों की मांग, पहले स्कूल बनाओ, फिर तोड़ो**

हजारीबाग/ केरेडारी। केरेडारी की जमीन पर आज एक ऐसा बवाल खड़ा है, जो आने वाले समय में सरकार, प्रशासन और खनन कंपनियों की नीयत पर सबसे बड़ा सवाल खड़ा करेगा। विकास के नाम पर जब किसी गांव के बच्चों से उनका स्कूल ही छीन लिया जाए, और वो भी बिना कोई विकल्प दिए, तो क्या इसे जबरन उजाड़ नहीं कहा जाएगा? केरेडारी प्रखंड के जोरदाग पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोरदाग में पिछले 6 महीनों से शिक्षा नहीं, संघर्ष की क्लास चल रही है। 500 से अधिक छात्र-छात्राएं इस विद्यालय में पढ़ते हैं, लेकिन अब उनका भविष्य अधर में लटका हुआ है। वजह एनटीपीसी के लिए खनन कार्य कर रही ऋत्विक कंपनी द्वारा विद्यालय का अधिग्रहण। बताया जा रहा है कि इस विद्यालय की दूरी ऋत्विक साइट से मात्र 100 मीटर है। कंपनी का तर्क है कि यह सुरक्षा मानकों के विरुद्ध है, इसलिए स्कूल को तोड़ा जाएगा। ग्रामीणों को इस बात से आपत्ति नहीं कि स्कूल हटेगा, लेकिन सवाल उठता है, पहले नया स्कूल क्यों नहीं बनाया गया? गांव के निवासी जय नारायण कुमार महतो, प्रमोद साव, भवानी महतो, राजकुमार पासवान और अन्य कहते हैं कि अधिग्रहण से पहले कंपनी अधिकारियों ने भरोसा दिलाया था कि पहले नया भवन बनेगा, तब इस स्कूल को तोड़ा जाएगा।

लेकिन अब उल्टी गंगा बह रही है। ऋत्विक कंपनी का समाधान है कि छात्रों को चंद्रगुप्त के विद्यालय में भेज दो। लेकिन क्या वहां जगह है? जवाब है नहीं! चंद्रगुप्त कोल माइंस के अंतर्गत आने वाला विद्यालय पहले से ओवरलोडेड है। ग्रामीण कहते हैं कि उसने साफ तौर पर छात्रों को लेने से इंकार कर दिया है। उसका कहना है कि हम और बच्चों को नहीं ले सकते। फिर इन 500 बच्चों का क्या होगा? ग्रामीणों ने डीसी से लेकर थाना तक कई आवेदन दिए, लेकिन हर जगह से सिर्फ आश्वासन मिला। शनिवार को जब विद्यालय से बेंच-डेस्क निकाला शुरू किया गया, तो ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों ने साफ कर दिया है कि जब तक नया स्कूल तैयार नहीं होगा, एक भी ईंट नहीं हटने देंगे। वहीं ऋत्विक कंपनी के अधिकारी मनोज सिन्हा का कहना है कि सरकार का आदेश है। छह महीने में नया स्कूल बन जाएगा। लेकिन ग्रामीण पूछते हैं कि इन छह महीनों में हमारे बच्चे कहां जाएंगे? खेतों में? अब सवाल ये नहीं कि स्कूल टूटेगा या नहीं। सवाल ये है कि विकास किसके लिए हो रहा है? क्या 500 बच्चों की पढ़ाई को कुचल कर कोई परियोजना राष्ट्र निर्माण कहलाएगी? गांव का बच्चा अब चुप नहीं रहेगा वो पूछेगा, लड़ेगा और हक मांगेगा। क्योंकि अब हंगामा यूं ही बरपा नहीं है ये आवाज है आने वाले कल की!


प्रदर्शन करते ग्रामीण


स्कूल से बाहर बेंच-डेस्क

# प्राकृतिक खेती करें किसान : सांसद

खबर मन्त्र संवाददाता

**▸▸ मनीष जायसवाल ने दारू विष्णुगढ़ और टाटीझरिया प्रखंड का किया दौरा, तीर्थ योजना की दी जानकारी**



हजारीबाग। सांसद मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को विष्णुगढ़, टाटीझरिया और दारू प्रखंड का तूफानी दौरा कर कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने दौरे की शुरुआत चलकरी गांव स्थित प्राचीन महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना से की। इसके बाद भेंडरी गांव में नाबार्ड और जनजागरण केंद्र द्वारा आयोजित जीवा परियोजना के उद्घाटन सह जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने रासायनिक खेती के खतरों को रेखांकित करते हुए किसानों से प्राकृतिक खेती को अपनाने की अपील की। सांसद ने स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं व व्यापारियों से भी मुलाकात की और सांसद तीर्थ दर्शन 2025' योजना की जानकारी दी। 29 जून को भगवान नृसिंह मंदिर से इस योजना की शुरुआत की जाएगी। कोनार डैम में सांसद ने डीवीसी अधिकारियों संग बैठक कर रोजगार और विकास योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने मछली पालन को बढ़ावा देने, वाटर स्पोर्ट्स की संभावनाओं को तलाशने और सौर ऊर्जा उत्पादन की दिशा में कार्य योजना को तेज करने का निर्देश दिया। कोनार सिंचाई परियोजना की स्थिति पर असंतोष जताते हुए उन्होंने अधिकारियों को पुनः पूरी तैयारी के साथ बैठक में आने को कहा। सांसद के साथ नाबार्ड, डीवीसी, कृषि विभाग के अधिकारी और भाजपा प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरे को विकास, जागरूकता और जनसंवाद की दिशा में एक सार्थक पहल माना जा रहा है।

# आर्यभट्ट पब्लिक स्कूल में लगा रक्तदान शिविर

बरही। वर्ल्ड केयर फाउंडेशन ऑफ इंडिया, हजारीबाग की ओर से आर्यभट्ट पब्लिक स्कूल, कारीमाटी में शनिवार को रक्तदान शिविर का उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव ने किया। किशुन यादव ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानवीय योगदान है। इससे किसी अनजान व्यक्ति की जान बच सकती है, इसलिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इस कार्य में सहभागी बनना चाहिए। विद्यालय के संस्थापक उमेश प्रसाद यादव ने बताया कि इस शिविर में 40 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जिसे जरूरतमंदों को निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।




## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय रामगढ़।

Email:- sp-ramgarh@jhpolice.gov.in

### आवश्यक सूचना

#### सर्वसाधारण के लिए सूचना

उपरोक्त पतरातु थाना कांड सं0–178/2023, दिनांक–06.10.2023, धारा:–385/387/120बी0 भा0द0वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट के फरार अप्राथमिकी अभियुक्त अमित गंझू उर्फ काली, पिता–दुपा गंझू, सा0–देवगढ़, थाना–बड़कागांव, जिला:– हजारीबाग, राज्य–झारखण्ड के घर पर दिनांक–29.05.2025 को का द0प्र0सं0 की धारा–84 के अंतर्गत माननीय न्यायलय द्वारा इश्तिहार निर्गत किया गया है।

प्रारूप सं0 4

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा

(धारा 84 देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि(नाम वर्णन और पता) अमित गंझू उर्फ काली, पिता–दुपा गंझू, सा0– देवगढ़, थाना–बड़कागांव, जिला:– हजारीबाग, राज्य– झारखण्ड ने भारतीय दण्ड संहिता की धारा– 385 387/120बी0 भा0द0वि एवं 27 आर्म्स एक्ट के अधीन दंडनीय संज्ञेय, रंगदारी वसूली का अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अमित गंझू उर्फ काली, (नाम) मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में यह दर्शित कर दिया गया है कि उक्त(नाम) अमित गंझू उर्फ काली फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि अमित गंझू उर्फ काली, पिता–दुपा गंझू, सा0– देवगढ़, थाना–बड़कागांव, जिला:– हजारीबाग, राज्य– झारखण्ड के उक्त अभियुक्त अमित गंझू उर्फ काली, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष(या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए(स्थान) व्यवहार न्यायालय, रामगढ़ में तारीख 04.07.2025 को हाजिर हो।

तिथि– 23.05.2025
(न्यायालय का मुहर)

आलोक सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी,
रामगढ़

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि फरार अप्राथमिकी अभियुक्त अमित गंझू उर्फ काली, राज्य –झारखण्ड कहीं मिलते/दिखते है तो इसके संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय/Sri Alok Singh, C.J.M. 1st class, Ramgarh (Jharkhand) के न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें।

पुलिस अधीक्षक रामगढ़– 9431706113
थाना प्रभारी पतरातु, रामगढ़– 9413706322

पुलिस अधीक्षक,
रामगढ़।

PR 355027 (Police) 25-26 (D)


# दुमदुमा -चालकुशा रोड जर्जर

खबर मन्त्र संवाददाता




चालकुशा। दुमदुमा से चालकुशा तक सड़क जर्जर चुकी है, जिससे लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यह रोड प्रखंड के कई गांवों को जोड़ता है, लेकिन सड़क की जर्जर स्थिति के कारण लोग जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय नेता विकास के वादे करते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद सड़क जैसे मूलभूत मुद्दों को भूल जाते हैं।

लोगों ने कई बार सांसद, विधायक और विभागीय अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। प्रतिदिन हजारीबाग जिले के कई गांवों के सैकड़ों लोग इस मार्ग से गुजरते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। प्रदीप यादव, विकास यादव, सिकंदर यादव, कौशल्या देवी, पार्वती देवी सहित कई ग्रामीण ने सांसद व विधायक से जल्द सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।

# दुष्कर्म के शिकार बच्ची के परिजनों से मिले बिनोद कुमार

कटकमसांडी। शनिवार को रविदास महासभा के जिला अध्यक्ष बिनोद कुमार सामूहिक दुष्कर्म के शिकार किशोरी के नवादा पहुंच कर परिजनों से मिले। कुमार ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि हम बाबा साहेब के वंशज हैं और विपरित परिस्थितियों से बखूबी लड़ना जानते हैं। बच्ची को न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाने को तत्पर हूं। केशव रविदास ने निर्भीक व निडर होकर बाबासाहेब के संवैधानिक विधानों के तहत न्याय की लड़ाई लड़ने की बात कही। हम सब आप सभी के साथ हैं।

# दामोदर नदी पर गंगा आरती 29 को



रामगढ़। झारखंड कला सांस्कृतिक संघ द्वारा विश्व वर्षा वन दिवस एवं गंगा आरती 29 जून को रामगढ़ दामोदर नदी तट पर किया जाएगा। उसी को लेकर शनिवार को मुक्तिधाम स्थित शिव महायोगी की प्रतिमा के समक्ष पोस्टर और दान कूपन का विमोचन किया गया।

कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक अमित कुमार सिन्हा, विशिष्ट अतिथि नंदकिशोर गुप्ता, मनोज मंडल, राजेश प्रसाद उपस्थित थे। अमित कुमार सिन्हा ने कहा कि झारखंड कला संस्कृति मंच द्वारा पर्यावरण संरक्षण और पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए 29 जून को विश्व वर्षा वन दिवस एवं भव्य गंगा आरती का आयोजन दामोदर नदी घाट रामगढ़ पर किया जाएगा। कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण के संरक्षण के साथ साथ नदियों की स्वच्छता के लिए लोगों को जागरूक करना है। कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा व नदियों को स्वच्छ रखने के लिए लोगों को प्रेरित करने में मदद मिलेगी।

# ए ला एंगलाइज विद्यालय में छात्र सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



भुरकुंडा (रामगढ़)। ए ला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय भुरकुंडा में शनिवार को सम्मान समारोह में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। समान समारोह का उद्घाटन डीएवी एनटीपीएस बरकाकाना की पूर्व प्राचार्या एवं एआरडी झारखंड की वरिष्ठ शिक्षाविद् डॉ. उर्मिला सिंह, विद्यालय के सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर, प्राचार्य विजयंत कुमार और प्रशासक संजय कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके पूर्व विद्यालय परिवार ने मुख्य अतिथि का पुष्प वर्षा से जोरदार स्वागत किया। समारोह में विज्ञान संकाय के जिला टॉपर वैभव राज, वाणिज्य संकाय के जिला टॉपर वैभव कुमार, जिले में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले सागर केसरी तथा माध्यमिक परीक्षा में विद्यालय टॉपर रहीं शाहिन फातिमा को मुख्य अतिथि डॉ. उर्मिला सिंह ने बुके, सर्टिफिकेट और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. उर्मिला सिंह ने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है। विद्यार्थियों को जीवन में सफलता पाने के लिए सेल्फ स्टडी पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय प्रबंधन के साथ लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी की जाए तो सफलता जरूर मिलती है। छात्रों की यह सफलता उनके परिश्रम, माता-पिता के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने अपने जीवन के प्रेरणादायक अनुभव भी साझा किए, जिससे छात्र और अभिभावकों को प्रभावित किया। सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर ने कहा कि हमारे छात्रों की यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि यह उपलब्धियां हमारे शिक्षण स्तर और विद्यार्थियों की मेहनत का प्रमाण हैं।

# लायंस क्लब ने किया भंडारा



भुरकुंडा (रामगढ़)। लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस शनिवार को भी 50वां सप्ताह गोल्डन जुबिली के रूप में भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कर मां को लड्डू का भोग चढ़ाया गया। इसके बाद भव्य भंडारा का आयोजन कर लायंस क्लब के लोगों द्वारा फूड फॉर हंगर के तहत लगभग 350 लोगों को खिचड़ी रूपी प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद लिया गया। आज के प्रोजेक्ट चेयरपर्सन लायन रमेश अग्रवाल ने बहुत ही गर्म जोशी से सारे लायंस मेंबर का स्वागत व अभिनंदन किया। उन्होंने इस कार्यक्रम को क्लब के अध्यक्ष लायन रेखा वर्णवाल से से अनवरत चलाने का आग्रह किया। जिला चेयरपर्सन लायन अशोक सिन्हा ने बताया गया कि प्रत्येक सप्ताह लायंस परिवार के द्वारा व्यक्तिगत सहयोग से इस तरह का आयोजन किया जाता रहा है। लायंस क्लब भुरकुंडा समाज के निचले स्तर पर जीवन यापन कर रहे लोगो को ध्यान में रखकर समाजिक उत्थान का कार्य कर रहा है, जो निरंतर जारी रहेगा।


## झारखण्ड सरकार
## जिला खनन कार्यालय, चतरा

### चतरा जिलान्तर्गत अवैध रूप से भण्डारित लघु खनिज बालू/पत्थर का आम नीलामी हेतु सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित नियमावली, 2017 एवं झारखण्ड लघु खनिज समनुदान (संशोधन) नियमावली, 2019 के नियम 54A के तहत निम्नांकित स्थलों पर जप्त भण्डारित खनिज "जो जहाँ जिस अवस्था में भण्डारित है", का समेकित आम निलामी दिनांक 28.06.2025 को अपराह्न समय 3.00 PM बजे में अपर समाहर्ता, चतरा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष, चतरा में सम्पन्न की जाएगी।

| क्र0 | अंचल का नाम | अवैध भण्डारण स्थल की विवरणी | भण्डारित खनिज की मात्रा | न्यूनतम डाक राशि (रूपया में) | सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति राशि (रूपया में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हंटरगंज | मौजा– मौंदल एवं देवनबार, हंटरगंज | Sand - 29700 Cft | 222750.00 | 22275.00 |
| | | | Stone -700 Cft | 8687.00 | 869.00 |

2. नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्था को निर्धारित सुरक्षित जमा राशि का दस प्रतिशत प्रतिभूति राशि के रूप में निलामी में भाग लेने के लिए निलामी की तिथि से दो दिन पूर्व कार्यालय अवधि में जिला खनन पदाधिकारी, चतरा के पदनाम से रेखांकित बैंक ड्राफ्ट जमा करना होगा, अन्यथा व्यक्ति/संस्था को डाक में भाग लेने से वंचित कर दिये जायेंगे। सफल डाकवक्ता की प्रतिभूति रकम को छोड़कर शेष अन्य डाकवक्ता द्वारा जमा की गयी प्रतिभूति राशि का बैंक ड्राफ्ट नियमानुसार वापस कर दिया जायेगा।
3. नीलामी में बोली गयी उच्चतम डाक की राशि का प्रतिभूति राशि 10%(दस प्रतिशत) को छोड़कर शेष राशि डाक की समाप्ति या उपायुक्त/प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निदेश दिये जाने पर निलामी वाले तिथि को ही अथवा निर्धारित तिथि को उच्चतम डाकवक्ता द्वारा ऑन–लाईन जमा करना होगा, अन्यथा उच्चतम डाकवक्ता को भविष्य में नीलामी में भाग लेने से वंचित कर दिया जायेगा।
4. उच्चतम डाक की पूर्ण राशि के भुगतान में उच्चतम डाकवक्ता द्वारा असफल रहने की स्थिति में दूसरे उच्चतम डाकवक्ता को उच्चतम डाक की राशि पर सहमति हेतु प्रस्ताव दिया जायेगा एवं उनके समर्थन या स्वीकार होने की स्थिति में यह नीलामी उनके पक्ष में घोषित किया जायेगा।
5. नीलामी के उपरान्त उच्चतम डाक की राशि के पूर्ण भुगतान के पश्चात् ही सफल डाकवक्ता के पक्ष में झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित नियमावली के सुसंगत नियमों के तहत आदेश सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत किया जायेगा।
6. उक्त आदेश निर्गत होने के उपरान्त खनिज के उठाव/प्रेषण हेतु JIMMS द्वारा अस्थाई आई0डी0 सृजित किया जायेगा।
7. उक्त खनिज का उठाव/प्रेषण JIMMS Portal से निर्गत परिवहन चालान के माध्यम से आदेश निर्गत होने की तिथि से तीन माह के अन्दर अनिवार्य रूप से कर लेना होगा। विशेष परिस्थिति में कारणों सहित लिखित आवेदन पर समीक्षोपरान्त अवधि विस्तार पर निर्णय लिया जायेगा।
8. उच्चतम डाकवक्ता द्वारा यथासंभव चतरा जिलान्तर्गत ही उक्त खनिज का बिक्री करना होगा।
9. नीलामी के पश्चात् खनिज का प्रेषण करने में किसी प्रकार का अड़चन यथा पहुँच पथ वगैरह के कारण या किसी अन्य कारणवश निलामीधारी निलामी किये गये खनिज स्थल से प्रेषण नहीं कर पाते हैं तो इसकी पूरी जिम्मेवारी निलामीधारी की होगी तथा भुगतान की गई राशि के विरुद्ध किसी भी प्रकार का दावा/कटौती मान्य नहीं होगा।
10. बालू निष्कासन के क्रम में यदि रैयती भूमि का उपयोग किया जाता है तो उसकी क्षतिपूर्ति का भुगतान निलामीधारी द्वारा किया जायेगा।
11. निलामी में उच्चतम डाकवक्ताओं में अगर TIE (गुलोबन्द) होता है, तो End User को प्राथमिकता मिलेगी।
12. अन्य शर्त एवं बन्धेज झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 (सभी संशोधनों सहित) एवं The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining, Transportation and Storage) Rules, 2017 के प्रावधानों के अनुसार होगा।
13. नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/प्रतिष्ठान/फर्म/संस्था/संवेदक अथवा एजेन्सी दिनांक 25.06.2025 को अपराह्न 05.00 PM बजे तक जिला खनन कार्यालय, चतरा में आवेदन दाखिल कर सकते हैं। आवेदन के साथ निम्नलिखित कागजात संलग्न करना अनिवार्य होगा।
    (क) न्यूनतम डाक राशि का 10 प्रतिशत राशि प्रतिभूति रकम के रूप में।
    (ख) पैन कार्ड एवं अद्यतन आयकर रिटर्न की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति।
    (ग) आधार कार्ड, की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति।
    (घ) आवासीय प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति।
    (च) पासपोर्ट साईज का फोटो की एक प्रति।
    (छ) आवेदन के साथ इस आशय का शपथ पत्र जमा करना होगा कि पूर्व से खनन पट्टाधारक हैं अथवा नहीं, यदि हैं तो खनन बकाया से संबंधित स्वामित्व स्वच्छता प्रमाण पत्र भी जमा करना होगा।
    (ज) पुलिस विभाग से प्राप्त "आचरण प्रमाण–पत्र" की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति (सत्यापन प्रतिवेदन एवं अन्य प्रमाण–पत्र मान्य नहीं होगा)।

नोट :– विशेष जानकारी के लिए जिला खनन कार्यालय, चतरा में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी,
चतरा

PR 355022 Mines and Geology (25-26)_D

# देश के कृषकों के हित में बीज से लेकर बाजार तक सुधार



नरेंद्र मोदी

## प्राकृतिक और जलवायु-स्मार्ट कृषि की ओर

### परंपरागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई)

परंपरागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई) को 2015-16 में भारत में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए पहली व्यापक, केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में लॉन्च किया गया था। यह योजना क्लस्टर-आधारित दृष्टिकोण के माध्यम से जैविक खेती को बढ़ावा देती है, प्राकृतिक खेती के तरीकों को प्रोत्साहित करती है और जैविक उत्पादों के प्रत्यक्ष विपणन के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराती है। इसके अतिरिक्त, इस योजना में आदिवासी क्षेत्रों, द्वीपों और पहाड़ी क्षेत्रों सहित पारंपरिक रूप से जैविक क्षेत्रों को प्रमाणित करने के लिए बड़े क्षेत्र प्रमाणन (एलएसी) कार्यक्रम शामिल है। पीकेवीवाई टिकाऊ कृषि को आगे बढ़ाने, मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार करने और जैविक प्रथाओं के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

पीकेवीवाई और एलएसी के तहत प्रमुख उपलब्धियाँ

वर्ष 2015-16 में इसकी शुरूआत से लेकर अब तक पीकेवीवाई के तहत कुल 2,078.67 करोड़ रु जारी किए गए हैं।38,043 जैविक क्लस्टर (प्रत्येक 20 हेक्टेयर को कवर करता है) बनाए गए हैं, जिसमें कुल 8.41 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को जैविक खेती (एलएसी के तहत क्षेत्र सहित) के अंतर्गत लाया गया है। प्राकृतिक खेती के तहत, 8 राज्यों में 4.09 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को समर्थन दिया गया है।

नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत, 272.85 करोड़ रु जारी किए गए हैं; 9,551 क्लस्टर बनाए गए हैं, जो 1.91 लाख हेक्टेयर को कवर करते हैं।

किसानों द्वारा उपभोक्ताओं को जैविक उपज की सीधी बिक्री की सुविधा के लिए एक समर्पित ऑनलाइन पोर्टल, डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.जैविकखेती.कॉम, लॉन्च किया गया है। अब तक 6.23 लाख किसान इस प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण करा चुके हैं।

योजना के तहत जैविक उत्पादों के विपणन के लिए विभिन्न राज्य-विशिष्ट ब्रांड विकसित किए गए हैं।

* बड़े क्षेत्र प्रमाणन (एलएसी) पहल के तहतः
* कार निकोबार और नानकॉरी द्वीप समूह (एएंडएन द्वीप) में 14,445 हेक्टेयर भूमि को जैविक भूमि के रूप में प्रमाणित किया गया है।
* लक्षद्वीप में खेती योग्य पूरी 2,700 हेक्टेयर भूमि को जैविक के रूप में प्रमाणित किया गया है।
* 60,000 हेक्टेयर भूमि को प्रमाणित करने के लिए सिक्किम राज्य सरकार को 96.39 लाख रु जारी किए गए हैं।
* लद्दाख से 5,000 हेक्टेयर भूमि को प्रमाणित करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, जिसमें से 11.475 लाख रु पहले ही जारी किए जा चुके हैं।

### राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एनएमएनएफ)

अब तक उत्पादन 15.99 मिलियन टन (2021-22) से बढ़कर 17.57 मिलियन टन (2023-24) हो गया है, जो 2023-24 में कुल खाद्यान्न उत्पादन का 5.29% है। एमएसपी के तहत खरीद 6.3 लाख टन (2021-22) से बढ़कर 12.55 लाख टन (2023-24) हो गई।

राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन 26 नवंबर, 2024 को शुरू किया गया था। इस मिशन का उद्देश्य एक करोड़ किसानों के बीच रसायन मुक्त खेती को बढ़ावा देना और 2184 करोड़ रु के वित्तीय परिव्यय के साथ 10,000 जैव-इनपुट संसाधन केंद्र स्थापित करना है।



### मोटा अनाज : श्री अन्न

भारत दुनिया में बाजरा का सबसे बड़ा उत्पादक है, जो वैश्विक बाजरा उत्पादन में 18.1% और वैश्विक मोती बाजरा (बाजरा) उत्पादन में 38.4% का प्रभावशाली योगदान देता है। इस प्राचीन अनाज के पोषण और पर्यावरणीय मूल्य को मान्यता देते हुए, संयुक्त राष्ट्र ने 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष घोषित किया है। भारत में इसे ₹श्री अन्न₹ के रूप में मनाया जाता है, जो इसे सुपरफूड के रूप में दर्शाता है, बाजरा मनुष्यों द्वारा उगाई जाने वाली सबसे पुरानी फसलों में से एक है और अब इसे भविष्य की फसलों के रूप में देखा जा रहा है। जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठीक ही कहा, ₹बाजरा उपभोक्ता, किसान और जलवायु के लिए अच्छा है।₹

### बीज से लेकर बाजार तक सुधार

बीज और रोपण सामग्री पर उप-मिशन (एसएमएसपी)

उच्च उपज वाले बीजों पर राष्ट्रीय मिशन के लिए 100 करोड़ रुपये आवंटित किए गए, ताकि अनुसंधान को बढ़ावा दिया जा सके, उच्च उपज देने वाली, कीट-प्रतिरोधी, जलवायु-लचीली किस्मों का विकास किया जा सके और उनकी व्यापक उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

बीज और रोपण सामग्री पर उप-मिशन (एसएमएसपी), 2014-15 में शुरू किया गया, जिसका उद्देश्य देश भर में बीज उत्पादन, प्रसंस्करण, भंडारण और प्रमाणीकरण को बढ़ावा देकर किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

मुख्य उपलब्धियाँः

* 6.85 लाख बीज गाँव बनाए गए; 1649.26 लाख क्विंटल गुणवत्तापूर्ण बीज का उत्पादन किया गया; 2.85 करोड़ किसान लाभान्वित हुए।
* 13.70 लाख क्विंटल बीज प्रसंस्करण और 22.59 लाख क्विंटल भंडारण क्षमता बनाई गई।
* ग्राम पंचायत स्तर पर 517 बीज प्रसंस्करण-सह-भंडारण इकाइयाँ स्थापित की गईं (2017-20)।
* राष्ट्रीय बीज भंडार के अंतर्गत 29.68 लाख क्विंटल बीज का रखरखाव किया गया।
* बीज गुणवत्ता नियंत्रण को मजबूत करने के लिए 67 बीज परीक्षण प्रयोगशालाओं, 14 डीएनए फिंगरप्रिंटिंग प्रयोगशालाओं, 7 बीज स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं और 42 ग्रो-आउट परीक्षण सुविधाओं के लिए सहायता प्रदान की गई।

बीज की उपलब्धता 351.77 लाख क्विंटल (2014-15) से बढ़कर 508.60 लाख क्विंटल (2023-24) हो गई। वर्ष 2024-25 के लिए प्रमाणित और गुणवत्ता वाले बीजों की उपलब्धता बढ़कर 531.51 लाख क्विंटल हो गई।

बीज ट्रेसेबिलिटी के लिए साथी पोर्टल लॉन्च किया गया, जो 20 राज्यों में पहले से ही चल रहे हैं।

कपास बीज मूल्य नियंत्रण आदेश (2015) उचित मूल्य सुनिश्चित करता है; 2024 की कीमतें 635 रु (बीजी-क) और 864 रु (बीजी-क्क) प्रति पैकेट तय की गई हैं।

2014-15 से 2,593 कृषि और 638 बागवानी फसल किस्में अधिसूचित की गईं।

केंद्रीय बजट 2025-26 में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की घोषणा की गई

केंद्रीय बजट 2025-26 में घोषित प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना राज्यों के साथ साझेदारी में 100 कम उत्पादकता वाले जिलों में शुरू की जाएगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कृषि उत्पादकता बढ़ाकर, सिंचाई के बुनियादी ढांचे में सुधार करके और अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों तरह के ऋण तक पहुँच को सुविधाजनक बनाकर 1.7 करोड़ किसानों को लाभान्वित करना है।

यह व्यापक, बहु-क्षेत्रीय पहल कौशल, तकनीकी हस्तक्षेप, निवेश और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करके कृषि में कम-रोजगार की समस्या से भी निपटेगी।

### अन्य सरकारी पहलः

1. एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी)

773 जिलों से 1,240 उत्पादों की पहचान करके संतुलित क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देता है। सार्वजनिक खरीद को बढ़ावा देने के लिए ओडीओपी जीईएम बाजार में 500 से अधिक श्रेणियाँ सूचीबद्ध की गई हैं।

2. मखाना बोर्ड

मखाना उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन को मजबूत करने के लिए बिहार में स्थापित किया जाएगा। किसानों को एफपीओ में संगठित किया जाएगा तथा उन्हें प्रशिक्षण एवं सरकारी योजनाओं तक पहुंच प्रदान की जाएगी।

### निष्कर्ष

किसान भारत के कृषि क्षेत्र की रीढ़ हैं, जो देश को जीविका प्रदान करते हैं। प्रगतिशील सुधारों, तकनीकी प्रगति और मजबूत सरकारी पहलों ने महत्वपूर्ण विकास और बेहतर दक्षता को बढ़ावा दिया है। मोदी सरकार ने किसानों को आत्मनिर्भर, सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए वित्तीय समावेशन, जलवायु-स्मार्ट कृषि और आधुनिक बुनियादी ढाँचे पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक व्यापक और भविष्य के लिए तैयार दृष्टिकोण पेश किया है। खाद्य सुरक्षा से लेकर किसान समृद्धि तक भारत की यात्रा जारी है, जो दूरदर्शिता पर आधारित है, कार्यों से पोषित और अपने अन्नदाताओं के सपनों से प्रेरित है।

# पर्यावरण अनुकूल धान की सीधी बिजाई को प्रोत्साहन जरूरी

डॉ. वीरेन्द्र सिंह लाठर

धान की सीधी बिजाई विधि की प्रोत्साहन योजना से जहां फसल में पानी की खपत कम होगी वहीं यह पराली प्रबंधन में भी मददगार है। इस विधि से फसल समय पर पककर कटाई जल्दी होती है और अगली फसल बुआई के लिए समय मिलता है। इससे जलाने के बजाय दबाकर पराली का टिकाऊ प्रबंधन भी संभव है।

रोपाई विधि से धान की खेती ने भूजल संकट और वायु प्रदूषण बढ़ाया, जिससे पर्यावरण हितैषी सीधी बिजाई तकनीक उपेक्षित रही। इसकी प्रमुख वजह रही नीति-कार्यक्रमों में त्वरित समाधान और लालफीताशाही। वर्ष 2022-23 में हरियाणा में 16 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में धान की खेती से 59 लाख टन उत्पादन हुआ। कृषि मंत्री ने बताया कि वर्ष 2024 में 50,540 किसानों ने 1.80 लाख एकड़ भूमि पर बिजाई तकनीक अपनाई, जबकि लक्ष्य 3 लाख एकड़ था। वर्ष 2025 के लिए 4 लाख एकड़ लक्ष्य तय किया है, जिसमें प्रति एकड़ 4,500 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

वर्ष 1968 तक प्रदेश के किसान पारंपरिक, पर्यावरण हितैषी सीधी बिजाई विधि से धान उगाते थे। परंतु हरित क्रांति के दौरान नीति नियंताओं ने हरियाणा जैसे राज्य में भी भूजल-बबार्दी वाली रोपाई विधि थोप दी। नतीजन गंभीर भूजल संकट पैदा हुआ और आज प्रदेश के अधिकांश ब्लॉक भूजल संकटग्रस्त ग्रे जोन में हैं।

भूजल संकट के त्वरित समाधान के लिए गैर-तकनीकी नीतिकारों ने हरियाणा प्रिजर्वेशन आफ सबसॉयल ग्राउंड वॉटर एक्ट-2009 बनाकर, धान रोपाई 15 जून से पहले करने पर कानूनी रोक लगा दी। जिसके चलते धान फसल देरी से पकने के कारण कटाई भी देरी से यानी 15 अक्तूबर के बाद होने लगी। इससे अगली फसल आलू, सरसों, गेहूं आदि की बुआई की तैयारी के लिए कम समय मिला तो किसान पराली जलाने को मजबूर हुए। यह वायु प्रदूषण का कारण बन गया। हर साल अक्तूबर से दिसंबर में, सरकार, सर्वोच्च न्यायालय और प्रसार माध्यमों में तरह-तरह के अव्यावहारिक समाधानों के साथ खूब चर्चा होती है। जबकि कम अवधि वाली धान किस्मों के साथ सीधी बिजाई तकनीक प्रदूषण रोकने का टिकाऊ समाधान है। जिससे धान फसल कटाई और अगली फसल बुआई में 30-40 दिन मिलते हैं। पराली खेत में दबाकर बिना जलाये उसका प्रबंधन संभव है।

खासकर, गैर-तकनीकी नीतिकारों ने पिछले एक दशक में पराली प्रबंधन के लिए अव्यावहारिक एक्स सीटू समाधान (पराली के बंडल बनाकर कारखानों तक पहुंचाना) पर करीब दस हजार करोड़ रुपये की बबार्दी की है। जबकि धान कटाई से अगली फसल की बुआई की 10-20 दिन की कम अवधि में भारी मात्रा में उपलब्ध धान पराली का एक्स सीटू प्रबंधन तकनीकी तौर पर लगभग असम्भव है। इसके विपरीत, पराली प्रबंधन के लिए कंबाइन हार्वेस्टर में सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम अनिवार्य करना और पराली दबाकर खाद बनाना किसान व पर्यावरण हितैषी हल है। धान रोपाई विधि से उत्पन्न गंभीर भूजल संकट से निपटने के लिए, नीति नियंता अब सीधी बिजाई विधि पर वापस लौटने को किसानों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। बिजाई विधि में लगभग 30 प्रतिशत भूजल सिंचाई, लागत, बिजली, ऊर्जा, श्रम की बचत के साथ रोपाई धान के ही बराबर ही पैदावार होती है। सीधी बिजाई ग्रीन हाउस गैस के कम उत्सर्जन और रोपाई के मुकाबले 10-15 दिन पहले पकने से पराली प्रबंधन में भी सहायक सिद्ध हुई है। भूजल संरक्षण योजना के अंतर्गत हरियाणा सरकार ने आगामी धान सीजन खरीफ-2025 के लिए 4500 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन पैकेज दिया है व प्रदेश के लगभग 10 प्रतिशत धान क्षेत्र पर सीधी बिजाई का लक्ष्य है। पराली प्रबंधन के लिए 1200 रुपये एकड़ प्रोत्साहन की घोषणा की है। लेकिन इस योजना की कामयाबी के लिए विभागीय स्तर पर बेहतर कार्यशैली की दरकार है। धान की सीधी बिजाई का सही समय 20 मई से 5 जून होता है। बेहतर है कि सीधी बिजाई धान प्रोत्साहन योजना के विज्ञापन समय पर प्रकाशित हों। (पिछले वर्ष इन योजनाओं को अपनाने वाले किसानों के करोड़ों रुपये अभी तक जारी नहीं किये हैं। पिछले वर्ष सीधी बिजाई धान योजना में प्रोत्साहन पैकेज के करोड़ रुपए की योजना बनी।

# जेपीएससी इंटरव्यू के संभावित सवाल



रानी राज

(अंकेक्षक अधिकारी बिहार सरकार)

झारखंड कोयला आधारित उद्योगों पर अपनी निर्भरता कैसे कम कर सकता है?

ड्ट झारखंड से अन्य राज्यों में पलायन के प्रभाव और संभावित समाधानों पर चर्चा करें।

झारखंड जलवायु परिवर्तन कार्य योजना के कार्यान्वयन में क्या चुनौतियाँ हैं?

एक जेएएस अधिकारी के रूप में आप झारखंड में कुपोषण के मुद्दे को कैसे संबोधित करेंगे?

झारखंड के ग्रामीण जिलों में स्वास्थ्य सेवा की पहुंच में सुधार के लिए आप क्या कदम उठाएंगे?

एक जिला मजिस्ट्रेट के रूप में आप जनता की शिकायतों का निपटारा कैसे करेंगे?

झारखंड के शासन में पंचायती राज संस्थाओं के महत्व पर चर्चा करें।

औद्योगिक परियोजनाओं के कारण विस्थापित परिवारों के पुनर्वास में जेएएस अधिकारी किस प्रकार सहयोग कर सकते हैं?

झारखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने में जेएएस क्या भूमिका निभा सकता है (जैसे, नेतरहाट, हुंडरू जलप्रपात)?

झारखंड में अवैध खनन के मुद्दे को आप कैसे सुलझाएंगे?

झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए आप कौन सी रणनीति अपनाएंगे?

झारखंड को 100 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य में जेएएस अधिकारी किस प्रकार योगदान दे सकते हैं?

राज्य अपनी व्यवसाय करने की सुगमता रैंकिंग (2016 में 7वीं) में किस प्रकार सुधार कर सकता है?

झारखंड के सूखाग्रस्त क्षेत्रों में जल की कमी को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं?

उत्पादकता बढ़ाने के लिए झारखंड के कृषि क्षेत्र का आधुनिकीकरण कैसे किया जा सकता है?

झारखंड में केरोसिन वितरण में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) योजना की भूमिका पर चर्चा करें।

झारखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास में क्या चुनौतियां हैं?

झारखंड अपने युवाओं में बेरोजगारी की समस्या का समाधान कैसे कर सकता है?

झारखंड की जनजातीय भाषाओं, जैसे असुरी, पर आधुनिकीकरण के प्रभाव पर चर्चा करें।

मुंडा जनजाति की भुईहारी-परहा प्रणाली कैसे काम करती है?

झारखंड की आदिवासी संस्कृति को संरक्षित करने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं?

छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम (सीएनटी) के तहत जनजातीय भूमि अधिकार स्वदेशी समुदायों की सुरक्षा कैसे करते हैं?

झारखंड के इतिहास में 1855 के संथाल विद्रोह के महत्व पर चर्चा करें।

तिलका मांझी कौन थे और आदिवासी आंदोलन में उनका क्या योगदान था?

सनातन आदिवासी महासभा आदिवासी समुदायों का समर्थन कैसे करती है?

झारखंड के आदिवासी समुदायों को शिक्षा प्राप्त करने में किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है?

आर्थिक सशक्तिकरण के लिए आदिवासी कला और शिल्प (जैसे, सोहराई, खोवर) को कैसे बढ़ावा दिया जा सकता है?

जनजातीय भूमि की सुरक्षा में संताल परगना काश्तकारी अधिनियम (एसपीटी) की भूमिका पर चर्चा करें।

झारखंड के वन संरक्षण प्रयासों में आदिवासी समुदाय किस प्रकार योगदान देते हैं?

झारखंड में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के सामने कौन सी सामाजिक-आर्थिक चुनौतियाँ हैं?

सरकार जनजातीय ज्ञान को सतत विकास नीतियों में कैसे एकीकृत कर सकती है?

झारखंड प्रशासनिक सेवा में शामिल होने के लिए आपको क्या प्रेरित करता है?

आप झारखंड के प्रशासन में नौकरशाही की लालफीताशाही को कैसे संबोधित करेंगे?

झारखंड में सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में डिप्टी कलेक्टर की भूमिका पर चर्चा करें।

आप झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा योजना के कार्यान्वयन को कैसे बेहतर बना सकते हैं?

झारखंड की प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए आप क्या कदम उठाएंगे?

# किसान हितैषी नीतियों, तकनीकी के उपयोग, नवाचार और बाजार तक सुगम पहुंच

शिवराज सिंह चौहान

भारत एक कृषि प्रधान राष्ट्र है, जहां किसान केवल अन्नदाता नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था और सामाजिक संरचना का एक मजबूत स्तंभ है। जब किसान मिट्टी को जोतता है तो वह सिर्फ फसल नहीं, बल्कि देश के करोड़ों नागरिकों के लिए जीवन और समृद्धि का बीज बोता है। कृषि क्षेत्र करोड़ों लोगों को आजीविका देता है। साथ ही, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण विकास का प्रमुख आधार भी है। ऐसे में राष्ट्र की प्रगति के लिए हमारे किसान भाइयों- बहनों की उन्नति आवश्यक है।

आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में केंद्र सरकार ने कृषि और किसान कल्याण को नीति-निर्माण की सर्वोच्च प्राथमिकता में स्थान दिया है। किसानों की मेहनत को उचित सम्मान मिले, उनकी फसल को सही दाम मिले और उनका जीवन खुशहाली से भरा हो, इसके लिए केंद्र सरकार संकल्पित है।

आज संपूर्ण देश ऐसी नीतियों और प्रयासों का साक्षी बना है, जो किसानों की समृद्धि व आत्मनिर्भरता के लिए अटूट प्रतिबद्धता दर्शाते हैं।

प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सरकार का हर कदम-हर योजना-हर निर्णय किसान कल्याण के लिए समर्पित है। बीते दशक में केंद्र सरकार ने किसान कल्याण के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं, जिनसे न केवल किसानों की आय बढ़ी, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी सुदृढ़ हुआ है। चाहे न्यूनतम समर्थन मूल्य में अभूतपूर्व वृद्धि हो, फसलों की खरीद में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो या तकनीकी नवाचारों के माध्यम से खेती को आधुनिक बनाने का प्रयास; केंद्र सरकार ने हर क्षेत्र में किसानों के लिए दिन-रात काम किया है।

किसान हितैषी नीतियों, तकनीकी के उपयोग, नवाचार और बाजार तक सुगम पहुंच के माध्यम से भारत एक ऐसी कृषि व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, जो टिकाऊ, समावेशी और भविष्य उन्मुख हो।

पहले के समय में हमारे किसान फसल लागत से नाममात्र का लाभ कमा पाते थे, पर आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने स्पष्ट नीति बनाई कि हर फसल पर उसकी लागत से ऊपर, कम से कम 50% मुनाफा सुनिश्चित होगा।

आज खरीफ व रबी की प्रमुख फसलों के टरढ में 1.8 से 3.3 गुना तक की वृद्धि की गई है। कभी धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2013-14 में ?1310 प्रति क्विंटल था, जो 2025-26 में बढ़कर ?2369 हो गया है। इसी तरह ज्वार का टरढ 1500 से बढ़कर 3699, बाजरा 1250 से 2775, रागी 1500 से 4886, मक्का 1310 से 2400, तूर (अरहर) 4300 से 8000, मूंग 4500 से 8768, उड़द 4300 से 7800, मूंगफली 4000 से 7263, सूरजमुखी बीज 3700 से 7721, सोयाबीन (पीला) 2560 से 5328, तिल 4500 से 9846, रामतिल 3500 से 9537, कपास 3700 से 7710 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। रबी फसलों में गेहूं का टरढ 1400 से 2425, जौ 1100 से 1980, चना 3100 से 5650, मसूर 2950 से 6700, रेपसीड/सरसों 3050 से 5950, कुसुम्भ 3000 से 5940, पटसन 2400 से 5650 और कोपरा 5250 से 11582 रुपये प्रति क्विंटल तक बढ़ाया गया है। इन सभी फसलों के टरढ में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है, जिससे किसानों को उनकी मेहनत का पूरा दाम मिलना सुनिश्चित हुआ है।



2004-14 के मुकाबले 2014-2025 के दौरान टरढ पर खरीदी गई फसलों की मात्रा और भुगतान में भी रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। धान की खरीद 45 करोड़ 90 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 76 करोड़ 8 लाख मीट्रिक टन (1.7 गुना), गेहूं 22 करोड़ 54 लाख से 33 करोड़ 37 लाख (1.4 गुना), दलहन 6 लाख 29 हजार से 1 करोड़ 80 लाख (28.6 गुना), तिलहन 47 लाख 75 हजार से 1 करोड़ 27 लाख (2.7 गुना), वाणिज्यिक फसलें 35 लाख 27 हजार से 80 लाख 83 हजार (2.3 गुना) और सभी टरढ फसलें मिलाकर 69 करोड़ 87 लाख से 113 करोड़ 92 लाख मीट्रिक टन (1.6 गुना) हो गई हैं।

किसानों को भुगतान की गई टरढ राशि भी सभी फसलों के लिए 7 लाख 41 हजार करोड़ से बढ़कर 23 लाख 61 हजार करोड़ रुपये (3.2 गुना) हो गई है। धान के लिए 4 लाख 44 हजार करोड़ से 14 लाख 16 हजार करोड़ (3.2 गुना), गेहूं के लिए 2 लाख 56 हजार करोड़ से 5 लाख 65 हजार करोड़ (2.2 गुना), दलहन के लिए 19 सौ करोड़ से 98 हजार करोड़ (51 गुना), तिलहन के लिए 9 हजार करोड़ से 65 हजार करोड़ (7.1 गुना), वाणिज्यिक फसलों के लिए 26 हजार करोड़ से 1 लाख 33 हजार करोड़ (5 गुना) रुपये का भुगतान हुआ है। ये आंकड़े किसानों के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धता, किसानों की मेहनत का सम्मान और उनकी आर्थिक मजबूती का प्रमाण हैं।

प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि दलहन, तिलहन और वाणिज्यिक फसलों जैसे तिल, मूंगफली और सूरजमुखी में भी रिकॉर्ड टरढ वृद्धि हो, ताकि किसानों को फसल विविधता का लाभ मिले और उनकी आय में स्थिरता आए। केंद्र सरकार ने केवल टरढ बढ़ाने तक ही खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया है कि यह लाभ सीधे किसानों के खाते में पहुंचे। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (ऊ्रळ) के माध्यम से हमने पारदर्शिता और गति के साथ किसानों को उनकी मेहनत का पूरा दाम दिलाया है। यह एक ऐसी कृषि क्रांति है, जो हमारे किसान भाइयों-बहनों का जीवन व खेती की दशा-दिशा बदल रही है।

आज केंद्र सरकार बीज से बाजार तक, हर कदम पर किसानों के साथ खड़ी है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड से किसानों को अपनी मिट्टी की सेहत जानने और सही फसल चुनने में मदद मिल रही है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (ढटत्र्इ) प्राकृतिक आपदाओं से आर्थिक सुरक्षा दे रही है।

ई-नाम के जरिए डिजिटल बाजार से जुड़कर किसानों को बेहतर दाम मिल रहा है। ड्रोन और स्मार्ट सिंचाई तकनीक खेती को आसान और आधुनिक बना रहे हैं। इसके साथ ही, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, और कृषि यंत्रों पर अनुदान के माध्यम से हमने किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का हरसंभव प्रयास किया है। सरकार ने किसानों को ब्याज सहायता के तहत किसान क्रेडिट कार्ड (डउउ) के माध्यम से 3 लाख रुपये तक का अल्पकालिक ऋण 7% ब्याज पर उपलब्ध कराया है, समय से चुकाने पर 3% अतिरिक्त छूट मिलती है, जिससे प्रभावी ब्याज दर 4% रह जाती है। देश में 7.75 करोड़ से अधिक डउउ खाते हैं, जिससे किसानों को सस्ता व सुलभ ऋण मिल रहा है।

मृदा स्वास्थ्य कार्ड, ई-नाम, ड्रोन, स्मार्ट सिंचाई, प्राकृतिक खेती, कृषि यंत्रों पर अनुदान आदि के माध्यम से खेती को आधुनिक-टिकाऊ बनाया जा रहा है।

चना, मसूर, उड़द और अरहर जैसी फसलों की खरीद और भुगतान की व्यवस्था को और मजबूत किया गया है, ताकि किसानों को समय पर उसका पूरा हक मिले।

प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के तहत मूल्य समर्थन योजना , मूल्य न्यूनता भुगतान योजना , बाजार हस्तक्षेप योजना और मूल्य स्थिरीकरण निधि को लागू किया गया हैं। ढरर के तहत दलहन, तिलहन व कोपरा की टरढ पर खरीद सीधे किसानों से की जाती है। 2024-25 में सोयाबीन की 19.97 लाख मीट्रिक टन व मूंगफली की 17.73 लाख मीट्रिक टन खरीद की गई, जो अब तक की सबसे अधिक है। तूर, उड़द और मसूर की 100% खरीद सुनिश्चित की गई है, जिससे इन फसलों की खेती को बढ़ावा मिला है। ढउ्रर के तहत तिलहन किसानों को टरढ व बाजार मूल्य के अंतर की भरपाई सीधे उनके खाते में की जाती है।

राज्यों को खरीद के लिए पर्याप्त मात्रा स्वीकृत की गई है और आवश्यकता अनुसार समय-सीमा भी बढ़ाई जाती है। टक्र के तहत अदरक की खरीद कर्नाटक में, लाल मिर्च की खरीद आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में, टमाटर की खरीद मध्यप्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश में ठउउऋ व ठअऋ्रऊ के माध्यम से की गई है। गुजरात को चना खरीद के लिए 3.27 लाख मीट्रिक टन की स्वीकृति दी गई।

# बेड़ो में बिजली संकट पर शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



शिविर के बाद उपस्थित पूर्व मंत्री व पदाधिकारी समेत ग्रामीण।

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड में बढ़ती बिजली की समस्याओं और स्मार्ट मीटर को लेकर व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने के उद्देश्य से शनिवार को विद्युत शक्ति केंद्र में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पूर्व मंत्री सह झारखंड सरकार के समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की, विद्युत विभाग के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) हिमांशु वर्मा समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे। शिविर का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना और स्मार्ट मीटर से जुड़ी भ्रम को दूर करना था। मौके पर पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि क्षेत्र में लोगों को सही तरीके से बिजली मिले। हमारा प्रयास है कि जनता को निर्बाध और सही बिजली मिले। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर निःशुल्क लगाया जाएगा। इसमें कोई पैसा नहीं लगेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जनता की शिकायतों पर गंभीरता से ध्यान दें। साथ ही जल्द से जल्द समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को बिजली से संबंधित कोई समस्या न हो इसके लिए बेड़ो बाजार टांड़ में एक बैठक कर समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। वहीं शिविर में उपभोक्ताओं ने बिजली बिल में गड़बड़ी, वोल्टेज की समस्या और जर्जर तारों को बदलने जैसी कई शिकायतें दर्ज करायीं। अधिकारियों ने मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान किया और बाकी के लिए निश्चित समय-सीमा के भीतर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

### स्मार्ट मीटर की भ्रांतियों को किया गया दूर......

शिविर में विशेष रूप से स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं के बीच फैली आशंकाओं और भ्रांतियों पर चर्चा की गई। विद्युत विभाग के एसडीओ हिमांशु वर्मा ने कहा कि उपभोक्ताओं के बीच स्मार्ट मीटर को लेकर कई तरह की गलत जानकारियां फैलाई जा रही हैं। यह मीटर उपभोक्ता के हित में है और इससे बिजली बिल प्रणाली में पारदर्शिता आएगी। स्मार्ट मीटर लगवाने के लिए किसी भी उपभोक्ता से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। स्मार्ट मीटर पूरी तरह से निःशुल्क है। अगर कोई पैसे की मांग करता है तो इसकी सूचना तुरंत विभाग को दें। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को अपने बिजली की खपत पर नजर रखने में आसानी होगी और वे अपनी सुविधानुसार बिल का भुगतान कर सकेंगे। वहीं मौके पर झारखंड कांग्रेस पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, उपप्रमुख मोदस्सीर हक, नवल किशोर सिंह, करमा उरांव, पंचु मिंज, सचिन सिंह, रवि सिंह, संतोष उरांव, प्रीतम कुमार, मगहिया उरांव, रुस्तम अंसारी, अल्तमश, मासी, फिरोज, सौरभ व विश्वनाथ लाल समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन अभियान के तहत बैठक कर प्रखंड कमेटी का पूर्ण गठन

खबर मन्त्र संवाददादा



प्रखंड कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त पदाधिकारी व अतिथि।

**इटकी।** प्रखंड सभागार में शनिवार को कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन अभियान के तहत बैठक कर प्रखंड कमेटी का पूर्ण गठन किया गया। बैठक में पूर्व मंत्री सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की व शहजादा अनवर एवं जिला ग्रामीण अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो शामिल हुए। मौके पर प्रखंड कमिटी का पूर्णगठन करते हुए रमेश महली को इटकी प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। जबकि रहमान अंसारी व राजन किस्पोट्टा उपाध्यक्ष बनाए गए है। वहीं भानु प्रताप सिंह, विष्णु महली, अशोक कुमार गुप्ता, सुनील महतो, अजय मिंज, अयोध्या पासवान, ताहिर अंसारी, प्रभा देवी और शिशु गोप को महा सचिव बनाया गया है। प्रखंड कमेटी के नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर व फूल माला पहना कर स्वागत किया गया। मौके पर अतिथियों के द्वारा प्रखंड कमेटी के नव नियुक्त पदाधिकारियों को कांग्रेस पार्टी के नीति सिद्धांतों की विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि जनता की परेशानियों को दूर करने और उनकी समस्याओं के निराकरण में सहयोग करें। तथा आम जनता के बीच सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने और पार्टी के नीति सिद्धान्तों से लोगों को अवगत करें। ताकि पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ आम जनों का विश्वास और जुड़ाव में मजबूती आये। अध्यक्षता रमेश महली व धन्यवाद ज्ञापन सुजीत कुमार शाही ने किया। बैठक में मुख्य रूप से अंजुम जमाल, उप प्रमुख परवेज राजा, फिरोज अख्तर, टिक्कू अबुमाज, घोमा सिंह, अबरार इमाम, मंजर अंसारी, राजेश तिर्की, पप्पू हाशमी, अजय गोप, अब्दुल्लाह टिंकू, अब्बास अंसारी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# संगठन सृजन संविधान बचाओ के तहत कांग्रेस की हुई बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**अनगड़ा।** रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार शनिवार को अनगड़ा डाक बांगला में संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस कमेटी के सदस्यों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन प्रखंड अध्यक्ष एतवा उरांव ने किया मुख्य अतिथि के रूप रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पर्यवेक्षक मनोज लकड़ा उपस्थित थे। मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डॉ राकेश किरण महतो ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पंचायत से लेकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना है साथ ही राहुल गांधी की ओर से उठाये गये मुद्दों को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सभी कार्यकर्ताओं की है। बैठक में नवनियुक्त प्रखंड कमेटी के पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र भी सौंपा गया साथ ही नियुक्त किये गये महासचिव को दो पंचायतों के मजबूतीकरण के लिए प्रभारी बनाया गया है जो इस प्रकार है। **हरातू-** हेसातु, दुत्तीलाल बेदिया कुच्चू-टाटी, जोन तिग्गासुरसू- बरवादाग, मकर सिंह मुण्डा, गूड़ीडीह-जोन्हा, सोनू उरांव बीसा- नवागढ़, अजय करमाली गेतलसूद-सिरका, संजय नायक अनगड़ा-राजाडेरा, बिहारी मुण्डा लूपुंग-साल्हन, किशोर करमाली हेसल-चिलदाग, साकिर अंसारी बोंगईबेड़ा-चतरा, छोटेलाल महतो पैका-पैका, एतवा उरांव महिला समिति-अनिता देवी बैठक में साकिर अंसारी शिवदास गोश्वामी राजेन्द्र मुन्डा दीपा उरांव रेजाक अन्सारी, संजय नायक, जोन तिग्गा बिश्राम महतो इत्यादि उपस्थित थे।

## महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह ने चतरा डीसी से की मुलाकात

# कोयलांचल की विभिन्न समस्याओं से कराया अवगत

खबर मन्त्र संवाददाता



**पिपरवार।** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष सह बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने शनिवार को चतरा की नई उपायुक्त कीर्ति श्री से शिष्टाचार मुलाकात किया।इस दौरान गुंजन कुमारी सिंह ने फूलों का गुलदस्ता देकर डीसी कीर्ति श्री का स्वागत किया। दोनों नारी शक्ति ने चतरा के संपूर्ण विकास को लेकर चर्चा की।

इस मुलाकात के दौरान गुंजन कुमारी सिंह ने पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र की कई ज्वलंत समस्या से डीसी को अवगत कराया। मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने बचरा पंचायत में मूलभूत समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराने, डीएमएफटी फंड जरूरी स्थान पर खर्च करने एवं चतरा जिला के बचरा पंचायत एवं टंडवा प्रखंड के आसपास पंचायतों में स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण के लिए कुटीर उद्योग, सड़क, पानी की समुचित व्यवस्था पर बात रखी। इस दौरान डीसी कीर्ति श्री ने कहा कि चतरा को विकसित करने के सभी सुझावों पर अमल किया जाएगा। पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र की समस्या से अवगत होने के बाद डीसी ने इस पर साकारात्मक पहल करते हुए इसके समाधान करने का भरोसा दिया।

इस मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश सचिव पिंकी सिंह भी उपस्थित थी।

# जैलेन्द्र ने जेसीए अध्यक्ष से मिल ग्रामीण क्षेत्र में क्रिकेट प्रोत्साहित करने की मांग की

खबर मन्त्र संवाददाता



**अनगड़ा।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार गुरूवार को जेएससीए के अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव से मिले। जैलेन्द्र कुमार ने जेएससीए अध्यक्ष से क्रिकेट के साथ साथ ग्रामीण इलाके में फुटबाल व हाकी को प्रमोट करने का आहवान किया। सभी प्रखंडों में क्रिकेट एकेडमी की निशुल्क प्रशिक्षण देने, सभी प्रखंड में एक क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण कराने अंपायरिंग के प्रशिक्षण केन्द्र प्रखंड स्तर पर खोलने, ट्रायल कैंप का प्रखंड स्तर पर आयोजन व इसमें चयनित खिलाड़ी को अत्याधुनिक प्रशिक्षण देने की मांग की। साथ ही प्रखंड स्तर के टॉप टेन खिलाड़ियों को छात्रवृति प्रदान करने की मांग रखी। इसपर अजय नाथ शाहदेव ने आश्वासन दिया कि मैदान उपलब्ध कराए पूरा मैंटेन जेएससीए करेगा साथ ही अंपायर प्रशिक्षण सेंटर भी खोला जाएगा।

# मजदूरों के लिए जेएलकेएम का आंदोलन की तैयारी सीसीएल प्रबंधक को 15 दिनों का अल्टीमेटम

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र स्थित बचरा साइडिंग में असंगठित मजदूर के शोषण के खिलाफ बड़ा आंदोलन की तैयारी को लेकर जेएलकेएम पार्टी ने किया इसे लेकर एक पत्र अनुमंडल पदाधिकारी रांची को प्रेषित किया गया है। झारखंड लोकतान्त्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के शीर्ष नेतृत्व के आदेशानुसार पिपरवार क्षेत्र के सक्रिय कार्यकर्ताओं द्वारा यह आंदोलन सफल किया जाएगा। साथ ही प्रेषित पत्र संबंधित सभी पदाधिकारियों को 13 जून को आवश्यक विचार विमर्श के लिए भेज दिया गया है। मोर्चा ने सीसीएल प्रबंधक को पंद्रह दिनों का समय दिया है। अगर प्रबंधक इन 67 असंगठित मजदूर का समय रहते विचार नहीं किया तो जेएलकेएम पार्टी निर्णायक तौर पर अनिश्चित कालीन 30 जून से पिपरवार महा प्रबन्धक कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करेगा। जेएलकेएम पार्टी के सूत्रों के अनुसार धरना लम्बा चला तो पार्टी के वरीय पदाधिकारी सहित पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो भी समर्थन में शामिल होगे। इसे लेकर पार्टी पूरी तैयारी में हैं।

# केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ विभिन्न कार्यक्रमों में हुए सम्मिलित

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शनिवार के दिन भारत सरकार के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सिल्ली विधानसभा अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान वह डीएभी पब्लिक स्कूल एवं सिंगपुर नर्सिंग होम के विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। तत्पश्चात भक्ति वेदांत गुरुकुल कुटाम में सीसीएल द्वारा सीएसआर मद अंतर्गत चार कमरा निर्माण कार्य का उद्घाटन किये। कार्यक्रम के दौरान सिंगपुर नर्सिंग होम एवं डीएभी स्कूल में पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधारोपण भी किया। नर्सिंग होम में उपस्थित लोगों के बीच एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर संबोधित करते हुए कहा कि इससे चुनाव में अनावश्यक खर्च में कमी आएगी और बजत पैसों से देश का विकास में कार्य किया जाएगा ताकि जनता को सीधा लाभ प्राप्त हो सके और देश मजबूत स्थिति में खड़ा हो सके साथ ही देश भी आर्थिक रूप से मजबूत हो सके।


# बजार के अंदर बने अस्थायी शेड नहीं तोड़ने की विधायक से लगायी गुहार



खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** अनगड़ा गोन्दली पोखर बाजार में दुकन्दारों के द्वारा साप्ताहिक हाट करने के लिए बनाए गए छोटे छोटे अस्वेस्टस और खपरैल शेड को प्रशासन के द्वारा नहीं तोड़ने के लिए दुकानदारों ने विधायक राजेश कच्छप से गुहार लगाई है । दुकानदारों का कहना है कि वे बारिस थूप और आंधी तूफान रमे बचने के लिए छोटे शेड बना कर दुकानदारी करते हैं वे लोग बाजार की जमीन का स्थायी रूप से अतिक्रमण नहीं किए हैं। मलुम हो कि गत बुधवार को स्थानीय पुलिस और प्रशासन के द्वारा गोन्दली पोखर बाजार स्थल का निरीक्षण कर बाजार क्षेत्र की जमीन पर बने शेड और अवैध निर्माण को 14 अप्रेल तक हटा लेने का निर्देश और अल्टिमेटम दिया गया है। जिसको लेकर बाजार में बने शेड में सप्ताहिक हाट में दुकान लगाने वाले दुकानदार भयभीत और आशंकित हैं। इस संबंध में विधायक राजेश कच्छप ने सीओ अनगड़ा से फोन से बात कर बाजार के अन्दर साप्ताहिक हाट में दुकान लगाने वाले दुकानदारों के शेड को नही उजाड़ने को कहा है। विधायक ने कहा कि जो सड़क को और बाजार की जमीन को स्थाई रूप से अतिक्रमण कर रखें है उसे अतिक्रमण मुक्त करने की आवश्यकता है।


# एसीसी पब्लिक स्कूल खलारी ने विमान दुर्घटना के मृतकों को दी श्रद्धांजलि




**खलारी।** गुजरात के अहमदाबाद में बीते दिन दर्दनाक विमान दुर्घटना के पीड़ितों को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन खलारी एसीसी पब्लिक स्कूल में किया। मार्मिक आयोजन में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण और स्कूल प्रशासन ने भाग लिया और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना किया। इस दुर्घटना में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री का दुखद निधन हुआ, जिसे श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गया। विद्यालय परिवार ने उनके असामयिक निधन को राष्ट्रीय क्षति बताते हुए गहरा शोक व्यक्त किया। सभा में बच्चों ने अपने हाथों से काला रंग कर दीये बनाकर इस त्रासदी के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। यह दृश्य विद्यालय परिसर में शोक और एकजुटता के प्रतीक के रूप में दर्ज हुआ।

# परिवहन विभाग व डीएमओ औचक निरीक्षण में पहुंचे एनके एरिया के केडीएच कांटा घर

## डीटीओ के जांच में चार वाहनों को किया सीज






खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** रांची परिवहन विभाग और डीएमओ की टीम ने सीसीएल एनके एरिया के केडीएच कांटा संख्या 2 के पास पहुंच कर वाहनों का औचक जांच किया। जांच के क्रम में पुरनाडीह के तरफ से आ रहे चार वाहन पकड़े गए, जिन्हें सीज कर खलारी थाना के सुपुर्द कर दिया गया। जाँच टीम दोपहर के 12:30 दिन पहुँचकर केडीएच में अलग-अलग जगह पर खड़े वाहनों को रोका और टीम ने बारीकी से सभी वाहनों के कागजातों की जांच की। जांच के क्रम में दो पानी टैंकर एपी 03 6969, एपी 04 टीयू 7623, टर्बो गाड़ी जेएच 01 सीसी 7835 और जेएच 01 एफवाई 4649 के दस्तावेज फेल पायी गयी। जांच में पकड़े गए वाहनों को सीज कर अग्रतर कार्रवाई किया गया। इस जांच का नेतृत्व कर रहे रांची डीटीओ अखिलेश कुमार ने बताया कि यह औचक जांच जिले के अलग-अलग क्षेत्र में चलाए जा रहे हैं। गाड़ियों के कागजात दुरुस्त नहीं रखने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई करने की योजना बनाई जा रही है। इस टीम में रांची डीटीओ अखिलेश कुमार, एमवीआई मुकेश कुमार, डीएएमओ अबू हुसैन,बेड़ो डीएसपी अशोक राम, चानहो थाना प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता, मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी धनंजय बैठा, खलारी थाना के एएसआई देव कुमार मौजूद थे।

### परिवहन व डीएमओ की टीम एनके एरिया में पहुंचते ही मचा हड़कंप, जहां-तहां खड़ी हो गई गाड़ियां

केडीएच कांटा घर के पास परिवहन विभाग की टीम औचक जांच में पहुँचते ही वाहन मालिकों पर हड़कंप मच गया। एक साथ प्रशासनिक अधिकारियों की आधा दर्जन से अधिक गाड़ियों को देखकर लोग अचंभित रह गए। टीम ने वहां मौजूद कोयला लेने आए कोयला ट्रैकों के कागजातों की भी जांच की। बारी-बारी से सभी ट्रक ड्राइवर के द्वारा कागजातों को दिखाया गया। इधर टीम के पहुंचने की सूचना आसपास के क्षेत्र में भी फैल गई। जिसके कारण कोयला लेने आने वाली गाड़ियां जहां-तहां खड़ी हो गई।

# हथियार के साथ तीन लुटेरे पकड़े गये



**रांची।** रांची पुलिस ने खरसीदाग के प्रफुल्ल कच्छप के अलावा दो नाबालिग को हथियार के साथ पकड़ा है। इनके पास से देसी कट्टा, दो गोली और मोबाइल बरामद हुआ है। ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने शनिवार को बताया कि पकड़े गए आरोपित ग्रामीण इलाके की सुनसान सड़कों पर घूमते हैं और हथियार दिखाकर लूटपाट करते हैं। लोगों को डरा-धमका कर रंगदारी की भी वसूली करते हैं। ग्रामीण एसपी ने बताया कि एसएसपी को बायो डायवर्सिटी पार्क रोड में हथियार लेकर घूमते हुए अपराधियों की गुप्त सूचना मिली। इसके बाद मुख्यालय वन डीएसपी अमर पांडेय के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम डायवर्सिटी पार्क रोड पहुंची। पुलिस की गाड़ी को देखकर तीनों अपराधी भागकर बेरेटोली जंगल पहुंच गए। पीछा कर रही पुलिस की टीम ने एक नाबालिग को पकड़ लिया। वहीं, दो लोग फरार हो गए। तलाशी के दौरान पुलिस ने एक लोडेड देसी कट्टा बरामद किया। कड़ाई से पूछताछ के दौरान आरोपित ने फरार साथी नीतिश तिवारी और प्रफुल्ल कच्छप के बारे में जानकारी दी। नाबालिग की निशानदेही पर पुलिस ने छापेमारी कर प्रफुल्ल को पकड़ा। पूछताछ में आरोपितों ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया है। पूछताछ आरोपितों ने पुलिस को कई अहम जानकारी दी है। छापेमारी टीम में भावेश कुमार, नीतीश कुमार, सकुरा उरांव सहित अन्य शामिल थे।

कार्यालय जिला परिषद्, चतरा
(अतिअल्पकालीन पुनरनिविदा आमंत्रण सूचना सं0-03, वर्ष 2025-26)

2nd call of Nit No. 16/2024-25, Group No. 06

पत्रांक ................/जि0प0 दिनांक ..................

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 23.06.2025 से 25.06.2025 तक कार्यालय कार्य अवधि में (राजपत्रित अवकाश को छोड़ कर)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, चतरा।
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय : 26.06.2025 को कार्यालय अवधि में 3.00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति का स्थान : जिला परिषद कार्यालय, चतरा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 26.06.2025 को कार्यालय अवधि में 3.30 बजे अपराहन में
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला परिषद, चतरा।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी/मद :- डी0एम0एफ0टी0

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | टण्डवा | धनगड्डा | धनगड्डा | पंचायत सचिवालय भवन की मरम्मति। | 2387706 | 5000 | 48000 | 04 माह |

निविदा की शर्तें –
1. जिला परिषद् चतरा अन्तर्गत निबंधित तथा UCAN Portal में Registered संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगें।
2. जिला द्वारा निर्गत आवंटन से जिला अन्तर्गत किसी भी कार्यान्वयन एजेन्सी में संवेदक के नाम से कार्य लंबित रहने की सूचना प्राप्ति होने की स्थिति में उनके पक्ष में निविदा निस्तार नहीं की जायेगी।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में "जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
4. अन्य निविदा की शर्तें कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा

PR 355080 District(25-26)#D

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर, लोहरदगा

भर्ती कैम्प संबंधी सूचना

दिनांक 16.06.2025 को "कार्यालय" जिला नियोजनालय, लोहरदगा परिसर में भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नांकित निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है:-

| Sl. No | Name of the Employer & Address | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification Required | Age | Pay Scale/Stipend |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 |
| 1 | Bajaj Alliance Life Insurance, Lohardaga. | A.S.M | 07 | Graduation | 21 and Above | Salary 27,000/= Job Location – Lohardaga. Experience : - 0-02 yr. |
| | | S.S.M | 02 | Graduation | 21 and Above | Salary 30,000/= Job Location – Lohardaga. Experience : - 0-02 yr. |
| | | E.S.M | 01 | Graduation | 21 and Above | Salary 31,000/= Job Location – Lohardaga Experience : - 01-03 yr. |
| | | Insurance Advisor | 13 | 10th Pass | 21 and Above | Salary 20,000/= Job Location – Lohardaga. |
| 2 | Eduvantage Ranchi. | Sewing Machine Operator (Female) | 50 | 10+ & Above | 18 and Above | Salary 13650/= Job Location- Tiruppur. |
| | | Data Entry Operator (Female) | 50 | 10+ & Above | 18 and Above | Salary 13650/= Job Location -Tiruppur. |
| | | Manufacturing Laptops (Male) | 50 | 10+ & Above | 18 and Above | Salary 14000/= Job Location- Banglulu. |
| 3 | Premsons Motors Maruti Suzuki Ranchi | Field Sales Executive | 05 | 12th Pass & Above | 21- 40 Age | Salary15000/= to 17000/= Job Location- All India. |
| 4 | Prejha Foundation Nagra Toli, Ranchi | Mobile Assembly (Female Only) | 50 | 10th /12th Pass | 18-27 Age | Salary14000/= to 15000/= Job Location- Karnataka. |
| | | Lathe Machine Operator | 50 | 10th /12th Pass | 18-27 Age | Salary14000/= to 15000/= Job Location- Karnataka/Tamil Nadu. |
| | | Tiles Mistri | 50 | 5th /12th Pass | 18-30 Age | Salary17000/= Job Location- Karnataka. |
| | | Construction | 50 | 5th /12th Pass | 18-30 Age | Salary 20000/= Job Location- Karnataka. |
| TOTAL:- | | | 573 | | | |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.jharniyojan.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा 02(दो) कॉपी, फोटो 4 के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों। साक्षात्कार सुबह 10:30 बजे से होगी। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। नियोजक निजी क्षेत्र के है अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तो के लिए वे उत्तरदायी है। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता है।

District Employment Officer,
Lohardaga.

PR 355072 Lohardaga(25-26).D

# 27 साल बाद दक्षिण अफ्रीका ने धोया चोकर्स का टैग

## दक्षिण अफ्रीका का टेस्ट में तीसरा सबसे सफल रन चेज, फाइनल में आस्ट्रेलिया को दी मात, मार्करम चमके

एजेंसी

**लंदन।** साउथ अफ्रीका के आइसीसी ट्रॉफी जीतने का 27 साल का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है। 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद साउथ अफ्रीका को एक के बाद एक आइसीसी ट्रॉफी निराशा हाथ लग रही थी। पूरे टूर्नामेंट में विस्फोटक खेल दिखाने के बाद भी टीम नॉकआउट में जाकर चोक कर जाती थी। टीम को चोकर्स का टैग मिल गया था। लेकिन अब विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 के खिताबी मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने आस्ट्रेलिया को हरा दिया है। एडेन मार्करम के संघर्षपूर्ण शतक और टेम्बा बावुमा की कप्तानी पारी से साउथ अफ्रीका को यह जीत मिली। लंदन के ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गये वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में साउथ अफ्रीका को जीत के लिए 282 रनों का टारगेट मिला था, उसने खेल के चौथे दिन पहले सेशन में 5 विकेट खोकर 285 रन बना लिए। इस तरह से टीम को 5 विकेट से जीत मिली। साउथ अफ्रीका की जीत के हीरो रहे एडेन मार्करम ने 207 गेंद में 136 रनों की पारी खेली। पहली पारी में मार्करम अपना खाता भी नहीं खोल पाए थे। जब वह आउट हुए तो टीम को जीत के लिए सिर्फ 6 रनों की जरूरत थी। मार्करम का बेहतरीन साथ निभाने वाले कप्तान टेम्बा बावुमा चौथे दिन के पहले सेशन में ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक पाए और 66 रन बनाकर आउट हुए। आस्ट्रेलिया ने कसी हुई गेंदबाजी की। साउथ अफ्रीका की टीम थोड़ी परेशानी में दिखी लेकिन अंत में टारगेट तक पहुंच गई। बेडिंघम और वेरेने की जोड़ी ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचा।

## आस्ट्रेलिया को रौंदकर द. अफ्रीका बना टेस्ट का वर्ल्ड चैंपियन




### दक्षिण अफ्रीका ने 27 साल का सूखा समाप्त किया

दक्षिण अफ्रीका ने 27 साल के अंतराल के बाद कोई आइसीसी खिताब अपने नाम किया है। टीम ने आखिरी बार 1998 में नॉकआउट ट्रॉफी (अब चैंपियंस) का खिताब अपने नाम किया था। तेम्बा बावुमा की अगुआई वाली टीम ने इस खिताबी सूखे को समाप्त किया और लॉर्ड्स मैदान पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। दक्षिण अफ्रीका की इस जीत में कप्तान बावुमा और एडेन मार्करम का योगदान काफी अहम रहा। इन दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 147 रनों की साझेदारी की और टीम की जीत की नींव रखी।

### पहली पारी में फेल रही थी साउथ अफ्रीकी बल्लेबाजी

लंदन के ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में साउथ अफ्रीका की टीम ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। कप्तान टेम्बा बावुमा के फैसले को गेंदबाजों ने बिल्कुल सही साबित करते हुए आस्ट्रेलिया की पहली पारी को सिर्फ 212 रन के स्कोर पर समेट दिया। इस पारी में साउथ अफ्रीका के लिए कगिसो रबाडा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए अपना पंजा खोला। इसके अलावा मार्को यानसेन ने भी तीन विकेट लिए जबकि केशव महाराज और एडेन मार्करम को एक-एक सफलता हासिल हुई। आस्ट्रेलिया के द्वारा पहली पारी में बनाए गए 212 रन के जवाब में साउथ अफ्रीका की बल्लेबाजी भी कुछ खास नहीं रही। आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने भी पलटवार करते हुए साउथ अफ्रीका को सिर्फ 138 रन के स्कोर पर समेट दिया। नतीजा ये हुआ कि कंगारू टीम को पहली पारी में 74 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल हुई। आस्ट्रेलिया के लिए गेंदबाजी में खुद कप्तान पैट कमिंस ने कहर बरपाते हुए 6 विकेट हासिल किए। इसके अलावा मिचेल स्टार्क ने 2 और जोश हेजलवुड ने 1 सफलता अर्जित की।

### लॉर्ड्स में पांचवीं बार चेज हुआ 200+ रनों का लक्ष्य

दक्षिण अफ्रीका का टेस्ट में सबसे सफल रन चेज आस्ट्रेलिया के खिलाफ आया था। 2008 में पर्थ में खेले गए उस मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने 414 रनों का लक्ष्य हासिल किया था। वहीं इस टीम के खिलाफ वह 2002 में डरबन में 335 रनों का लक्ष्य भी प्राप्त कर चुकी है। अब दक्षिण अफ्रीका ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ ही अपने टेस्ट करियर का तीसरा सफल रन चेज किया। यह लॉर्ड्स मैदान पर भी संयुक्त रूप से दूसरा सबसे बड़ा रन चेज है। यह पांचवीं बार है जब इस मैदान पर टेस्ट में 200+ रनों का लक्ष्य प्राप्त किया गया है।

**लॉर्ड्स में टेस्ट का सबसे बड़ा सफल रनचेज**

- टारगेट: 342 रन -वेस्टइंडीज (344/1) बनाम इंग्लैंड, 1984
- टारगेट: 282 रन-साउथ अफ्रीका (285/5) बनाम आस्ट्रेलिया, 2025
- टारगेट: 282 रन-इंग्लैंड (282/3) बनाम न्यूजीलैंड, 2004
- टारगेट: 277 रन - इंग्लैंड (279/5) बनाम न्यूजीलैंड, 2022
- टारगेट: 216 रन - इंग्लैंड (218/3) बनाम न्यूजीलैंड, 1965

### डब्ल्यूटीसी चैंपियन बनने वाली तीसरी टीम

बेडिंघम 21 रन और वेरेने चार रन बनाकर नाबाद लौटे आस्ट्रेलिया के लिए दूसरी पारी में स्टार्क ने तीन विकेट झटके, जबकि हेजलवुड और कमिंस को एक-एक विकेट मिला। दक्षिण अफ्रीका की टीम डब्ल्यूटीसी की विजेता बनने वाली तीसरी टीम है। इससे पहले न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया ने यह खिताब अपने नाम किया है। दक्षिण अफ्रीका ने इस तरह आइसीसी खिताब जीतने का 27 साल सूखा समाप्त कर लिया है।

### डब्ल्यूटीसी विनर दक्षिण अफ्रीका को मिले 30 करोड़

दक्षिण अफ्रीका ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में आस्ट्रेलिया को हराकर जीत हासिल कर ली है। आइसीसी ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के 2023-25 चक्र के लिए रिकॉर्ड पुरस्कार राशि की घोषणा की है। तीसरे स्थान के लिए भारतीय टीम को 1.44 मिलियन अमेरिकी डॉलर यानी 12.30 करोड़ रुपये मिलेंगे। 2023-25 क्रिकेट विश्व कप जीतने वाली दक्षिण अफ्रीकी टीम को पिछले संस्करण की तुलना में दोगुनी राशि मिलेगी. जो कि 3.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर यानि लगभग रु. 30.76 करोड़ रु हैं। डब्ल्यूटीसी उपविजेता आस्ट्रेलिया टीम की पुरस्कार राशि भी 800,000 अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर 2.16 मिलियन अमेरिकी डॉलर कर दी गई है जो भारतीय मुद्रा में 18.45 करोड़ रुपये के बराबर है। इसके अलावा चौथे स्थान पर मौजूद न्यूजीलैंड को 1.44 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिलेंगे। पिछली बार उन्हें 350,000 अमेरिकी डॉलर मिले थे। पांचवें स्थान पर रहने वाले इंग्लैंड को 960,000 अमेरिकी डॉलर मिलेंगे।

## राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता 2024-25 का सर्वश्रेष्ठ आयोजन कराने के लिए मिला सम्मान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड ने एक बार फिर अपनी संगठन क्षमता और खेलों के प्रति प्रतिबद्धता का लोहा मनवाया है। राष्ट्रीय स्कूली खेल कूद प्रतियोगिता के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में देशभर में हुए आयोजनों के मूल्यांकन में झारखंड को देश का दूसरा सर्वश्रेष्ठ आयोजनकर्ता राज्य घोषित किया गया है। यह सम्मान स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार को उसके उत्कृष्ट प्रबंधन, समर्पित टीमवर्क और खेल प्रतिभाओं को मंच देने की दिशा में किए गए प्रयासों के लिए प्रदान किया गया है। इस उपलब्धि ने झारखंड को शिक्षा और खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाई है। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के ठहराव, भोजन, स्वास्थ्य सुरक्षा, मैदानों की गुणवत्ता, तकनीकी व्यवस्थाएं और समग्र समन्वय को देशभर से आए विशेषज्ञों और अधिकारियों ने उच्च स्तर का बताया। नई दिल्ली में वार्षिक आम बैठक में झारखंड की ओर से खेल प्रभाग के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग और खेल कोषांग से चंद्रदेव सिंह को यह सम्मान दिया गया। राज्य को मिले इस गौरवपूर्ण सम्मान पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विभागीय मंत्री रामदास सोरेन, विभागीय सचिव उमाशंकर सिंह, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग ने खेल कोषांग के सभी पदाधिकारियों, कर्मियों और राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियों को बधाई दी है।

### झारखंड एकमात्र राज्य, जिसने एक भारत श्रेष्ठ भारत का खिलाड़ियों को बोध कराया

दिल्ली में आयोजित भारतीय राष्ट्रीय स्कूली खेल के वार्षिक आम बैठक में एसजीएफआई के निदेशक दीपक कुमार ने झारखंड की तारीफ करते हुए कहा कि झारखंड देश का इकलौता राज्य है, जिसने अतिथि खिलाड़ियों को एक भारत श्रेष्ठ भारत का बोध कराया। राज्य ने खिलाड़ियों के स्वागत में रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट और बस स्टेशन में सांस्कृतिक एवं पारंपरिक तौर तरीकों से खिलाड़ियों का अभिनंदन किया, ऐसा पहले कहीं नहीं हुआ था।

## इंट्रा स्क्वाड मैच के पहले दिन चमके गिल, राहुल







एजेंसी

**कैंट।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले भारतीय टीम ने भारत ए के खिलाफ इंट्रा स्क्वाड मैच में हिस्सा लिया। मैच के पहले कप्तान शुभमन गिल, केएल राहुल और शार्दुल ठाकुर ने चमक बिखेरी। ये इंट्रा स्क्वाड मैच कैंट में खेला जा रहा है जो टेस्ट सीरीज की तैयारियों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इस मैच को दर्शकों की अनुपस्थिति में खेला जा रहा है और इसका लाइव प्रसारण भी नहीं हो रहा है।

### मैच का नहीं हो रहा लाइव प्रसारण

दरअसल, भारतीय मुख्य कोच गौतम गंभीर चाहते थे कि यह मैच दर्शकों के बिना खेला जाए और इसका लाइव प्रसारण भी नहीं हो जिससे टीम की रणनीति गुप्त रखी जा सके। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें इंट्रा स्क्वाड मैच के पहले दिन के खेल की झलक दिखाई गई है। शुरूआती दिन शुभमन गिल और केएल राहुल ने अर्धशतक लगाए, जबकि ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने गेंदबाजी में प्रभावित किया।

### बीसीसीआइ ने शेयर किया वीडियो

बीसीसीआइ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, बेकेनहम में इंट्रा स्क्वाड मैच के पहले दिन मजबूत शुरूआत देखने मिली। केएल राहुल और कप्तान गिल ने अर्धशतक लगाए, जबकि शार्दुल ने विकेट झटके। राहुल ने इससे पहले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे अनौपचारिक टेस्ट मैच में शतक लगाया था और उन्होंने 116 रनों की पारी खेली थी। दूसरी तरफ, गिल ने दौरे की अच्छी शुरूआत की है जो पहली बार कप्तानी का जिम्मा भी संभालने जा रहे हैं। गिल का भारत के बाहर कुछ खास रिकॉर्ड नहीं रहा है। उन्होंने इंग्लैंड में तीन टेस्ट मैच खेले हैं और सिर्फ 88 रन बनाए हैं। उनका इंग्लैंड में सर्वोच्च स्कोर 28 रन रहा है। भारत के नए टेस्ट कप्तान के सामने इस दौरे पर कठिन चुनौती होगी। वहीं, गौतम गंभीर को पारिवारिक कारणों की चलते स्वदेश लौटना पड़ा है। बताया जा रहा है कि वह पहला टेस्ट मैच शुरू होने से पहले टीम के साथ जुड़ सकते हैं।

## प्रीमीयर लीग सीजन-2 का एफसीए मैवरिक्स चैंपियन बना



**अनगड़ा।** अनगड़ा एफसीए प्रीमीयर लीग सीजन–2 क्रिकेट मैच प्रखंड मुख्यालय अनगड़ा मैदान में खेला गया। फाईनल मैच में एफसीए मैवरिक्स ने एफसीए वारियर को हराकर चैंपियन बना। एफसीए वारियर की टीम पहले बल्लेबाजी करने के लिए मैदान में उतरी और पांच विकेट खो कर 160 रन बनाए वहीं इसके जवाब में एफसीए मैवरिक्स ने बिना कोई विकेट खोए 165 रन बनाकर शानदार जीत हासिल की। एफसीए मैवरिक्स के अभिषेक रंजन ने शानदार 63 रन बनाए तथा शिवम दास ने 61 रन बनाए एफसीए वारियर के तरफ से सोनू मंडल ने 60 रन का योगदान दिया। फाईनल मैच के मुख्य अतिथि जिप सदस्य अनुराधा मुन्डा सहित विशिष्ट अतिथि पूर्व उप प्रमुख अनवर खान सहजाद खान संजय नायक तपन पाण्डे, विदुभूषण पाण्डे, रुस्तम खान ने विजेता और उप विजेता टीम सहित खिलाड़ियों को ट्राफी शील्ड और मेडल प्रदान किए अतिथियों को भी मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया प्रदान किए मैन ऑफ दी मैच मैन ऑफ दी टूर्नामेंट बेस्ट बैटर वेस्ट फील्डर का पुरस्कार अभिषेक रंजन को मिला जबकि बेस्ट बॉलर का पुरुस्कार सूर्य कुमार को दिया गया। टूर्नामेंट सफलता पूर्वक संपन्न कराने में कोच और अम्पायर वासीद खान का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सब जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप 2025 के लिए झारखंड टीम का ट्रायल संपन्न

**रांची।** 03 जुलाई से 14 जुलाई 2025 तक रांची,झारखंड में आयोजित 15th हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में झारखंड हॉकी टीम के भागीदारी हेतु झारखंड सब जूनियर महिला रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मोराबादी में आयोजित हुई। इस चयन ट्रायल में झारखंड के विभिन्न जिला के कई महिला हॉकी खिलाड़ी सामिल हुए जिनका ट्रायल के उपरांत विशेष प्रशिक्षण के लिए 31 खिलाड़ियों का चयन हुआ। शनिवार को चयन ट्रायल में हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह, भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान असुंता लकड़ा, हॉकी रांची के सचिव जयंत केरकेट्टा,हॉकी कोच सुधीर गोला इत्यादि उपस्थित थे।

## आर्या-अर्जुन की जोड़ी ने 10 मीटर एयर रायफल स्पर्धा में जीता स्वर्ण

**म्यूनिख।** भारत के आर्या बोर्से और अर्जुन बाबुता की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन के जीफेई वांग और लिओहा२२ओ शेंग की जोड़ी को 17-7 से हराकर आइएसएसएफ विश्व कप 2025 की 10 मीटर एयर रायफल मिक्स्ड टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारतीय जोड़ी ने क्वालिफिकेशन में कुल 635.2 का स्कोर किया था, जो वांग और शेंग की रिकॉर्ड 635.9 के ठीक पीछे रहा। यह स्कोर विश्व रिकॉर्ड के बहुत करीब था। व्यक्तिगत तौर पर आर्या ने 317.5 और अर्जुन ने 317.7 अंक हासिल किए। इससे पहले आर्या बोर्से ने इस साल की शुरूआत में पेरू के लीमा में आयोजित विश्व कप में रुद्रांक्ष पाटिल के साथ मिलकर चांदी का तमगा जीता था।

## लालबहादूर शास्त्री नाईट क्रिकेंट प्रतियोगिता फाइनल

**वसिक ने 28 बॉल में 14 छक्के के साथ 101 रन बना टीम को चैंपियन बनाया**

# स्टार एलेवन बरगाईं नाईट क्रिकेट चैंपियन बना

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** लालबहादूर शास्त्री क्लब ओरमांझी द्वारा आयोजित नाईट क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइन मैच स्टार एलेवन बराबाईं एंव एलबीएस ओरमांझी के बीच खेला गया। विजेता टीम को 61 हजार व उपविजा टीम को 35 हजार व कप देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावे सेमीफाइनल खेलने वाले दोनो टीम को 10-10 हजार नगद व टॉपी प्रदान किया गया। एसएस हाई स्कूल मैदान में पहले बल्लेबाजी करते हुए बरगाईं की टीम ने मात्र आठ ओवर में सात विकेट पर 171 रन बनाई। वहीं एलबीएस की टीम ने लक्ष्य का पिछा करते हुए मात्र 79 रन ही बना सकी। बरगाईं की ओर से मात्र 28 बाल में 101 रन की तेजतर्रार पारी खेलने वाले वासिक को मैन आफ दी मैच व प्रतियोगिता का श्रेष्ट बल्लेबाज का पुरस्कार मिला। उसने अपनी पारी में 14 छक्के व दो चैक लगाया। इसके अलावे मैन ऑफ दी सीरीज रियाज, श्रेष्ट गेंदबाज तन्नू व इमेजिंग प्लेयर का पुरस्कार मुन्ना को मिला। इससे पूर्व मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने बल्लेबाजी व खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होने शानदार आयोजन के लिए समिति की सरहाना की, कहा ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार के नाईट क्रिकेट का आयोजन नये युवाओं को खेल के प्रति आकर्षित करेगी। किसी भी स्तर में खेल प्रतियोगिता हो उसे प्रोत्साहन करना जरूरी है। वहीं आयोजन समिति के श्वेताक प्रकाश ने अतिथिया व प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहायोग करने वाले सभी के प्रति अभार जताया, और कहा ओरमांझी में नाईट क्रिकेट का आयोजन पिछले चार वर्ष से लगातर हो रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिप सदस्य सरिता देवी, देवशारण भगत, रामधन बेदिया, अर्जुन सिंह, नरेंद्र कसेरा, जगत साहू, रविरंजन साहू, राजकिशोर महतो, महेंद्र प्रसाद, दिगंबर महतो, विक्की वर्मा, अभिमन्यू सिंह, श्वेतांक प्रकाश, अजित गिरी, अनिल कुमार, शशि राज, मनिष कुमार, सनोज कुमार, कृष कुमार, आदित्य कुमार, सत्यजीत कुमार सहित काफी संख्या में स्थानीय युवा व ग्रामीण उपस्थित थें।





## रंगारंग कार्यक्रम के बीच झारखंड महिला प्रीमियर कबड्डी लीग शुरू



**रांची।** झारखंड राज कबड्डी संघ के द्वारा चार दिवसीय झारखंड कबड्डी लीग शनिवार से मोराबादी मंदिर मैदान कार्यक्रम के बीच शुरू हुआ। प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन झारखंड राज्य के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, विशिष्ट अतिथि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर तपन कुमार साडिल, समाजसेवी रमेश कुमार सिंह सहित अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं पूजा अर्चना कर किया। अतिथियों का स्वागत झारखंड राज्य कबड्डी संघ के अध्यक्ष तपन रावत और महासचिव संजय कुमार झा ने किया। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष हरीश कुमार ने की। इस मौके पर अतिथि डॉ देवशरण भगत, प्रवीण प्रभाकर, कुणाल अजमानी, बबलू मुंडा, डॉ मनोज कुमार, प्रोफेसर मुकुंद मेहता प्रोफेसर अरुण सिंह, अजय झा, गोविंद झा, अविनाश देव उपस्थित थे। प्रतियोगिता के सफल संचालन में एमपी सिंह,रमेश कुमार, मनोज कुमार शर्मा, शिव सागर, रोहित कुमार, कुणाल कुमार, प्रदीप तिर्की, उमेश दास, सुनील कच्छप, सहित सदस्य अहम भूमिका निभा रहे हैं। प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में तिलका मांझी वॉरियर्स ने शेख भिखारी को 19 अंको से पराजित किया। तिलकामांझी की टीम ने 62 अंक अर्जित किया वहीं से शेख भिखारी 43 अंक अर्जित किया।

### बोकारो डीसी ने पीड़ित युवती की सुनी फरियाद, कार्रवाई का दिया आदेश

# बेटियां खुद को कमजोर न समझें : अजयनाथ झा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बेटियां खुद को कमजोर न समझें। वे अपने अंदर आत्मविश्वास को बढ़ाएं। सफलता के लिए जीवन में तीन बातों का ध्यान रखें- गलत का विरोध करें एवं किसी भी काम को समर्पण के साथ करें और अनुशासित रहें। उक्त बातें डीसी अजय नाथ झा ने समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में न्याय को पहुंची एक बेटी का हौसला बढ़ाते हुए बोल रहे थे। उन्होंने बेटियों-महिलाओं को देश के नवनिर्माण में अपना योगदान देने की बात कहीं। उल्लेखनीय है कि जनता दरबार में पिंड्राजोरा थाना निवासी एक बेटी ने बरमसिया थाना निवासी एक युवक पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने और वर्तमान में शादी से इंकार करने को लेकर मामले में न्याय के लिए पहुंची थी। डीसी ने मामले में त्वरित संज्ञान लेते हुए चास एसडीपीओ को मामले की गंभीरता से जांच कर कार्रवाई करने एवं बाल संरक्षण इकाई को बेटी को संरक्षित करने व कौशल विकास के माध्यम से उसे किसी ट्रेड में प्रशिक्षित करने तथा आगे की पढ़ाई को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी को जरूरी दिशा-निर्देश दिया। कसमार प्रखंड के क्षेत्रनाथ प्लस टू उच्च विद्यालय हरनाद की व्यावसायिक शिक्षिका उर्मिला कुमारी ने जनता दरबार में अपनी बात रखीं। डीसी ने संज्ञान लेते हुए डीपीएलआर मेनका अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा को एक तिथि निर्धारित कर दोनों पक्षों की बात सुनने और प्रतिवेदन समर्पित करने को कहा। आयोजित जनता दरबार में झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों ने डीसी से मुलाकात की।मौके पर डीपीएलआर मेनका अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी, डीटीओ वंदना शेजवलकर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक निदेशक पीयूष, डीइओ जगरनाथ लोहरा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश सिंह व अन्य उपस्थित थे।

# वीडियो कॉल से जांची जायेगी शिक्षकों की उपस्थिति : डीसी दुमका

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** डीसी अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की बैठक की गई। उन्होंने शिक्षा विभाग एवं सर्व शिक्षा अभियान की मासिक समीक्षा करते हुए के ई विद्यावाहिनी में उपस्थिति नहीं बनाने वाले शिक्षकों के भौतिक सत्यापन कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी बीईओ को निर्देश दिया कि वे संबंधित विद्यालय में स्वयं जाकर उसकी वास्तविक स्थिति का प्रतिवेदन तैयार करेंगे। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि एक शेल का गठन कर प्रतिदिन विद्यालयों को एट रैंडम वीडियो कॉल कर शिक्षकों की वास्तविक उपस्थिति की जांच करवाएं। जो शिक्षक फोन नहीं उठाते या विद्यालय से अनुपस्थित पाए जाते हैं उन पर तत्काल कार्रवाई करें। उन्होंने मासिक पाठ्यक्रम मध्याह्न भोजन योजना पाठ्य पुस्तक साइकल वितरण कार्यक्रम की वास्तविक स्थिति विद्यार्थियों को फोन कर जांच कराने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि विद्यालय विकास मद में बहुत बड़ी राशि बिना उपयोग पड़ी हुई है इसके लिए आवश्यक बैठक कर बेंच डेस्क चहारदीवारी आदि मूलभूत सुविधाओं के निर्माण में इसका व्यय किया जाए स्थानीय विधायक चूंकि विद्यालय विकास समिति के सदस्य होते हैं अतः माननीय विधायकों से इस संबंध में पत्राचार करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि संबंधित कनीय अभियंता इस संबंध में प्राक्कलन तैयार कर लेंगे। तथा विकास कोष की राशि किस कार्य में व्यय किया गया है उसके पूर्व एवं बाद की स्थिति का फोटो सहित आवश्यक दस्तावेज समर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा उनकी पहली प्राथमिकता है इसलिए वे विद्यालयों का औचक निरीक्षण करेंगे। कार्यालयों में भी सभी आवश्यक दस्तावेज व्यवस्थित रूप से पाया जाना चाहिए। यदि किसी विद्यालय या कार्यालय में निरीक्षण के दौरान कोई गड़बड़ी पकड़ी गई तो वे तत्काल कार्रवाई करेंगे।

## एक नजर में

### 36 लाख टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य को सभी के सहयोग से पूरा करना है : पीओ



बेरमो। सीसीएल के ढोरी प्रक्षेत्र के एएडीओसीएम (अमलो) परियोजना मे शनिवार को खनन क्षेत्र में बेहतर काम करने के लिए डंपर और शावेल ऑपरेटरो ने परियोजना पदाधिकारी राजीव कुमार सिंह और मैनेजर मुनीनाथ सिंह को बुके देकर सम्मानित किया है। यह सम्मान कामगारों द्वारा अपने पदाधिकारी के उत्कृष्ट नेतृत्व और मार्गदर्शन को मान्यता देने के लिए दिया गया है, जिसके कारण खदान में काम सुचारू रूप चल रहा है। पीओ राजीव कुमार सिंह ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में 36 लाख टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य को सभी के सहयोग से पूरा करना है। जिसमें आउटसोर्सिंग पैच 23 लाख टन, डिपार्टमेंटल 10 लाख टन और हाईवाल माइनिंग के तहत नई तकनीक से इस वर्ष 3 लाख टन कोयला उत्पादन किया जाएगा। कहा कि लक्ष्य के अनुसार कोयले काउत्पादन और सम्प्रेषण करना है। कहा कि डीजीएमएस से हमें निरंतर सुरक्षा संबंधी मार्गदर्शन प्राप्त होता रहता है, सुरक्षा के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है और 'हम 'सुरक्षा प्रथम' के सिद्धांत के साथ आगे बढ़ रहे हैं। कहा कि विकसित भारत के लिए खनन क्षेत्र का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है और यह भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार स्तंभ है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा, उत्पादन, स्वास्थ्य एवं कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं। सम्मानित करने वाले मे राम प्रवेश, अजय नोनिया, मनोज पाणिग्रही, राजेश, फूली गोरा, मो अकबर, भुनेश्वर, भिखारी, रोहन, छोटन, युगेश, केदार, मेघलाल, बीरबल, सुधीर शामिल थे।

### अहमदाबाद विमान हादसे पर युवा व्यवसायी संघ फुसरो ने दी श्रद्धांजलि



फुसरो। अहमदाबाद में 12 जून को हुए भीषण विमान हादसे में घटना के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए युवा व्यवसायी संघ फुसरो के प्रधान कार्यालय में शनिवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में संघ के सदस्यों ने उपस्थित होकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। साथ ही, हादसे में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गयी। संघ के अध्यक्ष बैभव चौरसिया व कोषाध्यक्ष राकेश मालाकार ने कहा कि यह घटना हम सभी के लिए अत्यंत दुखद है। ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वे दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवारों को यह दुख सहने की शक्ति दें। मौके पर फुसरो नप के पूर्व पार्षद भरत बर्मा, विजय सिंह, जितेंद्र सिंह, संतोष भगत, गुडडू जैन, बिनय बरनवाल, कामता प्रसाद, मिथलेश कुमार, नारायण ठक्कर, बजरंगी गुप्ता, मुकेश पंडित, धमेंद्र बर्मा, रविंद्र कुमार आदि लोग मौजूद थे।

### पोडैय़ाहाट मे दो बच्चों की मां ने प्रेमी से की शादी



गोड्डा। पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के अमगाछी गांव मे जनार्दन यादव के पुत्र श्रवण यादव को छोड़कर आकाशी गांव निवासी हारू यादव की बेटी बालमुखी देवी पति के दो बच्चे मोहन कुमार यादव (10) वर्ष रेखा कुमारी (6) वर्ष को छोड़कर जिला के निपनियां गांव निवासी मगोडी यादव के पुत्र दिलीप यादव प्रेमी के साथ शादी कर ली है। इसके पुर्व ससुलाल के परिजनों एंव मायके के परिजनों ने प्रेमिका महिला को काफी देर तक थाना परिसर मे समझाया बुझाया लेकिन दो बच्चे की मां बालमुखी देवी एक ना सुनी और बार बार प्रेमी दिलीप यादव के साथ जिन्दगी बिताने का फैसला लिया और दोनों पक्ष से आए हुए लोगों के बनाये गये कागजात पर अपना हस्ताक्षर कर अंतिम निर्णय प्रेमी दिलीप यादव के साथ रहने का लिया। थाना परिसर मे दोनो बच्चे के साथ पति ससुराल के परिजन एंव मायके के माता पिता परिजन को छोडकर दिलीप यादव के साथ चली गई। जानकारी के अनुसार बालमुखी देवी के पति श्रवण यादव ने बीते दिन थाना मे आवेदन देकर आरोप लगाया था कि पत्नी दोनो बच्चे को छोडकर घर मे बीना बताये चार दिन से गायब है। जिसके बाद पुलिस कार्यवाही करते हुए दोनो प्रेमी जोड़े को निपनियां गांव से पकड़ कर लाया। जानकारी दोनों पक्ष के लोगों को दी गई। जानकारी मिलते ही दोनों पक्ष के लोग पंचायत मुखिया प्रतिनिधि के साथ ग्रामीणों को लेकर थाना पहुंचे। जहां प्रेमी जोड़े ने साथ में रहने का निर्णय लिया और चले गए। पूरे मामले को लेकर थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ मामला है। प्रेमी जोड़े बालिक है। दोनों ने साथ में रहने का निर्णय लेकर चले गए है।

### देहव्यापार मामले में होटल संचालक 72 घंटे बाद भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर

दुमका। देहव्यापार करने का मामला शहर के होटलों में छापेमारी कर जिला प्रशासन ने मामले का उजागर किया। मामले में प्राथमिकी दर्ज करने में पुलिस प्रशासन के पांच फूल रहे है। मामले में नगर थाना पुलिस 72 घंटे बाद भी मामला दर्ज कर आरोपी होटल संचालक को जेल नहीं भेज सकी है। शनिवार को देर शाम तक आरोपियों को पुलिस हिरासत में नगर थाना में रखी है। गुरूवार की देर शाम जिला प्रशासन ने होटलों में छापेमारी कर दो होटल संचालक समेत छह से सात देहव्यापार करने वाली युवतियों को हिरासत में लिया था। प्रशासन नगर पालिका चौक स्थित होटल मत्स्यगंधा एवं साकेत होटल में देह व्यापार के मामले में कार्रवाई करते हुए हिरासत में ली थी। प्रशासन एसडीओ कौशल कुमार के नेतृत्व में गठित प्रशासनिक टीम ने होटल में छापेमारी की। जिसमें प्रशासन होटल के कमरों में चार युवतियां को हिरासत में ली थी। साथ ही होटल रजिस्टर में केवल दो लोगों की एंट्री दर्ज थी। होटल के एक कमरे से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गई। छापेमारी को लेकर एसडीओ कौशल कुमार के अनुसार, यह कार्रवाई 15 जून को आयोजित एक परीक्षा से जुड़े पेपर लीक गिरोह की सूचना पर की गई। सूचना मिली थी कि यह गिरोह शहर के होटलों में ठहरा हुआ है। यहां बता दें कि छापेमारी व कार्रवाई के 72 घंटे बाद भी होटल संचालाको के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं की जा सकी। हलांकि युवतियां को पुलिस पहले ही छोड़ चुकी है। पुलिस होटल संचालक को हिरासत में लिए है। हिरासत में लिए होटल संचालक को 72 घंटे बाद भी जेल नहीं भेजने पर सवाल खड़ा कर रही है। मामले में थाना प्रभारी नंदकिशोर प्रसाद ने कुछ भी स्पष्ट बताने से इंकार करते हुए मामले में कार्रवाई की जा रही की बात कह टाल दिया है।

### विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में जिला बाल संरक्षण इकाई के कर्मियों ने किया रक्तदान



दुमका। विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य पर बाल संरक्षण के विभिन्न कर्मियों ने कुम्हारपाड़ा स्थित ग्लोकल ब्लड सेंटर में शनिवार को रक्तदान किया। ग्लोकल ब्लड सेंटर के संचालक मो वाजिद अंसारी ने सभी रक्तवीरों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि अपने जीवन में सभी को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में आयरन का संतुलन बना रहता है। ज्यादा आयरन जमा होने से हार्ट अटैक का खतरा बढ़ सकता है। साथ ही इससे ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल भी कंट्रोल में रहता है। जिससे हार्ट हेल्थ बेहतर होती है। रक्तदान करने वाले संप्रेक्षण गृह के अब्दुल गफ्फार, सुमित कुमार, संदीप कुमार, सुबोध कुमार सुमन, चाइल्ड हेल्पलाइन से मो शमीम अंसारी, मो इब्नुल हसन, पवन कुमार मंडल, बाल गृह (बालक) से संजू कुमार, दिनेश कुमार पासवान रक्तवीरों ने रक्तदान किया।

### किशोरियों को दी गयी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी



बोकारो/कसमार। सरकारी कल्याणकारी योजना से जुड़ाव तथा जेंडर समानता को लेकर के सहयोगिनी द्वारा कसमार प्रखंड के पोंडा पंचायत भवन में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान रिसोर्स पर्सन प्रकाश कुमार झा ने बताया कि किशोरियों तथा महिलाओं के लिए सरकार की बहुत सारी योजनाएं हैं जिसकी जानकारी सभी के पास होना चाहिए। सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ाव हेतु सभी दस्तावेजों को हमेशा अपडेट रखने की जरूरत है तथा ऑनलाइन तथा ऑफलाइन के माध्यम से आवेदन किया जाना है। इस दौरान सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना मुख्यमंत्री कन्यादान योजना स्कूली छात्रवृत्ति साइकिल वितरण योजना मैया सम्मान योजना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना गुरुजी क्रेडिट कार्ड मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना आदि की विस्तृत जानकारी दी गई तथा सभी योग्य लाभुकों को आवेदन की प्रक्रिया समझाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहयोगिनी की समन्वयक कुमारी किरण ने कहा कि लड़के-लड़कियों के बीच व्याप्त जेंडर विभेद को दूर करने के लिए सरकार की विभिन्न योजनाएं हैं जिस पर चरणबद्ध तरीके से लाभ प्राप्त किया जा सकता है। इस दौरान सहयोगिनी की मंजू देवी सीमा रजवार नीतू मुर्मू आदि उपस्थित थी।

## स्पीड न्यूज

### पोडैय़ाहाट मे महिला ने की आत्महत्या



गोड्डा। पोडैय़ाहाट थाना क्षेत्र के लत्ता संथाली टोला मे बीते शुक्रवार रात्रि बहामय किस्कू (26) वर्ष गांव निवासी महिला ने गमछा का फंदा बनाकर दादी के घर में ही आत्महत्या कर ली है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस शनिवार सुबह घटनास्थल पहुंची जहां देखा कि मृत महिला गमछा का फंदा बनाकर घर के धारण से लटकी हुई है जो कि मृतिका का दोनों पैर का गुठना जमीन से सटा हुआ है। इसके बाद पुलिस ने शव को उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आत्महत्या की घटना पर गांव के ग्रामीण ने आशंका जताया हैं कि महिला की हत्या कर फंदे से लटकाया गया है। मृतका की शादी राजाभीठा थाना क्षेत्र के बासजोरी गांव निवासी संजय मुर्मू के साथ लव मैरिज मंदिर में हुई थी। जिससे (8) वर्ष गोलू मुर्मू पुत्र है। मृतिका फिलहाल सरौनी बजार स्थित रानीडीह मे रहा करती थी। मृतका के पति मजदूरी करने के लिए बाहर गुजरात गए हुए है।

### बोकारो : नशीले पदार्थो के धंधेबाजों का गुर्गा चढ़ा पुलिस के हत्थे



बोकारो। बोकारो जिलान्तर्गत आर्या बिहार राजेन्द्र नगर क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर बोकारो पुलिस ने छापेमारी कर एक युवक को अवैध रूप से हेरोइन बेचते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक-मुख्यालय अनिमेष गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। गिरफ्तार युवक की पहचान मो सलीम अंसारी-पिता दिल मोहम्मद अंसारी निवासी-गौस नगर मखदुमपुर थाना बालीडीह बोकारो के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह मोटरसाइकिल से गौस नगर राजेन्द्र नगर आर्या बिहार मखदुमपुर हैसाबातु सिवनडीह आदि क्षेत्रों में स्थानीय युवकों को हेरोइन बेचता है। अभियुक्त के पास से 13 पुड़िया हेरोइन बरामद हुई। थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी से मिली जानकारी के आधार पर अन्य लोगों की संलिप्तता की जांच जारी है। छापामारी दल में डीएसपी-मु. अनिमेष गुप्ता पुनि नवीन कुमार सिंह थाना प्रभारी बालीडीह सहित थाना बालीडीह के कई पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में नशा कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। हांलाकि जिला के विभिन्न क्षेत्रों में नशे के विभिन्न उत्पादों के बिक्री की चर्चा है।

### एसवीएम-3सी में श्याम सुंदर जैन के निधन पर श्रद्धांजलि-सभा



बोकारो। सरस्वती विद्या मंदिर 3 सी के विशाल सभागार में स्व श्याम सुंदर जैन के निधन पर श्रद्धांजलि व शोक सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बोकारो महानगर के संघ चालक रंजीत बर्णवाल भारतीय संस्कृति ज्ञान मंदिर के अध्यक्ष अमोल लच्छीरामका सचिव सिद्धेश नारायण दास जी सरस्वती विद्या मंदिर 9 के अध्यक्ष अभय कुमार श्रीवास्तव 2ए सशिविमं के सचिव विपिन कुमार ठाकुर निरंजन कुमार सिंह सुधीर कुमार जीपी सिंह एवं 3सी विद्या मंदिर के प्राचार्य संजीव कुमार ने समाजसेवी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### गोड्डा डीसी ने आपूर्ति विभाग के कार्यों की समीक्षा कर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

# राशन वितरण में कम वजन, अधिक रेट लेने की सूचना पर होगी कड़ी करवाई

खबर मन्त्र संवाददाता



आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक में डीसी अंजली यादव

**गोड्डा।** समाहरणालय सभागार में डीसी अंजली यादव की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई।

उक्त बैठक में डीसी के द्वारा आपूर्ति विभाग से संबंधित विभिन्न एजेंडों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान डीसी ने एनएफएसए, ग्रीन कार्ड, आदिम जनजाति परिवार कल्याण योजना, किरासन, चीनी, नमक वितरण इत्यादि का प्रखंडवार समीक्षा करते हुए शत प्रतिशत योग्य लाभुकों को लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डीलरों के द्वारा राशन वितरण के दौरान कम वजन, कही अधिक रेट लेने तथा आमजनों के साथ दुर्व्यवहार करने की सूचना मिलेगी तो ऐसे डीलरों के खिलाफ त्वरित करवाई की जाएगी। सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेना लाभार्थियों का हक है और लाभ प्रदान करना हम सबकी जिम्मेदारी है।

आधार सिडिंग के सभी कार्यों को शत प्रतिशत पूर्ण किया जाए। डीसी ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया कि बिना स्लिप का कोई भी डीलर राशन वितरण ना करें। ऐसा करते हुए कोई डीलर मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

समीक्षा के क्रम में सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिए गए कि प्राथमिकता के तहत पीवीटीजी परिवारों को खाद्यान्न उपलब्ध कराना सुनिश्चित किए जाए साथ ही इसका ऑनलाइन करना भी सुनिश्चित करें। जिला आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि कि गोड्डा जिला अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में मुख्यमंत्री दाल भात केंद्र संचालित हैं।

जिनका लाभ लाभुकों को मिल रहा है। डीसी ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया कि दाल भात केंद्र का औचक निरीक्षण करते हुए जांच की जाए की केंद्रों का संचालन एवं साफ-सफाई सही तरीके से किया जा रहा है या नहीं। यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो ऐसे केंद्र पर कार्रवाई करना सुनिश्चित किए जाएं। बैठक के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह जिला नजारत उप समाहर्ता गोड्डा, श्रवण राम जिले के सभी एमओ, एजीएम, डीएसडी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर मौजूद रहे।

### मिथिला एकेडमी में पुस्तक लोकार्पण सह साहित्यिक समारोह आज

**बोकारो।** साहित्यलोक व मिथिला सांस्कृतिक परिषद के संयुक्त तत्वावधान में रविवार दिन में 10:30 बजे से मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल सेक्टर 4 के विद्यापति सभागार में आयोजित साहित्यिक समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार विजय शंकर मल्लिक सुधापति की तीन मैथिली पुस्तकों- कौटिल्यक अर्थशास्त्र-आचार्य चाणक्यक अवदान व प्रहरी पुरुष का लोकार्पण किया जायेगा साथ ही पुस्तकों की समीक्षा व कविता पाठ कार्यक्रम का आयोजन भी होगा। साहित्यलोक के संयोजक अमन कुमार झा व मिथिला सांस्कृतिक परिषद के सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक अरुण पाठक ने बताया कि इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भारतीय वन सेवा के अवकाश प्राप्त वरिष्ठ अधिकारी व साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त साहित्यकार कुमार मनीष अरविंद (रांची) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार हितनाथ झा (हजारीबाग) उपस्थित रहेंगे।

## नागरिक अधिकार मंच ने केंद्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** नागरिक अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष शशि भूषण ओझा मुकुल ने बोकारो हवाई अड्डा के अधूरे रह गए कार्यों को शीघ्र पूरा करा यहां से व्यवसायिक हवाई उड़ान जल्द प्रारंभ करने को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री सह पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा एवं केंद्रीय राज्य मंत्री सह सांसद रांची संजय सेठ से रांची स्थित उनके आवासीय कार्यालयों में मिलकर एक ज्ञापन दिया और आग्रह किया कि इस हवाई अड्डा का शिलान्यास उड़ान योजना के तहत वर्ष 2018 में किया गया था जिसे वर्ष 2022 तक बनकर तैयार होजाना था और हवाई उड़ान प्रारंभ हो जानी थी मगर राजनीतिक कुचक्र का शिकार होकर आजतक भी यह चालू नहीं हो पाया है । राज्य सरकार द्वारा कुछ छोटे छोटे कार्य आज भी अधूरे पड़े हुए हैं। साथही पर्यावरणीय प्रमाण पत्र भी प्रदान करना है जिसे वह वर्षों से जानबूझकर लटकाकर रखा है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा बने दसों वाचिंग टावरों को अब बदल कर बुलेट प्रूफ बनाना है पर आश्चर्य इस बात का है कि देश में किसी भी हवाई अड्डे में अभी तक कहीं भी बुलेट प्रूफ वाचिंग टावर नहीं बना है फिर बोकारो हवाई अड्डा को इसके लिए क्यों लटकाया जा रहा है-यह समझ से परे है। उपरोक्त विषयों पर अर्जुन मुंडा ने कहा कि बोकारो हवाई अड्डा के विषय में केंद्रीय उड्डयन मंत्री और एयर पोर्ट अथॉरिटी से बातें कर यहां से विमान परिचालन में आरही रुकावटों को जल्द दूर करने का आग्रह करेंगे। केंद्रीय राज्यमंत्री संजय सेठ ने ज्ञापन को अच्छी तरह पढ़ने के बाद वहीं से फोन कर निदेशक विमानपत्तन से बात कर सारी विषयों की जानकारी लिया तथा निर्देश दिया।

### नवगठित बोकारो एवं करगली क्षेत्रीय समिति का कथारा में हुआ सम्मान

# श्रमिकों के हितों की रक्षा होगी : दिगंबर महतो

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** पिछले दिनों लंबे अंतराल के बाद बोकारो एवं करगली क्षेत्र का राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय समिति का गठन सर्वसम्मति से किया गया है। जिसमें अध्यक्ष पद पर दिगंबर महतो और सचिव पद पर सुबोध सिंह पवार का चयन किया गया है। नई समिति की सूची जारी होने पर बेरमो कोयलांचल में मजदूरों के बीच हर्ष व्याप्त है। इसके आलोक में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन कथारा क्षेत्रीय कार्यालय सह मजदूर मसीहा स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह स्मृति भवन में अभिनंदन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन क्षेत्रीय अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह ने किया। नवनिर्वाचित क्षेत्रीय अध्यक्ष दिगंबर महतो ने कहा मजदूरों के सुख दुख का साथी बनेगा मजदूरों के अधिकार की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करने के लिए टीम भावना के साथ आगे बढ़ेंगे। अत्यधिक मजदूरों को संगठन से जोड़कर संगठन को मजबूत करने का प्रयास करूंगा। निर्वाचित क्षेत्रीय सचिव सुबोध सिंह पवार ने कहा यूनियन को तभी मजबूत किया जा सकता है जब मजदूरों का विश्वास जीता जा सके। अजय कुमार सिंह ने कहा कि पूरे देश के कोयला मजदूरों का भविष्य अनुप बाबू के नेतृत्व में सुरक्षित है संगठन द्वारा हमेशा श्रमिकों के अधिकार की रक्षा के लिए संगठन संघर्षरत है। नवगठित क्षेत्रीय समिति में कार्यकारी अध्यक्ष जयनाथ ताती प्रताप सिंह सहायक सचिव रोशन सिंह शिवनारायण गोप सुकुमारन अरूननजय सिंह अविनाश सिन्हा लाखन सिंह लोगों का पुष्प गुच्छा देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सीसीएल रीजनल कमेटी के संगठन सचिव वेदव्यास चौबे क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश शर्मा चंद्रशेखर प्रसाद सहसचिव आशीष चक्रवर्ती विजय यादव शिवपूजन सिंह महाप्रबंधक कार्यालय के सचिव मिश्रा, रणजीत सिंह कमलकांत सिंह शकील अहमद शब्बीर अंसारी बलराम गोप भीमसेंट लुईस तुलसी राय आनंद मांझी अरुण सिंह अमनदीप सिंह मंसूर खान श्रवन भीखम नसीम अख्तर गोपाल राम देवाशीष आश संतोष सिन्हा भुनेश्वर रवानी नरेश रविदास सुजीत मिश्रा बिंदु चंद हेमराम रामकुमार मिश्र संतोष राम गोड सहित दर्जनों लोग शामिल थे। धन्यवाद ज्ञापन क्षेत्रीय सहायक सचिव विजय यादव ने किया।

# गोमिया का एक और व्यक्ति चढ़ा पलायन की भेंट

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोमिया।** थाना क्षेत्र के स्वांग महावीर स्थान निवासी 45 वर्षीय रिजवान हुसैन की मलेशिया में संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत हो गई थी। 14 दिन बाद शनिवार को उनका शव पैतृक गांव पहुंचा। शव के पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी खुसीर्दा बानो और पुत्र अरबाज हुसैन दहाड़ मारकर रोने लगे। मोहल्ले के सैकड़ों लोग मौके पर पहुंचे और शोकसंतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। शव को शुक्रवार की रात मलेशिया से फ्लाइट द्वारा कोलकाता लाया गया, जहां से सड़क मार्ग से एम्बुलेंस द्वारा शव को गोमिया स्थित उनके आवास लाया गया। शनिवार शाम को पुराना माइनस के कब्रिस्तान में मृतक को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। परिजनों ने बताया कि मंत्री सह गोमिया विधायक योगेंद्र प्रसाद के प्रयास से ही शव को भारत लाना संभव हो सका। मृतक की पत्नी ने मंत्री को पत्र लिखकर सहायता की अपील की थी। मंत्री ने विदेश मंत्रालय से संपर्क कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करवाई। परिजनों ने उनके प्रति आभार जताया। गौरतलब है कि परिवार को 2 जून की सुबह सूचना मिली कि रिजवान हुसैन का शव मलेशिया में एक पेड़ से लटका हुआ मिला है। परिजनों ने इसे संदेहास्पद बताते हुए भारत सरकार से मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। रिजवान पिछले आठ वर्षों से मलेशिया में काम कर रहे थे और परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। शव पहुंचने पर भारी भीड़, मुआवजे की मांग किया है। रिजवान के अंतिम दर्शन को भारी संख्या में लोग उमड़े। मौके पर मुखिया विनोद विश्वकर्मा, मो मुमताज, अरविंद सिन्हा, मो जसीम, मो साबिर, मो शहजादा, हसनैन गनी, हाजी फजले गनी, मो कल्लू, मो मजहर, मो मुस्तकीम, मौलाना हसमत रजा, मो मुबारक, पूर्व उप मुखिया मो इम्तियाज, मो असलम, मो जालिम सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

# गोड्डा : विश्व रक्तदान दिवस पर 31 यूनिट रक्त का हुआ संग्रह

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** विश्व रक्तदान दिवस पर जिला मुख्यालय सहित विभिन्न जगहों पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में कुल 31 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। वहीं सुंदरपहाड़ी के टेरी मिशन की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर में 19 दाताओं ने रक्तदान किए। सदर अस्पताल स्थित रक्त अधिकोष में इंडियन रेड क्रास सोसाइटी की जिला इकाई की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर में बतौर मुख्य अतिथि एसडीओ बैद्यनाथ उरांव ने कहा कि रक्तदान महादान है। इससे बढ़कर कोई दान नहीं होता है। रक्तदाता के एक यूनिट रक्त से किसी गंभीर मरीज की जान बचाई जा सकती है। आज रक्तदान दिवस पर इसकी सार्थकता बढ़ जाती है। रेडक्रास की ओर से सतत इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। उन्होंने इस पुनित कार्यों में बढ चढ़कर भाग लेने व जागरुकता पैदा करने का आह्वान किया। मौके पर रेड क्रास सोसाइटी के मुकेश गाड़िया, संजीव टेकरीवाल, शूरू इरफानी, राजेश कुमार झा सहित 12 गणमान्यों ने रक्तदान किया। रक्तदान प्रक्रिया में मिलन नाग, राजेश सहित अन्य सहयोगी का योगदान रहा।

## स्पीड न्यूज

### भविष्य के युद्ध की तैयारी में जुटी सेना

**जैसलमेर।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सेना भविष्य के युद्ध की तैयारी में जुट गयी है, इसी क्रम में सेना अपनी मारक क्षमता को और मजबूत करने एवं भविष्य की चुनौतियों के मद्देनजर छोटे-छोटे महत्वपूर्ण सैन्य अभ्यास कर रही है। सैन्य सूत्रों ने शनिवार को बताया कि भारतीय सेना के बेटल एक्स डिवीजन ने राजस्थान के तपते रेगिस्तान में फ्यूचर रेडी विषय पर आधारित एक बेहद अहम सैन्य अभ्यास किया। इसमें अभियानोन्मुखी प्रशिक्षण, अत्याधुनिक हथियारों और तकनीकी प्रणालियों का समावेश करके रेगिस्तानी युद्ध की संभावनाओं पर गंभीरता से काम किया गया।

### इजरायल में एयर रेड अलर्ट घोषित

**यरुशलम।** इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शनिवार को कहा कि ईरानी ड्रोन हमले के कारण देश के कई क्षेत्रों में एयर रेड अलर्ट घोषित किया गया है। आईडीएफ ने शनिवार को कहा कि ईरान से इजराइल की ओर भेजे गये मानव रहित ड्रोन (यूएवी) की पहचान के बाद इजरायल के कई क्षेत्रों में सायरन बजने लगे। देश की वायु सेना ड्रोन हमले को रोकने और खतरे को टालने के लिए काम कर रही है। लोगों को होम फ्रंट कमांड के निर्देशों का पालन करने के लिए कहा गया है।

### मणिपुर के हथियारों का जखीरा बरामद

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस और सुरक्षा बलों ने इंफाल वेस्ट, इंफाल ईस्ट, थौबल, बिष्णुपुर और काकचिंग जिलों में एक ऑपरेशन चलाया और इस दौरान 328 हथियार बरामद किये। पुलिस ने शनिवार को बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस, सीएपीएफ और सेना की संयुक्त टीमों ने गुरुवार और शुक्रवार को पांच जिलों के बाहरी इलाकों में अलग-अलग स्थानों पर संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। उस दौरान, एसएलआर और इंसास राइफलें, पांच कार्बाइन बंदूकें, पांच एमपी5 बंदूकें, दो एलएमजी और 12 एके राइफलें बरामद की गयीं।

### देश में कोरोना से नौ मरीजों की मौत

**नयी दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण से नौ और मरीजों की मौत होने से इस वायरस से मरने वालों की कुल संख्या 87 हो गयी और 269 सक्रिय मामले बढ़ने के साथ कुल सक्रिय मामले 7400 हो गये हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में महाराष्ट्र में कोराना से चार, केरल में तीन और राजस्थान और तमिलनाडु में एक-एक मरीज की मौत हो गयी है।

# तबाह हो जायेगा तेहरान

## ईरान के हमले में तीन इजरायली की मौत, रक्षा मंत्री ने दी चेतावनी

एजेंसी

**दुबई।** ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष की लपटें भयानक रूप ले रहीं हैं। ईरान ने शनिवार सुबह इजरायल पर जवाबी मिसाइल हमले किए, जिसमें तीन लोग मारे गए और दर्जनों जख्मी हुए। इससे पहले इजरायल ने ईरान के न्यूक्लियर ठिकाने और ईरानी सेना पर हमले किए थे। इजरायल का दावा है कि उसने ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकने के लिए ऐसा कदम उठाया था। दोनों मुल्कों के बीच इस संघर्ष ने दुनिया भर में चिंता बढ़ा दी है। इजरायल ने अपने हमलों में जंगी जहाजों और पहले से तैनात ड्रोनों का इस्तेमाल किया। उसने ईरान के बड़े जनरलों और नेताओं को निशाना बनाया। दूसरी तरफ, ईरान ने इजरायल पर करीब 200 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जिनमें से ज्यादातर को इजरायल की एयर डिफेंस ने रोक लिया। इसके बावजूद, कुछ मिसाइलें तेल अवीव और यरूशलम में गिरीं, जिससे नुकसान हुआ। इजराइल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने हमलों के बीच ईरान को सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा, अगर ईरान ने इजरायल पर मिसाइलें दागीं तो तेहरान आग में जलेगा। ईरान का




तानाशाह अपने लोगों को बंधक बना रहा, खासकर तेहरान के बाशिंदों को भारी कीमत चुकानी होगी। काट्ज ने यह बयान आइडीएफ चीफ ऑफ स्टाफ, मोसाद के निदेशक और दूसरे बड़े अफसरों के साथ बैठक के बाद दिया। तेल अवीव के बेलिन्सन अस्पताल के मुताबिक, ईरान की मिसाइल से एक महिला की मौत हो गई। इसके बाद इस हमले में मरने वालों की संख्या तीन हो गई। अस्पताल ने सात जख्मी लोगों का इलाज भी किया। इजरायल की फायर सर्विस ने बताया कि एक मिसाइल ने तेल अवीव में इमारत को नुकसान पहुंचाया। मगन डेविड एडम पैरामेडिक सर्विस ने कहा कि मध्य इजरायल में एक मिसाइल हमले में दो लोग मारे गए और 19 जख्मी हुए।

### ईरान के परमाणु संयंत्र को नुकसान

**तेहरान।** ईरान ने स्वीकार किया है कि इजरायल के हाल ही में हुए हमले में उसके फोर्डो परमाणु संयंत्र को नुकसान पहुंचा है। ईरान की अर्द्धसरकारी समाचार एजेंसी आइएसएनए ने देश के परमाणु ऊर्जा संगठन के प्रवक्ता के हवाले से यह जानकारी दी है। ईरान के सरकारी मीडिया के अनुसार, आईडीएफ ने शुक्रवार शाम को कोम के उत्तर-पूर्व में स्थित ईरान को फोर्डो परमामु संयंत्र को निशाना बनाया था। इजरायल ने अपने हमले में ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े 9 वरिष्ठ वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों को मार दिया है। आइडीएफ ने शनिवार दोपहर को इसकी पुष्टि की है। मारे गए वैज्ञानिकों में परमाणु इंजीनियरिंग के विशेषज्ञ फेरेदून अब्बासी और अहमद रजा जोलफागरी दरयानी, रासायनिक इंजीनियरिंग के एक्सपर्ट मोटालेबी जादेह, सईद बरजी, भौतिकी विशेषज्ञ मो. महदी तेहरानसी, मंसूरी असगरी और अमीर हसन फखाही के साथ ही भौतिकी एक्सपर्ट अब्द अल-हामिद मिनौशहर और मैकेनिक एक्सपर्ट अली बखौई कटिरीमी शामिल हैं।

### हतामी बने ईरान की सेना का मुख्य कमांडर

**तेहरान।** ईरान के कमांडर-इन-चीफ अयातुल्ला सैय्यद अली खामेनेई ने देश के सैन्य नेतृत्व के पुनर्गठन के लिए प्रमुख नियुक्तियों की घोषणा की है। मेजर जनरल आमिर हतामी को इस्लामी गणतंत्र ईरान की सेना का मुख्य कमांडर नियुक्त किया गया है। हातमी इससे पहले 2013 से 2021 तक ईरान के रक्षा मंत्री भी रह चुके हैं। इरना ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि अपने आधिकारिक आदेश में खामेनेई ने हातमी के समर्पण, क्षमता और अनुभव की प्रशंसा की और उनके नेतृत्व में परिवर्तनकारी और क्रांतिकारी दृष्टिकोण का आह्वान किया। ईरान के पूर्व सशस्त्र सेना प्रमुखजनरल मोहम्मद हुसैन बाघेरी की हत्या के बाद ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई ने मेजर जनरल सैय्यद अब्दुलरहीम मौसवी को उनका उत्तराधिकारी नियुक्त किया है। एक्स पर एक पोस्ट में खामेनेई ने लिखा, ₹इजरायल के हाथों लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद हुसैन बाघेरी की शहादत को देखते हुए और मेजर जनरल सैय्यद अब्दुलरहीम मौसवी की सराहनीय सेवाओं और मूल्यवान अनुभव के मद्देनजर, मैं उन्हें सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में नियुक्त करता हूं।




# कार्तिकेय शर्मा बने पटना के एसएसपी

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** राज्य सरकार ने डेढ़ दर्जन आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। पटना के साथ जहानाबाद, जमुई, समस्तीपुर, पूर्णिया और सुपौल जिले के एसपी बदल दिए गए हैं। मुजफ्फरपुर को भी नया नगर और ग्रामीण एसपी मिला है। अवकाश कुमार को पटना एसएसपी के पद से हटाते हुए बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-1, पटना का समादेष्टा बनाया गया है। पूर्णिया के एसपी

### बिहार में डेढ़ दर्जन आईपीएस अधिकारियों का स्थानांतरण

रहे कार्तिकेय के शर्मा को पटना का नया एसएसपी बनाया गया है। गृह विभाग ने शनिवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। विशेष शाखा के एसपी विनीत कुमार को जहानाबाद का नया एसपी बनाया गया है। मुजफ्फरपुर के सिटी एसपी रहे विश्वजीत दयाल को जमुई, जहानाबाद के एसपी अरविंद प्रताप सिंह को समस्तीपुर, पटना मध्य की एसपी स्वीटी सहरावत को पूर्णिया और पटना पश्चिम के एसपी सरथ आरएस को सुपौल का नया एसपी बनाया गया है। सीआईडी के एसपी चंद्रशेखर प्रसाद को पटना के विधि-व्यवसथा एसपी की जिम्मेदारी मिली है। अभी तक समस्तीपुर के एसपी रहे अशोक मिश्रा को विशेष शाखा, सुपौल एसपी रहे शैशव यादव को एआईजी आधुनिकीकरण, मुजफ्फरपुर के ग्रामीण एसपी विद्या सागर को ईआरएसएस (डायल-112) के एसपी का कार्यभार मिला है।

### एसबीआई का होम लोन 0.50 फीसदी हुआ सस्ता

**नयी दिल्ली।** आरबीआई के नीतिगत दर रेपो रेट में संशोधन के करने के बाद कई बैंकों ने अपने लेंडिंग रेट में कटौती की है। इसी कड़ी में देश एवं सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक, एसबीआई ने अपनी प्रमुख लोन दरों में 0.50 फीसदी तक की कटौती की है। नई दरें 15 जून से लागू होंगी। स्टेट बैंक ने शनिवार को बताया कि लोन की ब्याज दरों में 0.50 फीसदी तक की कटौती की गई है। इस कटौती के बाद एसबीआई से सभी तरह के लोन लेना अब सस्ता हो जाएगा।

# सेना को मिले 419 जांबाज अफसर

## देहरादून आईएमए में 451 कैडेटों ने अंतिम पग किया पार

एजेंसी

**देहरादून।** भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में गहन प्रशिक्षण लेने वाले 451 जांबाज कैडेट शनिवार को पास आउट हो गए। पासिंग आउट परेड (पीओपी) में अंतिम पग पार करते ही 419 अफसर भारतीय सेना का हिस्सा बन गए। इसके साथ ही 32 विदेशी कैडेट भी पास आउट हुए।

समारोह के मुख्य अतिथि श्रीलंका सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल बीकेजीएम लसंथा रोड्रिगो ने बतौर रिव्यूइंग अफसर परेड की सलामी ली। आईएमए के चेटवुड बिल्डिंग के ड्रिल स्क्वॉयर में सुबह 156वीं पासिंग में आर्मी बैंड की



धुन पर एडवांस कॉल के साथ ही छाती ताने देश के भावी कर्णधार हौसले के साथ 156 नियमित पाठ्यक्रम, 45 तकनीकी प्रवेश योजना और 139 तकनीकी स्नातक पाठ्यक्रम, विशेष कमीशन अधिकारी (एससीओ-54) के कुल 452 कैडेट कदमताल के साथ परेड के लिए पहुंचे। कंपनी सार्जेंट मेजर ने ड्रिल स्क्वायर पर अपनी-अपनी जगह ली। इसके बाद परेड कमांडर ने ड्रिल स्क्वायर पर जगह ली। मार्कर्स कॉल के साथ परेड का आगाज हुआ। कैडेट्स के शानदार मार्चपास्ट से दर्शक दीर्घा में बैठा हर एक शख्स मंत्रमुग्ध हो गया। एक साथ उठते कदम और गर्व से तने सीने दर्शक दीर्घा में बैठे हरेक शख्स के भीतर ऊर्जा का संचार कर रहे थे।

परेड के उपरांत आयोजित पीपिंग व ओथ सेरेमनी के बाद 451 जेंटलमैन कैडेट्स बतौर लेफ्टिनेंट देश-विदेश की सेना का अभिन्न अंग बन गए। इनमें 419 युवा सैन्य अधिकारी भारतीय थल सेना को मिले। नौ मित्र राष्ट्र के 32 कैडेट्स भी पास आउट हुए। इस मौके पर सेना के हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई।







